# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

बुधवार, 27 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 231, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 849 अंकों की गिरावट

शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया। } 14

## सीमा पर साजिश के तहत हो रहा जनसांख्यिकीय में परिवर्तन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक सोची समझी साजिश के तहत हो रहा है और वे देश और इसकी सीमाओं की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करते हैं। } 16



## आईएनएस उदयगिरि व हिमगिरि नौसेना में शामिल

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम में किया जलावतरण





एजेंसी

विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को यहां भारतीय नौसेना की पूर्वी नौसेना कमान में दो बहुउद्देशीय स्टील्थ फ्रिगेट, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि को शामिल किया।

उदयगिरि और हिमगिरि भारतीय नौसेना की नवीनतम अत्याधुनिक प्रोजेक्ट 17ए के तहत बने हैं और इनका जलावतरण ऐसा पहला अवसर है जब दो अलग-अलग शिपयार्ड में निर्मित अग्रिम पंक्ति के दो जंगी पोतों को एक साथ जलावतरण समारोह में शामिल किया गया। यह घटनाक्रम भारत के पूर्वी तट के बढ़ते समुद्री महत्व को रेखांकित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## माता वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन, पांच की मौत

○ 14 अन्य घायल, कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका ○ 18 ट्रेनें रद्द ○ तीर्थस्थल तक यात्रा स्थगित

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बारिश की वजह से रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर मंगलवार अपराह्न भूस्खलन हुआ जिसकी चपेट में आने से कम से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 14 अन्य घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वहीं दूसरी ओर जम्मू क्षेत्र में भारी बारिश के कारण उत्तर रेलवे ने मंगलवार को कटरा, उधमपुर और जम्मू रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाली 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू क्षेत्र में सोमवार रात से लगातार हो रही बारिश को दशकों में सबसे भारी बारिश... शेष पृष्ठ 14 पर





## यूपी में बारिश से 22 जिले प्रभावित, ढाई लाख लोगों को सरकार ने पहुंचायी मदद

लखनऊ। एक बार फिर पहाड़ों और मैदानी इलाकों में लगातार मूसलाधार बारिश से प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का पानी बढ़ने लगा है। ऐसे में सीएम योगी ने तत्काल मामले की गंभीरता को भांपते हुए अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी व्यक्ति बाढ़ की समस्या से परेशान न हो, इसके पुख्ता इंतजाम किये जाएं। साथ ही बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर तत्काल शिफ्ट किया जाए। मवेशियों के लिए भी विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। वर्तमान में प्रदेश के 22 जिले बाढ़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### यूपी : चार आईपीएस के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मंगलवार की दोपहर चार आईपीएस अफसरों के तबादले किये गए जबकि एक आईपीएस को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिसमें एमके बशाल को डीजी होमगार्ड उप्र लखनऊ, जय नारायन सिंह को एडीजी उप्र पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड लखनऊ, प्रशांत कुमार द्वितीय को एडीजी प्रशासन के साथ एडीजी पीएचक्यू का अतिरिक्त प्रभार, उपेन्द्र कुमार अग्रवाल को आईजी अभिसूचना मुख्यालय उप्र लखनऊ और सतेन्द्र कुमार को डीआईजी पीएसी अनुभाग आगरा के पद पर भेजा गया है।

### आज से लागू होगा ट्रंप का 25 प्रतिशत टैरिफ

नयी दिल्ली। अमेरिका ने 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू करने की योजना का विवरण देते हुए एक मसौदा नोटिस जारी किया है, जिससे अमेरिका को भारत के 48 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के निर्यात पर असर पड़ेगा। अमेरिकी बाजार में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर वर्तमान में 25 प्रतिशत शुल्क पहले से ही लागू है। रूसी कच्चे तेल और सैन्य उपकरणों की खरीद के कारण 27 अगस्त से 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया जा रहा है। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी मसौदा आदेश में कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क उन भारतीय उत्पादों पर लागू होगा जिन्हें 27 अगस्त, 2025 को ईस्टर्न डेलाइट टाइम (ईडीटी) के अनुसार रात 12 बजकर एक मिनट या उसके बाद उपभोग के लिए (देश में) लाया गया है या गोदाम से निकाला गया है। बशर्ते कि उन्हें देश में उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई हो या 17 सितंबर, 2025 को 12:01 बजे (ईडीटी) से पहले उपभोग के लिए गोदाम से बाहर ले जाया गया हो और आयातक ने एक विशेष कोड घोषित करके अमेरिकी सीमा शुल्क को यह प्रमाणित किया हो।

# यूपी के युवाओं को मिलेगी न्यूनतम वेतन की गारंटी

○ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में रोजगार महाकुंभ का किया शुभारंभ ○ नियुक्ति देने वाली कंपनियों के अतिरिक्त चार्जेज वहन करेगी सरकार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कार्य करने वाले प्रत्येक युवा को न्यूनतम वेतन की गारंटी दी जाएगी। कोई भी कंपनी या नियुक्ता कर्मचारी का शोषण नहीं कर पाएगा। नियुक्ति देने वाली कंपनियां अपने कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करेंगी, जबकि इसके अतिरिक्त चार्जेज की जिम्मेदारी सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि यह व्यवस्था युवाओं को सम्मानजनक रोजगार, नौकरी की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य बन रहा है, जहां काम करने वाले हर युवा को न्यूनतम मजदूरी और न्यूनतम वेतन की गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को अपार ऊर्जा का स्रोत बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी युवा आबादी इस राज्य के लिए सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग देश-दुनिया में हो रही है, और जो प्रदेश कभी रोजगार के लिए पलायन का दंश झेलता था, आज वही रोजगार उपलब्ध करा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी पूरा-का-पूरा गांव रोजगार के लिए प्रदेश छोड़कर पलायन करता था, लेकिन आज वही उत्तर प्रदेश अपने भीतर ही रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है। यह परिवर्तन बीते 8 वर्षों में हुए सुनियोजित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज यूपी की प्रतिभा की मांग केवल देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार और विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार काम मिलना जरूरी है। जहां अवसर मिला, वहां इन युवाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर



## इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का हब बनेगा उप्र

विशेष संवाददाता

○ 8 वर्षों में औद्योगिक विकास में लगायी ऐतिहासिक छलांग
○ केंद्र की ईसीएमएस स्कीम के साथ टॉप-अप देगी सरकार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल सेंटर बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 लागू करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस संबंध में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री ने आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा तैयार प्रस्तावित नीति पर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे तेजी से उभरता क्षेत्र है। आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी लगभग 60% है। अपार संभावनाओं वाले इस सेक्टर का लाभ उत्तर प्रदेश को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश ने औद्योगिक विकास की दिशा में ऐतिहासिक प्रगति की है। अब समय है कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भी वैश्विक मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाए। यह नीति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के संकल्प को मजबूती देने के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2014-15 में देश में जहां मात्र 1.9 लाख करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनते थे, वहीं 2024-25 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आप नेता सौरभ भारद्वाज के ठिकानों पर ईडी छापा

नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली की आम आदमी पार्टी की पिछली सरकार के दौरान स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन जांच के तहत पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज एवं कुछ अन्य निजी कंपनियों के परिसरों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भारद्वाज एवं अन्य के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कम से कम 13 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। इनमें दक्षिण दिल्ली स्थित भारद्वाज का घर और केजी मार्ग तथा पश्चिम पटेल नगर स्थित कुछ निजी ठेकेदारों और वाणिज्यिक रियल एस्टेट डेवलपर्स के आवास एवं कार्यालय शामिल हैं। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता भारद्वाज (45) के खिलाफ ईडी की जांच जून में दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी से सामने आई है। एसीबी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप सरकार द्वारा स्वास्थ्य अवसंरचना ...शेष पृष्ठ 14 पर

## स्वदेशी हर किसी के जीवन का मंत्र होना चाहिए : मोदी

### प्रधानमंत्री ने गुजरात में मारुति सुजुकी के इलेक्ट्रिक वाहन संयंत्र का किया उद्घाटन

एजेंसी

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि स्वदेशी हर किसी का जीवन मंत्र होना चाहिए। मोदी ने साथ ही कहा कि उनकी सरकार की मेक इन इंडिया पहल ने वैश्विक एवं घरेलू दोनों विनिर्माताओं के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है।

उन्होंने कहा कि स्वदेशी की उनकी परिभाषा सरल है। प्रधानमंत्री ने कहा मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पैसा किसका लगा है, डॉलर है या पाउंड. या वह मुद्रा काली है या सफेद। बस उस पैसे से जो भी उत्पादन हो, उसमें मेरे देशवासियों का पसीना होना चाहिए। गुजरात के हंसलपुर विनिर्माण संयंत्र से मारुति सुजुकी के पहले इलेक्ट्रिक वाहन ई-विटारा को मंगलवार को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाएगी। मोदी ने लोगों से केवल स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया और कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि निवेश कौन करता है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि उत्पाद बनाने में भारतीयों की कड़ी मेहनत हो। उन्होंने कहा कि इस तरह मारुति सुजुकी भी एक स्वदेशी कंपनी है। प्रधानमंत्री ने कहा स्वदेशी हमारे जीवन का मंत्र बन जाना चाहिए। आइए, स्वदेशी को गर्व से अपनाएं। जापान में जो चीजे यहां बनेंगी, वे भी स्वदेशी होंगी। उन्होंने कहा स्वदेशी की मेरी परिभाषा बहुत सरल है। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि किसका पैसा निवेश किया गया है, चाहे वह डॉलर हो या पाउंड, या वह मुद्रा काली है या सफेद। बस उस पैसे से जो भी उत्पादन किया जाए, उसमें मेरे देशवासियों का पसीना होना चाहिए। उन उत्पादों में मेरे देश की मिट्टी की खुशबू होनी चाहिए। भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाने के अपने संकल्प का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों से देश ...शेष पृष्ठ 14 पर



## नशे से दूर रहें उत्तराखण्ड के युवा : धामी

### प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को करेंगे मजबूत

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए धामी सरकार स्कूलों, कालेजों में व्यापक स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित करेगी और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। सीएम धामी ने निर्देशित किया है कि पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा और समाज कल्याण विभाग प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें।

यह निर्णय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए अधिकारियों को सख्त और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रग्स फ्री उत्तराखंड केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित और सशक्त बनाने का संकल्प है। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को और अधिक सशक्त बनाएगी। आवश्यकता पड़ने पर इसमें नए पदों का सृजन भी किया जाएगा ताकि अभियान को गति मिल सके और ड्रग्स माफियाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाई जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन से जुड़े मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम ने कहा कि आमजन को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस (1933) का प्रचार-प्रसार बड़े पैमाने पर किया जाए ताकि कोई भी नागरिक गुप्त रूप से शिकायत दर्ज करा सके और पुलिस समय पर कार्रवाई कर सके। सीएम धामी ने विशेष रूप से कहा कि सीमावर्ती जिलों में सतर्कता बढ़ाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि बाहरी राज्यों से ड्रग्स की सप्लाई उत्तराखंड में ...शेष पृष्ठ 14 पर





आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 31.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


○ 2,425 मुख्य सेविकाओं सीएम आज देंगे नियुक्तिपत्र (पृष्ठ-03)
○ संविधान के साथ मेरी यात्रा जारी रहेगी : रेड्डी (पृष्ठ-03)
○ रुपया छह पैसे गिरकर 87.68 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
○ सोना 600 चढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम (पृष्ठ-14)
○ बिहार नयी नीति के तहत निवेशकों को मुफ्त जमीन (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — बीबीडी परिसर में देश के प्रसिद्ध कलाकार देंगे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

## बीबीडी परिसर में चार दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारम्भ आज से

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। श्री सिद्धि गणेश मंदिर समिति तथा बाबू बनारसी दास शिक्षण समूह द्वारा विगत वर्षों की भांति इस बार भी बीबीडी शैक्षणिक परिसर, अयोध्या रोड, न्यू गोमती नगर पर श्री गणेश महोत्सव-2025 का आयोजन दिनांक 27 अगस्त से 30 अगस्त 2025 तक आयोजित होगा। जिसमें 27 अगस्त को प्रातः 9 बजे शुभ मुहूर्त में मूर्ति स्थापना होगी। महोत्सव के दौरान बीबीडी परिसर में देश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जायेगी। महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ सायंकाल 6:00 बजे से रात्रि 8:30 तक चलेगा।

महोत्सव के पहले दिन 27 अगस्त को पद्मश्री श्रीमती मालिनी अवस्थी द्वारा लोक संगीत व भजन की शानदार प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 28 अगस्त को सुप्रसिद्ध गायिका श्रीमती मालविका हरिओम की विविध प्रस्तुतियां होंगी। 29 अगस्त को बीबीडी शिक्षण समूह के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक, सामाजिक व श्री गणेश चतुर्थी पर्व के विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। 30 अगस्त को श्री वायलेंट ग्रुप द्वारा देश के विख्यात शानदार गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। 31 अगस्त 2025 को पूर्ण विधि-विधान द्वारा प्रतिमा का विसर्जन तय समय पर किया जायेगा।

महोत्सव में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास श्री गणेश महोत्सव में प्रतिदिन सम्मिलित रहेंगे। बीबीडी परिसर में आयोजित होने वाले श्री गणेश महोत्सव में छात्र-छात्राओं के ही नहीं, आस-पास के गांवों के लोगों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र होता है। हर साल हजारों की तादाद में ग्रामीण इस कार्यक्रम का आनंद उठाते हैं। लोगों को इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार रहता है।




## सड़क हादसों में दो की मौत, 50 लोग घायल

विशेष संवाददाता

○ इटावा में हाईटेंशन तार की चपेट में आया युवक जिंदा जला

लखनऊ। बाराबंकी, कुशीनगर मथुरा और इटावा में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 50 लोग घायल हो गए। बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर मंगलवार को दोपहर 1 बजे अवस्थी ढाबा के पास रोडवेज बस ने श्रद्धालुओं की पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में 24 श्रद्धालु घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद पिकअप अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे खाई में पलट जाने से इसमें सवार बाराबंकी व सीतापुर के 24 श्रद्धालु घायल हो गए। इनमें से छह को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। ये सभी श्रद्धालु गोंडा स्थित दुख हरन नाथ महादेव मंदिर में दर्शन-पूजा कर वापस अपने घर लौट रहे थे। वहीं, कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र में श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस और ट्रक के बीच टक्कर होने से बस चालक की मौत हो गई तथा 20 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सोमवार की रात बिहार राज्य के मोतिहारी जिले के रहने वाले श्रद्धालु बस से अजमेर शरीफ जा रहे थे। हाटा क्षेत्र में जोलनिया कट के पास एक ढाबे पर रुकने के बाद बस राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 20 ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कार्यालय-आदर्श नगर पालिका परिषद बांसी, सिद्धार्थनगर

## स्वतंत्रतता दिवस

## रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी

## के शुभ अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**डा. राजा गणपति आर**
जिलाधिकारी

**बलराम सिंह**
मुख्य विकास अधिकारी

**डा.अभिषेक महाजन**
पुलिस अधीक्षक

**गौरव श्रीवास्तव**
अपर जिलाधिकारी

**शशांक शेखर राय**
उपजिलाधिकारी

### नगर पालिका परिषद बांसी द्वारा कराये गये महत्वपूर्ण कार्य

1. मो. इन्दिरा नगर में हनुमानगढ़ी से एस. के. गैरज हाल तक सी.सी. रोड का निमार्ण कार्य।
2. आजाद चौक का नामकरण एवं चन्द्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा की स्थापना ।
3. राप्तीनगर में सी.ओ. आवास के सामने से काली मन्दिर तक इण्टरलाकिंग का निमार्ण कार्य ।
4. शास्त्रीनगर में पनघटिया बाघ से नलकूप कार्यालय तक इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य ।
5. आजादनगर में राम जानकी मन्दिर से सी.डी.पी.ओ. कार्यालय तक पिच रोड निमार्ण कार्य ।
6. मो. अशोक नगर के तहसील परिसर में वाटर कूलर की स्थापना एंव चार स्थलों पर कार्य प्रगति पर है।
7. निराला नगर में पम्प हाउस का निर्माण कार्य ।
8. आजाद नगर में जगदीश के घर से पुलिया तक पिच रोड का निर्माण कार्य ।
9. मो. आजाद नगर में बहबोल में अजहर के घर से मुस्तकीम के घर तक पिच रोड का निर्माण कार्य ।
10. आजादनगर वार्ड शीतलगंज में आजाद पोखरा सुदंरीकरण कार्य।
11. राप्ती नदी उत्तरी छोर पर रूद्र योग मुद्रा प्रतिमा की स्थापना।

**नगर पालिका परिषद बाँसी के समस्त करों/शुल्क जैसे-गृहकर जलमूल्य, दुकानों के लाइसेन्स शुल्क आदि का भुगतान समय से करें।**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर...

**सभी रोगों की एक दवाई।**
**हमेशा रखो साफ-सफाई।।**

Say NO to Plastic!

# श्रीमती चमन आरा
**अध्यक्ष**
**आदर्श नगर पालिका परिषद बाँसी**



### सम्मानित सभासदगण:-

मैना देवी, नेहरू नगर
आशा यादव, राप्ती नगर
सत्यनारायण, पटेल नगर
सरिता, आजाद नगर
श्याम बाबू, पन्त नगर
ध्रुव चन्द, आर्य नगर
प्रतिभा वर्मा, प्रताप नगर
रवि कुमार अग्रहरि, श्याम नगर
खालिद खां, ईशा नगर
ज्योति चौधरी, रानी लक्ष्मी नगर
रीता, सुभाष नगर
अकरम अली, अशोक नगर
पप्पू मौर्या, अम्बेडकर नगर
शब्बीर, शिवाला नगर
मीना देवी, इन्दिरा नगर
मोमिना, शास्त्री नगर
बुद्धिराम प्रजापति, निषाद नगर
शकील खान, शंकर नगर
अशफाक अहमद, गौतम बुद्ध नगर
परमात्मा, पशुपति नगर
अनुपमा, गांधी नगर
चन्द्र कुमार, राजेन्द्र नगर
अकबर अली, टैकधर नगर
शमा आरा, अकबर नगर
बरकत अली सहीनी, लोहिया नगर

## एवं समस्त नगर पालिका परिषद बांसी के कर्मचारीगण

# योगी सरकार तैनात करेगी एक लाख सूर्य सखी, गांव-गांव पहुंचेगी सौर ऊर्जा

## सीएम योगी के निर्देश पर सोलर पैनल के इंस्टालेशन, सोलर पैनल, लाइटिंग, ईवी चार्जिंग के कार्यों में महिलाओं को जोड़ा जायेगा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार

- यूपीएसआरएलएम द्वारा सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए उठाया गया कदम
- सीएम योगी के मार्गदर्शन में यूपीएसआरएलएम की ओर से डीईडब्ल्यूईइ कार्यक्रम का आज किया जा रहा आयोजन
- कार्यक्रम में प्रदेश के कई वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने वाले विशेषज्ञ और वैज्ञानिक लेंगे हिस्सा

काम कर रही है। वहीं ग्रामीण विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। इसी के तहत योगी सरकार स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सोलर पैनल, लाइटिंग, ईवी चार्जिंग समेत सोलर आधारित योजनाओं में भागीदारी बढ़ाने के लिए महिला सूर्य सखी से जोड़ने जा रही है। इसी क्रम में सीएम योगी के मार्गदर्शन में बुधवार को यूपीएसआरएलएम की ओर से DEWEE(Decentralized Energy for Women's Economic Empowerment)कार्यक्रम का



आयोजन किया जा रहा है। इसका वर्ष 2030 तक 1 लाख महिला नेतृत्व वाले उद्यमों तक डीआरई (DecentrÔlized Reenwable Energy) को पहुंचाना है। इसके जरिये जहां सोलर एनर्जी के क्षेत्र में तेजी से इजाफा होगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण और शहरी महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगी। कार्यक्रम में देश और विदेश के सौर ऊर्जा के क्षेत्र के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और डीआई को धरातल पर उतारने के लिए खाका खींचेंगे।

यूपीएसआरएलएम की निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि योगी सरकार द्वारा लगातार महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। उनका यह मानना है कि अगर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी, तो समाज में समृद्धि का रास्ता खुल सकेगा। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें डीआरई को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण जीवन मिशन द्वारा डीआरई पहल महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में एक नया कदम है। उन्होंने बताया कि डीआरई ऑफ-ग्रिड यानी मिनी ग्रिड ऊर्जा समाधानों से संबंधित है, ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इन इलाकों में पारंपरिक बिजली नेटवर्क पहुंचने में काफी परेशानी होती है, वहां डीआरई घरों और समुदायों को स्वच्छ, सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करेगा। इस पहल के जरिए महिलाएं न केवल अपनी आर्थिकि स्थिति को सुधार सकती हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के प्रचार-प्रसार में भी सक्रिय भूमिका निभा सकती हैं।

डीईडब्ल्यूईई कार्यक्रम के तहत महिलाएं न केवल डीआरई समाधानों की स्थापना, रखरखाव और मरम्मत में सक्षम होंगी, बल्कि वे अपने समुदायों में स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी सेवाएं भी प्रदान करेंगी। इससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे समाज में बेहतर भूमिका निभा सकेंगी। इसके अलावा महिलाएं छोटे-छोटे उद्यमों को भी स्थापित कर सकेंगी, जिससे उन्हें सशक्त होने का एक नया अवसर मिलेगा। निदेशक ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभाग ने कई महत्वपूर्ण संस्थाओं के साथ साझेदारी की है। इसमें पीसीआई इंडिया, एचसीबीसी, ग्लोबल एनर्जी एलायंस फॉर पीपल एंड प्लेनेट, गेट्स फाउंडेशन इंडिया और प्रेरणा ओजस जैसी संस्थाएं शामिल हैं। यह संस्थाएं प्रदेश के 20 जिलों में डीआरई को धरातल पर उतारने में अहम भूमिका निभाएंगी। इन संस्थाओं के सहयोग से महिलाओं के लिए एक समावेशी और लचीला स्वच्छ ऊर्जा तंत्र का निर्माण किया जाएगा।

कार्यक्रम में यूपीएसआरएलएम की निदेशक दीपा रंजन, पीसीआई इंडिया के जलवायु एवं रणनीति निदेशक शिशिर कुमार सिंह, ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी, यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह, उद्योग निदेशक एवं एमएसएमई आयुक्त कानुपर केवी पांडियन, अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग हिमांशु कुमार, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ निदेशक-वैज्ञानिक जीवन कुमार जेठानी और गेट्स फाउंडेशन के निदेशक हरि मेनन आदि शामिल रहेंगे।

## बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है अटल आवासीय विद्यालय : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ह्लरोजगार महाकुंभ 2025ह्व के अवसर पर अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों की गतिविधियों

- सीएम योगी ने अटल आवासीय विद्यालयों के लिए एकीकृत निगरानी प्रणाली पोर्टल का किया शुभारंभ
- श्रमिकों के बच्चों की आधुनिक शिक्षा के लिए पारदर्शी व रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी संभवः सीएम
- प्रदेश में 57 मुख्यमंत्री अभ्युदय और कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना का कार्य जारीः योगी
- सीएम योगी ने श्रम न्याय सेतु पोर्टल, औद्योगिक न्यायाधिकरण वेबसाइट और ई–कोर्ट पोर्टल की भी शुरुआत की

की रीयल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रमिकों के बच्चों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण और अनुशासित शिक्षा दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।सीएम ने कहा कि अटल




आवासीय विद्याल बीओसी बोर्ड से जुड़े श्रमिकों के बच्चों के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि श्रमिक अपना पसीना बहाकर दूसरों के लिए घर और स्कूल बनाता था, लेकिन उसका अपना बच्चा पढ़ नहीं पाता था। यह पीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थी, जिसे पूरा करने के लिए श्रम और सेवायोजन मंत्रालय ने 18 आवासीय विद्यालय शुरू किए। इन विद्यालयों में उत्तम इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक शिक्षा की व्यवस्था है, जो यूपी के किसी अन्य विद्यालय में नहीं है।सीएम योगी ने कहा कि अब उसी तर्ज पर हमने बेसिक एजुकेशन में भी इंटीग्रेटेड कैंपस की एक व्यवस्था प्रारंभ की है।पहले चरण में 57 मुख्यमंत्री अभ्युदय और कंपोजिट विद्यालयों की स्थापना का कार्य हमने प्रारंभ कर दिया है। यह डे स्कूल होंगे जहां बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्राप्त होगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रम न्याय सेतु पोर्टल, औद्योगिक न्यायाधिकरण वेबसाइट और ई-कोर्ट पोर्टल की भी शुरूआत की।सीएम योगी ने कहा कि यह श्रमिकों के हित में बड़ी पहल है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल से श्रमिकों को त्वरित, पारदर्शी और टाइम-बाउंड न्याय मिलेगा। श्रम विवादों का ऑनलाइन समाधान, 24 घंटे सेवाएं और जवाबदेही सुनिश्चित की गई है। उद्यम चले, लेकिन श्रमिकों का शोषण न हो, यह हमारी प्राथमिकता है। यह कदम उद्यमों और श्रमिकों के हित को संतुलित करने की दिशा में उठाया गया है।

**रोजगार महाकुंभ 2025 में सीएम योगी ने 15 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र :** रोजगार महाकुंभ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए, जिनका चयन यूएई और अन्य विदेशी कंपनियों ने किया है। 11 कंपनियों ने सर्वाधिक नियुक्ति का आश्वासन दिया। रोजगार महाकुंभ 2025 में 1,00,000 से अधिक पंजीकरण, 50,000 नौकरियों के अवसर तथा 15,000 अंतरराष्ट्रीय रिक्तियां शामिल होंगी, जिनमें संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी में प्लेसमेंट भी होंगे। इसी तरह 35,000 घरेलू अवसर देश की अग्रणी कंपनियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। इस तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ में 100 से अधिक भर्ती साझेदार इसमें भाग ले रहे हैं, जिनमें 20 अंतर्राष्ट्रीय भर्तीकर्ता भी होंगे। इस अवसर पर 10,000 से अधिक ऑफर लेटर जारी किए जाएंगे, जिनमें से 2,000 से अधिक विदेशी प्लेसमेंट के लिए होंगे।इस अवसर पर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री मनोहर लाल मन्नू, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन एमकेएस सुंदरम, निदेशक नेहा प्रकाश, श्रम आयुक्त मार्कंडेय शाही समेत रोजगार महाकुंभ 2025 के रणनीतिक पार्टनर के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने उप्र विधानसभा किया भ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा का भ्रमण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। लंबे समय बाद विधानसभा पधारे शुक्ल ने यहां हुए व्यापक बदलावों और आधुनिकीकरण को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने विधानसभा परिसर, नवनिर्मित सुविधाओं तथा तकनीकी सुधारों का अवलोकन किया और कहा कि यह परिवर्तन लोकतांत्रिक संस्था



की गरिमा को और बढ़ाते हैं।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की कार्यशैली और दूरदृष्टि की सराहना करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच से विधानसभा में पारदर्शिता, आधुनिकता और संसदीय परंपराओं के संरक्षण का वातावरण बना है। उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच लोकतंत्र को सुदृढ़ करने वाला कदम बताया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि विधानसभा केवल विधायी कार्यवाही का स्थल नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र का मंदिर है, जहां समाज और राज्य के भविष्य की रूपरेखा तय होती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी विधानसभा को और अधिक सशक्त, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के अलावा विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे के अलावा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# 2,425 मुख्य सेविकाओं व 13 फार्मासिस्टों को सीएम आज देंगे नियुक्ति पत्र

लखनऊ। योगी सरकार का मिशन रोजगार युवाओं को नौकरी देने की दिशा में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास एंव पुष्टाहार विभाग में नवचयनित 2,425 मुख्य सेविकाओं और 13 फार्मासिस्टों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

यह आयोजन पिछले दो दशकों में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में सबसे बड़ी नियुक्ति है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खुद नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे, यह कदम आंगनबाड़ी तंत्र को न सिर्फ मजबूत करेगा बल्कि महिला-बाल विकास सेवाओं को नई ऊर्जा देगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य और राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतिभा शुक्ला भी उपस्थित रहेंगी। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले आठ वर्षों में कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं।

- दो दशक बाद बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में होगी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां

जिला कार्यक्रम अधिकारी के 6 पदों और बाल विकास परियोजना अधिकारी के 200 से अधिक पदों पर लोक सेवा आयोग के जरिए पदोन्नति पूरी की गई।75 जनपदों में 19,424 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती हो चुकी है, जबकि 3000 से अधिक सहायिकाओं को कार्यकत्री पद पर प्रमोशन दिया गया। मिनी आंगनबाड़ी की 22,290 कार्यकत्रियों को मुख्य में तब्दील कर उनका मानदेय 5500 से बढ़ाकर 8000 रुपये किया गया। दो साल पहले 320 मानदेय कर्मियों को नियमित सेवा में लिया गया, जो बड़ी उपलब्धि रही। पिछले आठ साल में 182 मृतक मुख्य सेविकाओं के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति देकर कनिष्ठ सहायक और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर तैनाती दी गई। 20 साल बाद मुख्य सेविकाओं (समूह ग) को समूह ख के 197 बाल विकास परियोजना अधिकारी पदों पर पदोन्नत किया गया। इस साल 20,000 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की पारदर्शी भर्ती भी की गई, जो विभाग की मेहनत को दर्शाता है।

# कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर उपराष्ट्रपति प्रत्याशी का जोरदार स्वागत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारत के उपराष्ट्रपति पद के इंडिया गठबंधन के मंगलवार को उम्मीदवार जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी के लखनऊ आगमन पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस

- उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बी सुदर्शन रेड्डी को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया स्वागत
- कार्यालय पर प्रमुख नेताओं के साथ हुई गंभीर चर्चा

विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, प्रमोद तिवारी तथा भारी संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थिति में उनका चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

इसके बाद जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उनका भव्य स्वागत किया गया। कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर सर्वप्रथम जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी ने कार्यालय प्रांगण में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू, भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इसके बाद कार्यालय में स्वल्पाहार के साथ-साथ उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, सांसद प्रमोद तिवारी, किशोरी लाल शर्मा, इमरान मसूद, राकेश राठौर, तनुज पुनिया, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह और पूर्व मंत्री नकुल दुबे के साथ चुनाव पर गंभीर चर्चा की।

इसी क्रम में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जिनका उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और उन्हें सम्मानपूर्वक बैठक में शामिल होने के लिए कक्ष तक पहुंचाया। जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी के कार्यालय आगमन पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, गयादीन अनुरागी, निवर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, डॉ. शहजाद आलम, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, डॉ. सुधा मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय, सुशील तिवारी, कै. वंशीधर मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्विजेन्द्र त्रिपाठी, अनुसुईया शर्मा, वीरेन्द्र मदान, डॉ. लालती देवी, प्रमोद सिंह, ओंकारनाथ सिंह, अरसी रजा, बृजेन्द्र सिंह, सुशीला शर्मा, डॉ. रिचा शर्मा कौशिक, निहारिक सिंह, मेहताब जायसी, अयूब सिद्दकी, आलोक त्रिपाठी सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजनों ने उनका स्वागत किया।

## 7 सेतुओं के चालू कार्यों के लिए धनराशि अवमुक्त

लखनऊ। उप्र सरकार द्वारा आरआईडीएफ योजनान्तर्गत विभिन्न मण्डलों में विभिन्न जनपदों के 7 सेतुओं (लघु एवं दीर्घ) के चालू कार्यों हेतु 5 करोड़ 35 लाख 31 हजार रुपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 7 चालू कार्यों में जनपद बलिया, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, अलीगढ़, बांदा तथा चित्रकूट के 1-1 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उप्र शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।अवमुक्त धनराशि केवल परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा। साथ ही शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निमार्णाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण करते हुये समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

# संविधान के साथ मेरी यात्रा जारी रहेगी : जस्टिस बी.सुदर्शन रेड्डी



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी न्यायमूर्ती बी. सुदर्शन रेड्डी का शाल ओढ़ाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा है कि आज जिन राजनीतिक परिस्थितियों में उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हो रहा है और हम लोग जिस न्याय की लड़ाई लड़ रहे है उसके लिए एक न्यायमूर्ति से अच्छा विकल्प कुछ नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी न्यायमूर्ति बी.सुदर्शन रेड्डी संविधान, कानून, न्याय, हक और विचारधारा की लड़ाई लगातार लड़ते रहे हैं। इस न्याय की लड़ाई में इनसे बेहतर विकल्प कोई नहीं हो सकता है। हमें उम्मीद है जो न्याय के पक्षधर हैं वे अंतरात्मा की आवाज पर हमारे प्रत्याशी न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा उपराष्ट्रपति जैसे पद को एक विचारधारा विशेष में बांधना चाहती है। यह देश हित में नहीं है इसलिए हम लोगों अपने अधिकारों का सदुपयोग करते हुए अपना उम्मीदवार खड़ा किया हैं। उन्होंने कहा कि बात हार या जीत की नहीं, सिद्धांत की है। जिस समय अंतरात्मा की आवाज पर वोट पड़ेगा तो हमारे प्रत्याशी न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी ऐतिहासिक वोटों से जीतकर उपराष्ट्रपति पद पर बैठेंगे।

इस मौके पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी न्यायमूर्ति बी.सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि विपक्षी दलों ने मुझ पर विश्वास रखकर उपराष्ट्रपति पद का प्रत्याशी चुना है। इसके लिए मैं सभी का बहुत-बहुत आभारी हूं। चुनाव में इंडिया गठबंधन के सभी दलों के साथ जो दल गठबंधन में नहीं हैं वे भी मदद देने के लिए आगे आ रहे हैं। मैं उत्तर प्रदेश में सांसदों का समर्थन मांगने के लिए आया हूं रेड्डी ने कहा कि उपराष्ट्रपति का कार्यालय राजनीतिक ऑफिस नहीं है। उच्च संवैधानिक ऑफिस और दायित्व है। भारत के संविधान के साथ में मेरी यात्रा 1971 में बार से शुरू हुई है। मैं संवैधानिक मूल्यों के साथ खड़ा हूं। मैं देश को भरोसा दिलाता हूं कि संविधान के साथ मेरी यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने अपनी उम्मीदवारी और समर्थन के लिए समाजवादी पार्टी सहित अन्य सभी राजनीतिक दलों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मौजूद रहे।

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने किया उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का किया स्वागत
- अखिलेश ने कहा, भाजपा उपराष्ट्रपति जैसे पद को एक विचारधारा विशेष में चाहती है बांधना

# बीबीडी विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ-2025 का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ 2025 छात्र परिचय कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ किया गया। यह कार्यक्रम 26, 28 अगस्त तथा 1 और 2 सितम्बर 2025 को आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के मूल्यों, सुविधाओं और अवसरों से परिचित कराना है। उद्घाटन सत्र में प्रो. (डॉ.) एस. के. श्रीवास्तव, वाइस चांसलर, प्रो. (डॉ.) एस.सी. शर्मा, प्रो-वाईस चांसलर तथा प्रो. (डॉ.) एस. एम. के. रिजवी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर एवं चीफ प्रॉक्टर आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र अरबाब अहमद ने बतौर विशिष्ट अतिथि वक्ता विद्यार्थियों को संबोधित किया और अपने प्रेरक अनुभव साझा कर उन्हें उत्कृष्टता की





ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रो. (डॉ.) रीना श्रीवास्तव, डीन, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन,प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन,प्रो. डिम्पी मिश्रा, डीन, स्कूल ऑफ मीडिया एंड कम्युनिकेशन आदि उपस्थित रहे।दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की विभिन्न अकादमिक, सह-पाठ्यक्रमीय एवं सहयोगी सुविधाओं से अवगत कराया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण किया, जिनमें प्रमुख रूप से ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, एंटरप्रेन्योरशिप एंड इन्क्यूबेशन सेंटर, स्कॉलरशिप विभाग, लनोवेंट सॉफ्ट स्किल्स एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सेंटर स्टूडेंट फोरम्स एवं क्लब्स आदि शामिल थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के वातावरण से अभ्यस्त करना, आत्मविश्वास विकसित करना, पारस्परिक कौशलों को बढ़ावा देना और अकादमिक व अतिरिक्त गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है।इस अवसर पर संबोधित करते हुए वाइस चांसलर ने कहा कि बीबीडीयू का संकल्प केवल पेशेवरों का ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिकों और भविष्य के नेतृत्वकताओं का निर्माण करना है।

पहले दिन का कार्यक्रम कैंपस भ्रमण के साथ संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक आधारभूत संरचना और जीवंत शैक्षणिक परिवेश को निकट से देखा और समझा।

# राज्यपाल के हाथों टॉपर्स हुए सम्मानित

- एमएमएमयूटी के 10वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राज्यपाल राज्यपाल आनंदीबेन पटेल
- एमएमएमयूटी में 10वां दीक्षांत समारोह आयोजित



गोरखपुर। प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर का 10वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। महामहिम ने समारोह में डा वी नारायणन को मानद उपाधि देने के के साथ कुल 44 शोधार्थियों को उपाधि प्रदान की। साथ ही विभिन्न विषयों में 45 स्वर्ण पदक, 03 कुलधिपति स्वर्ण पदक, 19 कुलपति स्वर्ण पदक व 23 प्रायोजित स्वर्ण पदक समेत 1473 छात्रों को पदक से सम्मानित किया। तथा जनपद कुशीनगर के 300 आंगनबाड़ी केंद्रों हेतु आंगनबाड़ी किट वितरित की। उन्होंने विश्वविद्यालय के न्यूज लेटर तथा विभिन्न अध्यापकों द्वारा रचित पुस्तकों का विमोचन किया और उपाधियों एवं अंक प्रमाण-पत्रों को राष्ट्रीय शैक्षणिक डिपॉजिटरी पर अपलोड किया। महामहिम राज्यपाल ने उपाधि एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। यह विश्वविद्यालय उस लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जिसकी अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें खेल, नृत्य, गायन एवं वाचन जैसी विविध प्रतिभाएं विद्यमान हैं। यह तभी प्रकट होती हैं जब उन्हें प्रतियोगिताओं में सम्मिलित किया जाता है। यह सराहनीय है कि विश्वविद्यालय ने अपने दीक्षांत समारोह में इन बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत करने का कार्य किया।

राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि ज्ञान प्राप्त कर लेना मात्र बड़ी बात नहीं है, बड़ी बात यह है कि हम सब उस ज्ञान को समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में लगाएँ। जिस प्रकार वृक्ष फल लगने पर झुक जाता है और अपने फल मानव कल्याण हेतु समर्पित करता है, उसी प्रकार हमें भी अपने ज्ञान, शोध एवं नवाचार को समाज के हित में समर्पित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पढ़ने की आदत को निरंतर बढ़ाना चाहिए। विश्वविद्यालय और छात्र-छात्राओं को छोटे बच्चों के बीच जाकर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए तथा समय-समय पर मार्गदर्शन देकर उनका ज्ञानवर्धन करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों को छात्रों के ज्ञान में वृद्धि हेतु उत्कृष्ट पुस्तकालयों की व्यवस्था करनी चाहिए। परिषदीय विद्यालयों में भी पुस्तकालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास होना चाहिए। विश्वविद्यालयों को अपने ज्ञान के माध्यम से ग्रामीण विकास, किसान कल्याण एवं युवा कल्याण की दिशा में अग्रसर होना चाहिए। विश्वविद्यालय एवं छात्रों का यह दायित्व है कि वे अपने ज्ञान और कौशल को गाँव, किसान, युवा एवं बच्चों तक पहुंचाएं। राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की दिशा में कार्य करना चाहिए। तकनीक का सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों संभव है, इसलिए विश्वविद्यालय तकनीक के दुरुपयोग को रोकने तथा इसके सही उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में भी पहल कर सकते हैं। छात्रों को नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान का निरंतर परिमार्जन करते रहें और इसे समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में लगाते रहें। यदि हम सभी अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग लोक-कल्याण में करते रहें, तो शीघ्र ही भारत पुनः विश्वगुरु का दर्जा प्राप्त करेगा।

इस अवसर पर दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि इसरो के अध्यक्ष वी0 नारायण, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी निदेशक पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, तथा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति जे0पी0सैनी ने भी छात्र/छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री डा0 संजय निषाद, विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### हाइवे पर बस व दूध टैंकर की भिड़ंत, दो गंभीर घायल

जसवंतनगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस और दूध से भरे टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में बैठी सवारियों में चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और यातायात सुचारू कराया। मैनपुरी के असरोई से दूध का टैंकर धौलपुर जा रहा था। टैंकर कचैरा मार्ग होते हुए जसवंतनगर हाईवे पर पहुंचा और तहसील के सामने कचैरा मार्ग की ओर मुड़ने लगा। उसी समय इटावा की ओर से आ रही एक प्राइवेट बस ने टैंकर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का आगे का हिस्सा और टैंकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में टैंकर चालक शिवराज पुत्र हीरालाल निवासी फतेहपुर और बस चालक कमलकांत पुत्र श्री संतराम निवासी छांव, जिला जालौन गंभीर घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर में भर्ती कराया। वहीं बस में बैठी करीब 45 सवारियों को हल्की चोटें आईं, लेकिन सभी सुरक्षित हैं। पुलिस ने सवारियों को दूसरी बस की व्यवस्था कर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। हादसे की सूचना पर मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए।

### शराब सहित युवक गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। पुलिस ने एक युवक को 20 क्वाटर देशी शराब के साथ इकनौर महासिहपुर रोड से गिरफ्तार कर जेल भेजा। बराउख चैकी इंचार्ज दया शंकर ने बताया कि वह सोमवार की शाम क्षेत्र मे शान्ति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से गश्त पर थे और वह पुलिस फोर्स के साथ गश्त करते हुए इकनौर महासिहपुर तिराहे के पास पहुंचे कि तभी उन्हे एक युवक संदिग्ध अवस्था में झोला लिये खड़ा दिखाई दिया उनके द्वारा टोकने पर वह युवक भागने की कोशिश करने लगा कि तभी पुलिस फोर्स ने उसे पकड लिया पुलिस हिरासत में आये युवक की तलाशी लेने पर उसके पास झोले से 20 क्वाटर देशी शराब के बरामद था।

## राज्यपाल ने प्रशिक्षणरत महिला रिक्रूटों से किया संवाद



गोरखपुर। प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को गोरखपुर स्थित 26वीं पीएसी बटालियन, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। उन्होंने भोजनालय आदि का निरीक्षण करने के पश्चात रिक्रूट महिला आरक्षियों से संवाद किया। महिला आरक्षियों ने प्रशिक्षण के दौरान अपने अनुभव राज्यपाल जी के साथ साझा किए। महामहिम राज्यपाल ने संवाद के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश एक विशाल राज्य है, जिसमें 75 जनपद और 25 करोड़ से अधिक की जनसंख्या है। इन सभी की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना आप सबकी जिम्मेदारी होगी। प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार के अभ्यास कराए जाते हैं, जिन्हें पूरी लगन और मेहनत से करना चाहिए। इससे हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के दौरान महिला आरक्षियों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) नियमित रूप से जाँचा जाए तथा शरीर की आवश्यकता के अनुसार संतुलित आहार प्रदान किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षा प्रबंधन सीखना, विभिन्न परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करना है। यही शिक्षा आगे चलकर प्रदेश व समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि सभी के लिए कानून समान है और जो व्यक्ति कानून को अपने हाथ में लेता है, उसके लिए दंड निश्चित है। जब कानून का कड़ाई से पालन होता है, तभी समाज में शांति स्थापित होती है। ऑपरेशन सिंदुर में भारत की दो बहादुर बेटियों के साहस को पूरे देश ने देखा राज्यपाल ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में शाम पांच बजे के बाद बेटियां बाहर निकलने से डरती थीं, लेकिन आज कानून-व्यवस्था का मजबूत ढांचा होने से महिलाएं रात 12 बजे भी निडर होकर आवागमन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं पुलिस, सेना और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं। हाल ही में ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न में भारत की दो बहादुर बेटियों के साहस को पूरे देश ने देखा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित राष्ट्र का जो संकल्प लिया है, उसमें बेटियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। भोजनालय के निरीक्षण के संबंध में राज्यपाल ने कहा कि वहाँ सभी व्यवस्थाएँ संतोषजनक हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि आप सब मिलकर पंद्रह दिन या एक माह में एक दिन स्वयं खाना बनाएं और सामूहिक रूप से भोजन करें। इससे आपसी सहयोग और सामूहिकता की भावना का विकास होगा। दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए सभी को आगे आना होगा राज्यपाल ने कहा कि जेलों के निरीक्षण के दौरान ज्ञात होता है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में बड़ी संख्या में कैदी बंद हैं। यह समाज की गंभीर बुराई है, इसे समाप्त करने के लिए हम सबको आगे आना होगा। आज बेटियां आत्मनिर्भर हो रही हैं और दहेज लोभियों से विवाह करने से मना कर रही हैं, यह समाज में एक बड़ा परिवर्तन है। प्रशिक्षण में सामाजिक व सामयिक विषयों पर भी की जानी चाहिए चर्चा उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में विभिन्न सामाजिक और सामयिक विषयों पर भी चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के बेटे, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, अंतरिक्ष से सफलतापूर्वक लौटे हैं। पूरा देश उनका स्वागत कर रहा है और मुझे आशा है कि शीघ्र ही अंतरिक्ष यात्रा में उत्तर प्रदेश की कोई बेटी भी शामिल होगी। इस अवसर पर एडीजी पीएसी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित तथा इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## एमएमएमयूटी में पावरग्रिड बनवायेगा 144 बेड की क्षमता का महिला छात्रावास



गोरखपुर।मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी), गोरखपुर के परिसर में 144 बेड की क्षमता वाले महिला छात्रावास के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर पावरग्रिड की ओर से महाप्रबंधक (गोरखपुर) डीपी सिंह तथा विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू एमएमएमयूटी के दीक्षांत समारोह के दौरान हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि चेयरमैन इसरो डॉ. वी. नारायणन, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जेपी सैनी तथा पावरग्रिड (उत्तरी क्षेत्र-3) के कार्यपालक निदेशक युगेश कुमार दीक्षित उपस्थित रहे। महिला छात्रावास की कुल लागत 13.66 करोड़ रुपये है। इसकी मदद से विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली सभी छात्राओं को आवास सुविधा का लाभ एवं पठन-पाठन में सहायता मिलेगी। इस परियोजना से विश्वविद्यालय परिसर के बाहर रहने वाली छात्राओं के जीवनयापन की लागत में कमी आएगी तथा परिसर में आवासीय व्यवस्था होने से समय की बचत होगी। बेहतर आवासीय सुविधा से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि होगी। कार्यपालक निदेशक युगेश कुमार दीक्षित ने बताया कि पावरग्रिड (उत्तरी क्षेत्रझ्र3) अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में 30 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन करवा रहा है। पावरग्रिड गत पांच वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुका है।


**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय निर्माण मण्डल-पंचम, अमौसी क्षेत्र, लेसा, लखनऊ**
ई-मेल - seu5.lesacg@mvvnl.org मो. नं.:-9415901437

ई-निविदा सूचना दिनांक 26.08.2025
अल्पकालीन ई-नविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. **14/EUCC(V)/LESA/2025-26:** "Additional 5 MVA installation at 33/11 Kv S/s Sec-3 Vrindavan and other associated work." प्रपत्र शुल्क : रु. 3540.00, धरोहर धनराशि : रु. 10560.00।
2. **15/EUCC(V)/LESA/2025-26:** "Increasing Capacity from 2x5 MVA to 2x10 MVA at 33/11 Kv S/s Sardanagar (GIS), Lesa, Lucknow and other associated work." प्रपत्र शुल्क : रु. 1180.00, धरोहर धनराशि : रु. 3150.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथिः 10 सितम्बर 2025, 14.00 बजे।**
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी। अग्रेतर समस्त सूचनाएं बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।
(वि.सं.: 1017, दिनांक : 26.08.2025)


## रात में सड़क पर उतरे एसएसपी, अधीनस्थों को दिए निर्देश



बकेवर, इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार, मंगलवार की देर रात को बकेवर थाना क्षेत्र के कस्बा बकेवर, कस्बा लखना में सडक पर उतरकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित डयूटी पॉइंट का निरीक्षण कर अधीनस्थों को विशेष निगरानी रखने व पेट्रोलिंग बढाने के निर्देश दिए। जिससे किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियां न हो सके। साथ ही बकेवर थाना क्षेत्र की सीमा में आने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखने के लिये भी निर्देश दिए। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रात को सड़क पर उतर कर उन्होंने संदिग्धों व वाहनों की विशेषरूप से चेकिंग भी की। इस दौरान थानाध्यक्ष विपिन मलिक, उपनिरीक्षक हाकिम सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा। साथ ही औचक निरीक्षण के दौरान एसएसपी द्वारा थानाध्यक्ष व बकेवर पुलिस के कार्य कुशलता की प्रशंसा की है।

## जस्टिस अशोक कुमार ने रुद्राक्ष, पारिजात के पौधे लगाये



इटावा। जस्टिस अशोक कुमार गुप्ता ने मुख्य भवन के सामने मैदान में रुद्राक्ष व पारिजात के पौधे लगाए। इस मौके पर सुबह उनके इटावा क्लब पर गर्मजोशी से अगवानी की गयी। जस्टिस अशोक कुमार गुप्ता महान हिन्दी सेवी एवं इटावा हिन्दी सेवा निधि के संस्थापक स्व. जस्टिस प्रेम शंकर गुप्ता के छोटे बेटे हैं। ये इटावा के लिए गौरव की बात है। जस्टिस गुप्ता ने पहुँचने के बाद क्लब के भवन को देखा। उन्होंने विलियर्ड में हाथ आजमाये, जिम की मशीनों में रूचि दिखाई और यहां एक्सरसाइज भी की बोले अद्भुत है इटावा क्लब। इस मौके पर शहर के इलीट वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की इधर क्लब का मुख्य मैदान के पेड़ पौधे चमक रहे है। शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति संटू गुप्ता, सभासद पूनम पांडेय, पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद, उपाध्यक्ष इटावा क्लब राजकुमार गुप्ता एडवोकेट, जॉइंट सेक्रेटरी संजीव शर्मा, जिला शासकीय अधिवक्ता शिवकुमार शुक्ला, भारत सरकार के स्टैंडिंग कौंसिल घनश्याम किशोर बाजपेई, क्लब की कार्यसमिति के सदस्य कमल जैन, संजीव अग्रवाल सीए, संतोष चैधरी, सुभाष त्रिपाठी, पवन अग्रवाल, रजनीश मिश्रा, अजय गुप्ता एडवोकेट, परमानन्द ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इटावा क्लब के वरिष्ठ सदस्य गौरीशरण केसरवानी ने तालियों की गड्गड़ाहट के बीच मुख्य अतिथि को बुके भेंट किया। इस शुभ अवसर पर इटावा क्लब की महिलाओ की भी उपस्तिथि रही। उन्होंने भी मुख्य अतिथि जस्टिस अशोक कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी का स्वागत किया।

## छात्रा की बस की टक्कर से मौत

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत 23 अगस्त को सुबह चैधरी पेट्रोल पंप के पास युवती बस की टक्कर लगने से घायल हो गयी थी। टीएसआई संतोष माथुर ने घायल युवती को जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने युवती की हालत नाजुक देख सैफई रिफर कर दिया था। छात्रा सरबजीत कौर उम्र 18 पुत्री कमलजीत छाबड़ा स्कूटी पर बैठकर अपने घर पंजाबी कॉलोनी जा रही थी तभी चैधरी पेट्रोल पंप के निकट बस की टक्कर लग गई जिससे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को देखकर टीएसआई संतोष माथुर छात्रा को जिला अस्पताल मोतीझील ले गए।

## 45 टॉपरों को मिला स्वर्ण पदक



**गोरखपुर।** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के दशम दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों इसरो के अध्यक्ष व सचिव भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान डॉ वी नारायणन को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही महामहिम के हाथों उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कुल 45 स्वर्ण पदकों से विभूषित किया गया। जिनमें 3 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 19 कुलपति स्वर्ण पदक सहित 23 प्रायोजित स्वर्ण पदक शामिल रहे। महामहिम राज्यपाल के हाथों समारोह में डॉ वी नारायणन को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि के अतिरिक्त कुल 1473 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं। उपाधि पाने वाले विद्यार्थियों में बी टेक सिविल इंजीनियरिंग के 179 छात्र, बी टेक कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के 186 छात्र, बी टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 181 छात्र, बी टेक इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के 178 छात्र, बी टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 163 छात्र, बी टेक केमिकल इंजीनियरिंग के 88 छात्र, एवं बी टेक आई टी के 89 (कुल 1064 बी टेक छात्र) शामिल रहे समारोह के दौरान बी टेक के अतिरिक्त, 70 छात्रों को बी बी ए, 65 को बी फार्म, 47 छात्रों को एमटेक, 72 छात्रों को एमबीए, 68 छात्रों को एमसीए, 16 छात्रों को एमएससी (भौतिकी), 23 छात्रों को एमएससी (रसायन विज्ञान), 05 छात्रों को एमएससी (गणित), एवं 44 छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में 1089 पुरुष अभ्यर्थी जबकि 384 महिला अभ्यर्थी शामिल रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को कुल 45 स्वर्ण पदकों से विभूषित किया गया जिनमें 3 कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 19 कुलपति स्वर्ण पदक सहित 23 प्रायोजित स्वर्ण पदक शामिल रहे

बी टेक कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग के टॉपर दिव्यांश तिवारी को सर्वाधिक 5 स्वर्ण पदक (कुलपति स्वर्ण पदक, स्व. श्री मुन्नी लाल जैन स्मृति स्वर्ण पदक, श्री रोमेश चंद्रा एवं श्रीमती किशोरी देवी स्वर्ण पदक, आर एस सिंह एम ई ह्य69ह्न स्वर्ण पदक, और क्लास ऑफ 1994 स्वर्ण पदक) प्रदान किये गए। विश्वविद्यालय पहली बार 3 कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किये गऐ तीनों कुलाधिपति स्वर्ण पदक छात्राओं को प्रदान किये गए, जो क्रमशः निम्न हैं पहला चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता मृडानी त्रिपाठी, बी फार्म. को, दूसरा तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता ऋद्धि वैश्य, बी बी ए को, एवं तीसरा परास्नातक पाठ्यक्रमों की सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता अर्चना आनंद, एम टेक, वी एल एस आई कोविभिन्न पाठ्यक्रमों में द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को रैंक सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इससे पूर्व एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो जे पी सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया एवम विश्वविद्यालय की सत्र 2024-2025 की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। तथा कार्यक्रम के अंत में मा कुलपति प्रो जेपी सैनी ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट किया जबकि मा कुलाधिपति महोदया को फलों की टोकरी भेंट की। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ श्री सी पी प्रियदर्शी ने किया। इस दौरान नगर के गणमान्य नागरिकों, जिला प्रशासन के अधिकारियों, विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र सहित शिक्षक, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## भोगनीपुर गंग नहर पुल किनारे मिलीं चप्पलें

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम सराय एसर थाना सिविल लाइन निवासी अजय कुमार यादव 48 पुत्र स्वर्गीय अभयराम सोमवार शाम 4 बजे घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने खोजबीन शुरू की, तो मंगलवार

### अजय कुमार की तलाश तेज

सुबह हाईवे किनारे के पास भोगनीपुर गंग नहर पुल के किनारे उनकी चप्पलें मिलीं। परिजनों ने चप्पलों की पहचान की और आशंका जताई कि अजय कुमार ने नहर में छलांग लगा दी होगी।

जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी ने बताया कि अजय कुमार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह सिंचाई विभाग में पतरौल के पद पर कार्यरत हैं। उनकी तलाश के लिए नहर में गोताखोरों की मदद ली जा रही है। इसके अलावा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि उनकी गतिविधियों का सुराग मिल सके।अजय कुमार के लापता होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी और बच्चों का कहना है कि वह घर से सामान्य रूप से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इलाके के लोगों ने भी पुलिस के साथ मिलकर खोजबीन शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस ने नहर में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## छात्रों की राष्ट्र-निर्माण में भूमिका जरूरी : वी नारायणन



गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इसरो अध्यक्ष व सचिव भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान डॉ. वी. नारायणन उपस्थित रहें। समारोह में उन्होंने विश्वविद्यालय के विरासत की सराहना की। जो मदन मोहन मालवीय की दृष्टि पर आधारित है, और 1962 में इंजीनियरिंग कॉलेज से शुरू होकर उत्कृष्टता, अनुसंधान और उद्योग संबंधों पर जोर देने वाली प्रमुख संस्था बनने की यात्रा का उल्लेख किया। स्नातकों को बधाई देते हुए, उन्होंने तेज तकनीकी प्रगति और सामाजिक चुनौतियों के बीच राष्ट्र-निर्माण में उनकी भूमिका पर जोर दिया, स्वामी विवेकानंद के संदेश से प्रेरणा दी। वी. नारायणन ने इसरो की हालिया उपलब्धियों का वर्णन कियाः अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का एक्सिओम मिशन, जीएसएलवी एफ16/निसार प्रक्षेपण, स्पाडेक्स डॉकिंग, आदित्य-एल1 डेटा जारी, और प्रोपल्शन तथा स्वदेशी तकनीक में सफलताएं। उन्होंने 1962 से भारत की अंतरिक्ष यात्रा का पता लगाया, विक्रम साराभाई जैसे अग्रदूतों को श्रेय दिया, और चंद्र/मंगल मिशनों तथा उपग्रह प्रक्षेपणों में विश्व रिकॉर्ड का उल्लेख किया, जो गगनयान की ओर ले जा रहा है। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत की प्रगति की समीक्षा की।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–प्रापण निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **ई–प्रापण निविदा संख्याः** उपमु०इं०–नि०–मुख्या0–08–2025, **कार्य का नामः** गोरखपुर कैण्ट–वाल्मिकिनगर दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर वाल्मिकिनगर खण्ड और गोण्डा–बुढवल तीसरी लाईन परियोजना के अन्तर्गत गोण्डा–बुढवल खण्ड के मध्य समपारो पर रबराइज्ड सरफेश का प्रावधान करने से सम्बंधित कार्य। **अनुमानित निविदा मुल्यः** 89315573.66, **बयाना राशि (रु०):** 596600.00, **निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु०):** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 (बारह) माह, • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि 08.09.2025 • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि– दिनांक 22.09.2025 को 15.00 बजे तक • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 22.09.2025 को 15.30 बजे • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं भार्ते वेवसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
**उप मुख्य इंजीनियर/नि0/मुख्या0 गोरखपुर**
**मुजाधि/डबलू–216**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधिषासी अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या**

अल्पकालीन निविदा सूचना ई-निविदा सूचना दिनांक 26.08.2025
**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1 **ई-निविदा संख्या 56 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत कौशलपुरी (14 अद्द), देवकाली (15 अद्द), सिविल लाइन (1 अद्द), चौक (20 अद्द), अमानीगंज वाटरवर्क्स (7 अद्द), साकेत (8 अद्द), मक्खापुर (14 अद्द), राम की पैड़ी (7 अद्द), एवं निर्मोचनघाट (6 अद्द), विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य । ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 30000.00।

2 **ई-निविदा संख्या 57 एच(एफ)(कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के अन्तर्गत नाका (41 अद्द) चिर्रा (30 अद्द) व मुमताज नगर (19 अद्द) विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य । ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 29000.00।

3 **ई-निविदा संख्या 58 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों बीकापुर तहसील (15 अद्द) बीकापुर ग्रामीण (40 अद्द) एवं मंगारी (05 अद्द) में विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) टण्डौली के अन्तर्गत 11 केवी लाइन सुद्दढ़ीकरण का कार्य तथा हैदरगंज में परिवर्तक क्षमता वृद्धि व जर्जर एल.टी. लाइन बनाने का कार्य एवं मंगारी में अतिरिक्त परिवर्तक स्थापना व एल.टी. लाइन सुद्दढ़ीकरण का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 22500.00।

4 **ई-निविदा संख्या 59 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों रसूलाबाद (6 अद्द) व दर्शननगर (16 अद्द) में विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 7100.00।

5 **ई-निविदा संख्या 60 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों तारून (25 अद्द) हैदरगंज (7 अद्द) व ग्यासपुर (9 अद्द) में विभिन्न स्थानों पर वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 13500.00।

6 **ई-निविदा संख्या 61 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरिग्टनगंज में विभिन्न स्थानों पर (79 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25500.00।

7 **ई-निविदा संख्या 62 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हरिग्टनगंज में विभिन्न स्थानों पर (79 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य । ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25500.00।

8 **ई-निविदा संख्या 63 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नाका दुगार्पुरी में विभिन्न स्थानों पर (80 अद्द) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 25600.00।

9 **ई-निविदा संख्या 64 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र नाका दुगार्पुरी में विभिन्न स्थानों पर (46 अद्द ) वितरण परिवर्तकों की अर्थिंग (Neutral and Body) का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 15000.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथिः 09 सितम्बर 2025, 17.00 बजे।**
विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या**
(पत्रांक : 7078, दिनांक : 26.08.2025)

संक्षेप

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम धिरावां में एक किशोर की तालाब में डूब कर मौत हो गई। ग्राम धिरावां निवासी सुशील कुमार का बेटे 14 वर्षीय बेटा तरुण कुमार मंगलवार को दोपहर अपने कई साथियों के साथ गांव के पास ही एक तालाब में स्नान करने गया था। बताते हैं कि वह अचानक तालाब में डूब गया साथियों ने भाग कर गांव और उसके परिजनों को सूचना दी। जब तक लोग मौके पर पहुंचे तब तक किशोर की हालत बेहद खराब हो चुकी थी। उसे तत्काल सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

## आज से शुरू होगी गणेश उत्सव की धूम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) इस बार 17 वां श्री गणेश उत्सव समारोह आज 27 अगस्त से शुरू होगा। कार्यक्रम के अनुसार 27 अगस्त को शाम 4रू00 बजे खुटार रोड पर मूर्ति स्थापना की जाएगी। 28 अगस्त को गणेश जी की झांकी कार्यक्रम होगा। 29 अगस्त को गोकर्णनाथ की झांकी दिखाई जाएगी। 30 अगस्त को सुन्दरकाण्ड पाठ 3 बजे और राम दरबार बाहुबली हनुमान, नरसिंह अवतार, भगत प्रहलाद झांकी दिखाई जाएगी। 31अगस्त को अघोरी, घ्यानु भगत, माँ शेरावाली झांकी दिखाई जाएगी। 1 सितंबर को राधा कृष्ण महारास, कृष्ण सुदामा मिलन का कार्यक्रम होगा।आरती का समय सुबह 9 बजे और सायं 8 बजे रहेगा। 2 सितंबर को सती दहन, शंकर पार्वती झांकी दिखाई जाएगी। 3 सितंबर को मनमोहक झांकियां दिखाई जाएंगी।4 सितंबर को महाकाली नृत्य, महिसासुर वध का मंचन होगा।5 सितंबर को हवन, विशाल भण्डारा किया जाएगा। 6 सितंबर को शोभा यात्रा, विसर्जन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि झांकी कार्यक्रम गोविंद महादेव आर्टस देहरादून के कलाकारों द्वारा दिखाया जाएगा।

## ट्रेलर से टकराकर बाइक सवार की मौत

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में मंगलवार शाम पांच बजे के करीब बाइक सवार युवक पाइप लदे खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गये। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई वहीं बाइक पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमान थाना क्षेत्र के हनुमना वार्ड संख्या 11 निवासी 25 वर्षीय सुनील रजक हनुमना वार्ड संख्या 9 निवासी 38 वर्षीय रतनलाल के साथ ड्रमंडगंज जा रहे थे जैसे ही लहुरियादह घाटी के सेल्फी प्वाइंट पर पहुंचे तो नेशनल हाईवे पर पाइप लदे खड़े ट्रेलर में पीछे से अनियंत्रित होकर टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज ब्रह्मदीन पांडेय एसआई सुभाष यादव,एसआई रमेश यादव,एस आई टीपी सिंह ने दोनों घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज भेजवाया जहां रास्ते में सिर में गंभीर चोट आने से सुनील रजक की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल रतनलाल का प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# जल भराव के चलते समिति परिसर बना तालाब



जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। गांव गोकन में जल भराव की विकराल समस्या को लेकर किसानों के लिए उर्वरक उपलब्ध कराने को लेकर बनाई गई समिति परिसर तालाब बन जाने पर खाद का वाहन पहुंचना कोसों दूर की बात है संचालकों की शिकायत पर सांसद द्वारा लिखा गया पत्र ए आर ने ठंडे वस्ते में डालकर इतिश्री करने का आरोप लगाया है।

बहुउद्देशीय प्रा0सह0 समिति भी पैक्स गोकन समिति के अध्यक्ष लखविंदर सिंह और संचालक गेंदनलाल, डॉ अब्दुल हमीद, मंजू देवी ने किसानों के हित को लेकर समिति परिसर जल भराव के चलते तालाब बन गया है जिसमें कर्मचारियों को पहुंचाना संभव नहीं हो पा रहा है। मामले की शिकायत क्षेत्रीय सांसद आनंद भदौरिया से करने पर उन्होंने सहकारिता विभाग पत्र लेकर अभिलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे जिसको ए आर ठंडे बस्ते में डाल देने से किसानों में रोष फैल गया है मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

## यूरिया न मिलने से किसानों में आक्रोश

जिला संवाददाता(vol)



बेलरायां खीरी। सहकारी क्रय-विक्रय समिति बेलरायां में यूरिया खाद वितरण को लेकर किसानों को भारी दिक़्क़तों का सामना करना पड़ रहा है। जरूरत के समय खाद न मिलने से किसान परेशान होकर समिति का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। किसानों का कहना है कि समिति में टोकन सिस्टम के नाम पर बड़ी धांधली चल रही है। कई किसानों ने आरोप लगाया कि लाइन में खड़े होने के बावजूद उन्हें समय पर खाद नहीं मिलती और कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुँचा दिया जाता है।

इस अव्यवस्था के कारण महिलाओं को भी घंटों लाइन में खड़ा होना पड़ता है, जिससे उनकी सुरक्षा और सम्मान दोनों खतरे में पड़ते हैं। किसानों का कहना है कि नारी सम्मान की बातें तो बहुत होती हैं लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट दिखाई देते हैं स्थानीय किसानों ने बताया कि यूरिया का निर्धारित मूल्य 266 प्रति बोरी है, लेकिन वितरण करने वाले कर्मचारी किसानों से जबरन अतिरिक्त पैसे वसूल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि अगर कोई पैसा दे देता है और खाद नहीं मिलती तो राशि भी वापस नहीं की जाती। इस वजह से गरीब और मजदूर तबके के किसानों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि खाद वितरण पारदर्शी तरीके से किया जा सके और किसानों को उनके हक की खाद समय पर उपलब्ध हो सके।

## विधायक ने सीएचसी का किया निरीक्षण



मोहम्मदी खीरी। सीएचसी पर पंचायती राज सभापति ने औचक निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली है।

सरकारी अस्पताल उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मरीजों तक पहुंचाने की जानकारी लेते हुए परिसर में जल भराव की विकराल समस्या को देखकर अभिलंब कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। जांच के दौरान दवाइयां का स्टाक की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित पाए जाने पर संतोष जताया परिसर में लगे ऑक्सीजन प्लांट को चालू कर कर स्थित की जानकारी ली है। अधीक्षक मयंक मिश्रा के साथ बैठक कर अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए जानकारी साझा की है।इस मौके पर डॉक्टर सुशील शुक्ला, डॉ सचिन गुप्ता, डॉ कुलदीप, डॉ आलोक और डॉ तन्वी अग्रवाल समेत सभी स्टाफ कर्मी मौजूद रहे हैं।

## परंपरागत ढंग से मनी हरतालिका तीज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) भगवान शिव जैसा वर पाने और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ मनाया जाने वाला हरतालिका तीज का पर्व मंगलवार को पूरे क्षेत्र में उल्लास और परंपरागत ढंग से मनाया गया। पौराणिक शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। इस अवसर पर महिलाओं और युवतियों ने निर्जला व्रत रखकर मां गौरा पार्वती की पूजा-अर्चना की और सुखमय वैवाहिक जीवन की कामनाएं मांगीं। धर्मग्रंथों के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पाने के लिए यही व्रत किया था। तभी से सुहागिनों और युवतियों में इस पर्व को लेकर विशेष आस्था है।

मंगलवार को शिवमंदिर क्षेत्र, तीर्थ सरोवर और मेला मैदान में दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। महिलाओं ने परंपरा के अनुसार मिट्टी से बने कार्तिकेय, गणेश, शिव और पार्वती की प्रतिमाएं खरीदीं या स्वयं बनाकर विधि-विधान से पूजन किया।

## फर्जी व्यक्ति कर रहा अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर दस्तखत

धौरहरा खीरी। काफी समय से कस्बे में संचालित धौरहरा डायग्नोस्टिक सेंटर में किए जा रहे अल्ट्रासाउंड फर्जी डाक्टर के हस्ताक्षर से मरीजों को सौंपे जा रहे हैं कुछ इसी तरह का आरोप लगाते हुए कस्बा निवासी युवक ने एसडीएम धौरहरा व सी एच सी अधीक्षक धौरहरा के नाम दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है।

प्राप्त विवरण के अनुसार एस डी एम धौरहरा व सी एच सी धौरहरा के अधीन धौरहरा डायग्नोस्टिक सेंटर में किए जा रहे अल्ट्रासाउंड फर्जी हस्ताक्षर के सहारे मरीजों को रिपोर्ट सौंपी जा रही है। उपरोक्त बातों की लिखित शिकायत धौरहरा कस्बे के मोहल्ला आचार्य टोला निवासी महफूज आलम पुत्र मोईन खान ने बताया कि अल्ट्रासाउंड संचालक की हेरा फेरी से रजिस्ट्रेशन में डाक्टर आर के गुप्ता लिखकर आता है जबकि आर के गुप्ता यहां बैठते ही नहीं। उनकी जगह पर आनंद विश्वकर्मा नामक व्यक्ति द्वारा फर्जी तरीके से हस्ताक्षर करके रिपोर्ट मरीजों को सौंपने का आरोप लगा। महफूज के मुताबिक जानकारी करने पर उपरोक्त आंनद द्वारा खुलेआम कहा गया कि अधिकारियों को पैसा देते है मेरा कुछ नहीं होगा।

## पुलिस ने दो वांछित किए गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

शाहजहाँपुर । पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम



में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में थाना मदनापुर पुलिस टीम को बडी कामयाबी मिली है।

जानकारी के अनुसार वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना मदनापुर पर अभियुक्तगण हरिओम सिंह पुत्र श्यामवीर सिंह ,श्यामवीर सिंह पुत्र कृपाल सिंह , मुनीशा देवी पत्नी श्यामवीर सिंह 04. सत्यम सिंह पुत्र श्यामवीर सिंह निवासीगण ग्राम नगला बन्नू उर्फ नगरिया, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की बेटी को अतिरिक्त दहेज लिये प्रताडित करना व मारपीट करना तथा अतिरिक्त दहेज की मांग करना तथा माँग पूरी न होने पर षडयंत्र के तहत वादी की बेटी की हत्या कर देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त श्यामवीर पुत्र कृपाल सिंह व अभियुक्ता मुनीशा देवी पत्नी श्यामवीर सिंह निवासीगण नगला बन्नू उर्फ नगरिया, थाना मदनापुर, को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त व अभियुक्ता के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है व अभियोग मे वांछित शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किए जा रहे है ।

## गुपचुप तरीके से हुई नगर पालिका बोर्ड की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को नगर पालिका परिषद लखीपुर की बोर्ड बैठक आनन फानन में आयोजित की गई। मंगलवार को नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव एवं ईओ लखीमपुर संजय कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान नगर पालिका लखीमपुर क्षेत्र के सभासदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्या रखी। बैठक के दौरान सभासद महिलाओं के साथ आए उनके पति को बोर्ड बैठक में जगह नहीं दी गई। सभा सद महिलाओं के पति ईओ लखीमपुर के चेंबर में सभागार की बैठक सीसीटीवी कमरे में देखते नजर आए। बैठक में पिछली कार्यवर्त पढ़कर सुनाई गई।

बैठक के दौरान दशहरा मेला को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्रशिक्षुओं को बताया विशाखा गाइडलाइन का महत्व



शाहजहांपुर स्वदेश राज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलहर एवं क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित आरटीसी सेन्टर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षुओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक, महिला थाना प्रभारी, आरटीसी प्रभारी एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने महिला प्रशिक्षुओं को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। अधिकारियों द्वारा महिला प्रशिक्षुओं को विशाखा गाइडलाइन के महत्व और उसके प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह गाइडलाइन कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति यौन उत्पीड़न को रोकने, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने और शिकायत निवारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए लागू की गई है ।वातार्लाप में अधिकारियों द्वारा महिला प्रशिक्षुओं को यह समझाया किकिसी भी प्रकार की अनुचित घटना या उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। गाइडलाइन के तहत पीड़ित महिला को कानूनी और मानसिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। भविष्य में वे पुलिस सेवा के दौरान महिलाओं के प्रति संवेदनशील और जागरूक दृष्टिकोण अपनाएं।अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षुओं को यह भी प्रेरित किया कि वे सुरक्षा, सम्मान और न्याय के प्रति संवेदनशील रहकर अपनी भूमिका निभाएं तथा समाज में महिला सुरक्षा को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं ने भी अपने प्रश्न अधिकारियों के समक्ष रखे, जिनका विस्तृत एवं संतोषजनक समाधान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षुओं में जागरूकता बढ़ाना, उन्हें कानूनी और नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग करना और महिला सुरक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण को सुदृढ़ करना था। शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा यह संवाद कार्यक्रम महिलाओं के प्रति संवेदनशील एवं सुरक्षित पुलिसिंग के प्रयासों की एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में आयोजित किया गया।

## दतेली में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कृषक समाज इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने ग्राम दतेली में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि कॉलेज प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा तथा प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज की अध्यक्षता में रैली निकाली गई। ग्राम प्रधान, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. योगेंद्र वर्मा, रूपेश मिश्रा, अमित वर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव सहित छात्र-छात्राओं ने गांव का भ्रमण कर लोगों से अपील की कि वे फाइलेरिया से बचाव के लिए समय पर दवा का सेवन अवश्य करें। डॉ. योगेंद्र वर्मा ने फाइलेरिया के लक्षण व बचाव के उपायों पर जानकारी दी। वहीं, रवि प्रकाश वर्मा ने बताया कि भारत सरकार 2027 तक देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अभियान चला रही है, जिसमें दवा वितरण, मच्छर नियंत्रण और जनजागरूकता प्रमुख साधन हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि ग्राम दतेली और आसपास के क्षेत्र जल्द ही फाइलेरिया मुक्त होंगे।

## शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की एसडीएम ने की अपील

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना परिसर में मंगलवार को गणेश उत्सव और बारावफात पर्व को लेकर एसडीएम लालगंज महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। पीस कमेटी के सदस्यों के बीच रास्ते को लेकर गहमागहमी का माहौल रहा। मुस्लिम समुदाय के लोगो ने रास्ते में पंडाल लगाकर अतिक्रमण का आरोप लगाया तो गणेश उत्सव समिति के लोगों ने कहा कि पूर्व में चली आ रही परंपरा के अनुसार पंडाल लगाया गया है जिसे बारावफात के जूलूस के दौरान निकाल दिया जाएगा।करीब तीन घंटे तक चली बैठक में रास्ते को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। एसडीएम और सीओ ने दोनों पक्षों को समझाते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में पिछले वर्ष की भांति गणेश उत्सव और बारावफात पर्व को मनाए जाने की अपील करते हुए कहा कि त्योहार में खलल डालने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## बोगस फर्म के जरिए 6.70 करोड़ की जीएसटी चोरी, मामला दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) लखीमपुर जिले में कर चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। सहायक आयुक्त राज्य कर ने श्री बालाजी इंटरप्राइजेज नामक फर्म के खिलाफ 6 करोड़ 70 लाख रुपये की जीएसटी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह फर्म गोला रोड पर ग्राम भीखमपुर पोस्ट कुम्मी में संचालित बताई गई थी, जिसका स्वामी अंकित कुमार पुत्र सुरेश कुमार है। विभागीय पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों की जांच के दौरान फर्म की गतिविधियों पर संदेह हुआ। सहायक आयुक्त राज्य कर के निर्देश पर राज्य कर अधिकारी ने फर्म की रैकी की। जांच में पाया गया कि यह फर्म केवल कागजों पर मौजूद है और वास्तविक रूप से अस्तित्वहीन है। अधिकारियों के अनुसार, फर्म द्वारा संबंधित वित्तीय वर्ष में बोगस खरीद-बिक्री दिखाई गई। इस फजीर्वाड़े से विभाग को 669.89 लाख रुपये का राजस्व नुकसान हुआ है। यही कारण है कि इस खंड से संबंधित राजस्व के आंकड़े ऋणात्मक हो गए। मामले को गंभीर मानते हुए सहायक आयुक्त राज्य कर ने फर्म स्वामी अंकित कुमार के खिलाफ गोला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कर विभाग अब इस मामले की गहन जांच में जुटा है।

## अतिक्रमण हटाने के नाम पर पुलिस ने गर्भवती महिला को दिया धक्का, ,गर्भपात

शाहजहांपुर। कांट थाना क्षेत्र में पुलिस पर बड़ी लापरवाही और अमानवीय व्यवहार का आरोप लगा है। ग्राम अकबरपुर रसूलपुर निवासी गर्भवती महिला रबीना पत्नी गुड्डू ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई है।आरोप है कि मंगलवार को थाना पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही थी। इसी दौरान रबीना ने पुलिस से गुहार लगाई कि वह सात माह की गर्भवती है और उसका पति घर पर नहीं है, इसलिए उसके सामान को न हटाया जाए। लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे कथित तौर पर धक्का दे दिया, जिससे वह पेट के बल जमीन पर गिर गई। महिला का गर्भपात हो गया और उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद भी पीड़िता को थाने ले जाकर मारपीट की गई। महिला ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में जमींनी विवाद में दो पक्षो में कहासुनी हो गई। पुलिस ने पीडित पक्ष की तहरीर पर दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रहमतनगर निवासी सुबोधकांत पुत्र सियाराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह लखीमपुर तहसील में वकालत करता है और इस समय उसके गांव में चकबंदी चल रही है। अलियापुर स्थित उसके पिता की जमींन के मूल खाते में पिता के नाम एक चक बन गया है। जिस पर रामपुर गोकुल निवासी सत्यप्रकाश शुक्ला पुत्र छोटेलाल ने आपत्ति दाखिल कर दी। इस मामले की जानकारी होने पर उसने 14 अगस्त को सीओ राजापुर के समक्ष वकालतनामा दाखिल कर दिया।जिससे नाराज सत्यप्रकाश शुक्ला ने तहसील जाते समय जातिसूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गये। पुलिस ने दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर मामले की जांच सीओ को सौंप दी है।

## मारपीट में पांच नामजद

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पांच लोगों पर रंजिशन उसे और उसके पति के साथ मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुये दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम पिपरहिया फजलनगर ग्रन्ट निवासी नीतू देवी पत्नी कुलदीप कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपने पति के साथ छोटेलालपुर चैराहे पर दवा लेने गई थी। इसी दौरान फजलनगर निवासी रणधीर सिंह पुत्र कर्ण सिंह, राजा पुत्र दलजीत सिंह, गुरूमुख सिंह पुत्र मुखत्यार सिंह व बसलीपुर निवासी बक्सी सिंह पुत्र देवेन्द्र सिंह रंजिशन जातिसूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे और उसके पति के साथ मारपीट कर मरणासन्न हालत में पहुंचा दिया।

## तीन लोगों पर दलित एक्ट का केस दर्ज

पिपरिया धनी,खीरी। पुलिस चौकी मूडा निजाम क्षेत्र निवासी एक महिला ने जातिसूचक गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुये तीन लोगों के खिलाफ हरिजन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम बसखेडा निवासी फूलमती पत्नी नंदराम ने मोहम्मदी कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 20 अगस्त को उसके पति ने घर बनवाने के लिए ट्रेक्टर ट्राली से इंटे भट्ठे से मंगवाई थी। गांव निवासी सियाराम व उसके पुत्र जबर यादव, रोहित यादव टेज्क्टर ट्राली उसके घर तक नहीं जाने दे रहे थे। इस मामले को लेकर उक्त लोग जातिसूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उसे और उसके पति को लाठी डन्डों से मारा पीटा।

## जीवा हॉस्पिटल पर दर्ज हुआ मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में मानक विहीन चल रहे एक अस्पताल पर सीएचसी अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा0 गनेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि एक जुलाई को उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 प्रमोद रावत व डा0 लाल जी पासी ने जीवा हास्पिटल के यहां निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अस्पताल बिना पंजीकरण और बिना प्रशिक्षित डाक्टरों के सिजेरियन आपरेशन करते पाये गये थे। डा0 गनेश कुमार ने सीएमओ के आदेश पर जीवा हॉस्पिटल के प्रबन्धक पर क्लीनिकल स्टैब्लिसमेंट एक्ट 2010 के उल्लघंन का मुकदमा दर्ज कराया है।

## बीएलओ ने छेड़छाड़ का लगाया आरोप, केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। गांव कंधरापुर में प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापिका को बीएलओ नियुक्त होने पर सर्वे करने मकान पर पहुंचते ही आए युवक ने गाली गलौज कर जान से मार डालने की धमकी देते हुए छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने नामित आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव कंधरापुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सोमवार को सर्वे करने पहुंची सहायक अध्यापिका वर्षा टंडन ने गांव के मकान नंबर 230 पर पहुंचकर कार्य करते समय गांव के शिवकुमार पर गाली गलौज कर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है पुलिस ने दलित उत्पीड़न समेत संगीन धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना सीओ अरुण कुमार सिंह को सौंपी है।

## पड़ोसी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की शिकायत

मोहम्मदी खीरी। पंचायती चुनाव की तैयारियां शुरू होते ही उम्मीदवार अपने गांव में चुनाव की गणित ठीक न होने पर पड़ोसी ग्राम पंचायत में गलत तरीके से मतदाता सूची में नाम अंकित कराने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। बेला परछिया निवासी अश्विनी शुक्ला ने निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया पड़ोसी गांव रायपुर कला के एक व्यक्ति द्वारा पड़ोसी ग्राम पंचायत में गलत तरीके से फर्जी दस्तावेजों पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने का आवेदन की भनक लगते ही शिकायत उच्च अधिकारियों को दी गई है। एसडीएम ने बताया मामले की जानकारी नहीं है शिकायत मिलते ही जांच कर कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## केराकत में सड़क की हालत जर्जर

जौनपुर । केराकत में रेलवे स्टेशन, मार्केट, स्टेट बैंक और विकासखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेलवे स्टेशन तक का रास्ता पिछले 7 वर्षों से जर्जर है। केराकत रेलवे स्टेशन से रोजाना हजारों यात्री दिल्ली, लखनऊ, मुंबई जैसे प्रमुख शहरों की यात्रा करते हैं। यहां से गोंदिया-बांद्रा, दिल्ली-छपरा, सूरत समेत लगभग आधा दर्जन एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं। रात में यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। विकासखंड मुख्यालय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक की सड़क भी गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य प्रवेश द्वार पर जल जमाव की समस्या है। खराब सड़कों के कारण लोग फिसलकर गिर रहे हैं। इतनी गंभीर समस्या होने के बावजूद जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्रीय सांसद इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# डीएम ने छात्रों से बात कर परखी पढ़ाई की गुणवत्ता

आजमगढ़। डीएम रविंद्र कुमार ने मंगलवार को जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय मूसेपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने पढ़ रहें कक्षा 6, 8, 11 एवं 12 के छात्रों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी लिया। छात्रों ने जिलाधिकारी को सुबह से कितनी कक्षाएं चली तथा किस विषय के कौन-कौन से अध्यापक आए और क्या पढ़ाया गया, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ ही अन्य जानकारी से भी अवगत कराया। छात्रों ने जिलाधिकारी को सुबह नाश्ते में क्या दिया जाता है तथा खाना में क्या खिलाया जाता है, के बारे में भी जानकारी दी गई।

जिलाधिकारी के पूछने पर छात्रों द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ अध्यापक-अध्यापिकाएं कभी-कभी नहीं आते हैं तथा क्लास में ठीक से पढ़ाते भी नहीं है, कुछ छात्रों ने खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं होने तथा खेलने की सुविधा न होने की भी जानकारी दिया। जिलाधिकारी महोदय ने अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया, जिसमें तीन अनुपस्थित अध्यापकों में से 02 की छुट्टी का प्रार्थना पत्र मिला तथा एक अध्यापक का प्रार्थना पत्र नहीं पाया गया। पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि संबंधित अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करें।

जिलाधिकारी ने इसके बाद छात्रावास का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने छात्रों के लिए तैयार किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। चावल की गुणवत्ता अच्छी नहीं पाये जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया तथा सप्लाई करने वाली फर्म को नोटिस जारी करते हुए 05 प्रतिशत की कटौती करने का निर्देश प्रधानाचार्य को दिया। जिलाधिकारी ने चावल एवं दाल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल भी एकत्र करवाया। जिलाधिकारी ने छात्रावास में नाली का पानी जाम होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने नाली के वाटर लेवल को सही करने के साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को सप्ताह में एक बार निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने का निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने बुखार होने के कारण छात्रावास में रुके छात्रों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। मौके पर उपस्थित फार्मासिस्ट ने बताया कि छात्रों को दवा दी गई है, अब उनका स्वास्थ्य



- डीएम ने आश्रम पद्धति विद्यालय मूसेपुर एवं अटल आवासीय विद्यालय गंभीरवन का किया आकस्मिक निरीक्षण

ठीक है। जिलाधिकारी ने कहा कि रेन्डमली भ्रमण कर अध्यापकों का भी निरीक्षण करते रहें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि जिस विषय में छात्र फेल हुए हैं, उनके अध्यापकों की संविदा समाप्त करने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया जाए। छात्रावास एवं स्कूल के बाहर संपर्क मार्ग पर जल जमाव एवं गड्ढा होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल खंड विकास अधिकारी एवं प्रधान से संपर्क स्थापित करके ठीक कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह में ठीक नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध या जो भी जिम्मेदार होगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय गंभीरवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर, छात्रावास, एकेडमिक ब्लॉक एवं मेस का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त किया। जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि परिसर में वॉटर लॉगिन के संबंध में बताया गया कि लो लैंड होने के कारण बारिश में जल जमाव हो जाता है। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मनरेगा द्वारा इस समस्या का निराकरण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने इसके पश्चात मेस में बन रहे खाने की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया, जिसमें दाल, चावल, सब्जी एवं आटे की गुणवत्ता अच्छी पाई गई। जिलाधिकारी ने इस पर संतुष्टि व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने खाने के मेन्यु का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि बायोलॉजी एवं मैथ के कुछ अध्यापकों की कमी है। जिस पर जिलाधिकारी ने शासन से बात कर उक्त समस्या के निराकरण कराने का आश्वासन दिया। डीएम को अवगत कराया गया कि अटल आवासीय विद्यालय 2022 में बन गया तथा 2023 से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ कर दिया गया है। मंडल के तीनों जनपदों आजमगढ़, मऊ एवं बलिया के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान समाज कल्याण अधिकारी राजेश चैधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक, सहायक श्रमायुक्त सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### खाद की किल्लत से किसान परेशान

कोन/सोनभद्र। नव-सृजित ब्लॉक कोन के अंतर्गत आने वाले कचनरवा बीपैक्स में मंगलवार को दूसरे दिन भी यूरिया खाद लेने के लिए बड़ी संख्या में किसान इकट्ठा हुए। सुबह से ही उमड़ी भारी भीड़ और खाद की कम मात्रा को देखते हुए वितरण शुरू नहीं हो सका, जिससे किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। किसानों ने संबंधित विभाग के ऊपर जमकर निशाना साधा। बतातें चले कि प्रदेश सरकार का दावा है कि प्रदेश में खाद की कमी नहीं है, लेकिन जिले भर के केंद्रों पर लगी लंबी कतारें इस दावें की सच्चाई पर सवाल उठाती हैं। मंगलवार को भी हजारों की संख्या में पुरुष और महिला किसान सुबह से ही कतार में खड़े थे। इस दौरान वे आपस में वात विवाद करते नजर आये। इस दौरान स्थानीय प्रशासन किसानों को समझाने का प्रयास किया किन्तु बात नहीं बनी। जहां खाद न मिलने से किसानों की परेशानी और बढ़ गई। इस मुद्दे पर एआर कॉपरेटिव देवेंद्र सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने बताया कि किसानों की संख्या ज्यादा होने व उर्वरक पर्याप्त न होने के कारण खाद वितरण नहीं हो सका और उन्होंने कहा कि जब तक पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं होगी तब तक खाद वितरण करना संभव नहीं है। समस्या को लेकर विजय कुमार, बिहारी प्रसाद, सतेंद्र, संजय कुमार सहित कई किसानों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभाग से तुरंत पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने और वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है।

### धोखाधड़ी करने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

मीरजापुर। जिले की पुलिस ने एक ऐसे गैंग का खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो सरकारी विभाग में नौकरी दिलाने का भरोसा दिला लोगों को लूटने का काम करते थें। मंगलवार को मिर्जापुर जिले की कटरा कोतवाली थाना पुलिस ने फर्जी नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, कटरा कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी के रहने वाले रोहन मिश्र पुत्र सृष्टि नारायण मिश्र ने में 23 अगस्त 2025 को नामजद तहरीर देकर अपनी की पत्नी का शिक्षा विभाग में संविदा के विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने व इंटरव्यू के नाम पर धोखे से पैसा मांगने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारम्भ की गई थीं। इस संपूर्ण मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली कटरा को सख़्त निर्देश दिए थे। पुलिस टीम द्वारा 26 अगस्त 2025 को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र से नामजद आरोपी अश्वनी कुमार पुत्र स्वर्गीय उमाशंकर निवासी ग्राम दूनैया पाण्डेय पोस्ट हरिहरपुर बेदौली थाना पड़री व दीपचन्द्र कश्यप पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम लखनपुर थाना चील्ह को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 39900 रुपए व 4 मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बन्द घर से बाइक और सामान चोरी

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र मनहन गांव में एक बन्द घर का ताला तोड़कर चोर एक बाइक सहित अन्य सामान उठा ले गए। पीड़ित मंगलवार को घर पहुंचा तो उसके होश उड़ गये। उक्त गांव निवासी सुबाष उपाध्याय परिवार के साथ मुंबई में रहते हैं। गांव के घर में ताला लगा हुआ था। 22 अगस्त की रात को उनके घर तथा घर के अंदर के कमरों तथा आलमारी का ताला तोड़कर चोर होंडा शाइन बाइक, एक एलईडी, पीतल के बर्तन और कपडे आदि उठा ले गये। 23 अगस्त की सुबह गांव के किसी व्यक्ति की नजर घर पर पड़ी। दरवाजा खुला देखकर उसे शक हुआ। उसने सुबाष उपाध्याय के भतीजे विनोद उपाध्याय को सूचना दिया। वे जब मौके पर गए तो सारी जानकारी फोन से अपने चाचा सुबाष उपाध्याय को दिया। उनको बताया कि बाइक तथा एलईडी टीवी चोरी हो चुकी है। बाकी कमरों का ताला तोड़ दिया गया है। उसमें रखा सारा सामान अस्त व्यस्त है। उन्होंने कहा कि वे अपने पुत्र मनीष को घर भेज रहे है। मनीष मंगलवार को घर आये। उन्होंने बताया के घर से बाइक और एलईडी टीवी के अलावा पीतल के हंडे, परात, कुछ कपड़े आदि भी चोरी हुए है। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दिया।

# मण्डलस्तरीय कार्यशाला का आयोजन

आजमगढ़। संयुक्त आयुक्त उद्योग रंजन चतुवेर्दी ने बताया है कि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, जेम प्रकोष्ठ, एक्सपो मार्ट, निर्यात भवन, कैसरबाग, लखनऊ द्वारा प्रदत्त निर्देश के अनुपालन में जेम पोर्टल पर अपंजीकृत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को पंजीकृत करने हेतु आजमगढ़ मण्डल में मण्डल स्तरीय कार्यशाला मंगलवार को हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में आयोजित की गयी। श्री रंजन चतुवेर्दी, संयुक्त आयुक्त उद्योग, आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ के कुशल नेतृत्व में कार्यशाला का संचालन किया गया। कार्यशाला में जेम पोर्टल पर पंजीकरण विषयक आधारभूत जानकारी के साथ-साथ पोर्टल से सम्बंधित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के नामित विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गयी। उक्त अवसर पर आजमगढ़ मण्डल के तीनों जनपदों से एक सौ से अधिक सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर उपस्थित उद्यमियों का जेम पोर्टल पर सेलर/बायर के रूप में पंजीकरण भी कराया गया। कार्यशाला के समापन सम्बोधन में संयुक्त आयुक्त उद्योग, आजमगढ़ द्वारा विषय विशेषज्ञों के द्वारा जेम पोर्टल के सम्बन्ध में प्रदान की गयी विस्तृत जानकारी को उद्यमियों एवं विक्रेताओं के लिये अत्यधिक लाभप्रद एवं प्रेरणादायक बताया गया। आगन्तुको का आभार व्यक्त करते हुये कार्यशाला का विधिवत समापन किया गया।

# नाले में बहे बच्चों की दूसरे दिन तलाश



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। नगर के मछलीशहर पड़ाव में एक ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। साथ ही दो बच्चे नाले में बह गए। मृतक की पहचान बक्शा थाना क्षेत्र के कोल्हनामऊ निवासी 26 वर्षीय शिवा गौतम के रूप में हुई है।

शिवा मजदूरी और ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना पर मृतक की पत्नी प्रियंका और मां सावित्री अस्पताल पहुंचीं। कल शाम को हुई पंद्रह घंटे बाद तक एसडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची। बच्चों की तलाश के लिए कर्मचारियों को बिना सुरक्षा उपकरणों के मैनहोल में उतरना पड़ा। मछलीशहर पड़ाव से 200 मीटर की दूरी तक पांच मैनहोल खोले गए। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने जांच के लिए त्रिस्तरीय कमेटी बनाई है। इसमें सीआरओ अजय अंबष्ट, एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव और अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रथम शामिल हैं। लापता बच्चे मोहम्मद समीर के भाई असफाक अली ने बताया कि बारिश के दौरान एक लड़की नाले की तरफ पहुंची थी। उसे बचाने के लिए रिक्शा चालक आगे बढ़ा। फिर दो लोग उस रिक्शा चालक को बचाने दौड़े, जिनमें समीर भी था। समीर प्रयागराज का रहने वाला है और शादी में शामिल होने के लिए 4 दिन पहले ननिहाल आया था। घटनास्थल पर मंगलवार को दिन बच्चों की तलाश जारी रही। फायर ब्रिगेड के जवान भी खोजबीन में लगे रहे। नगर पालिका और विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# पति की लम्बी आयु के लिए रखा निर्जला व्रत



जौनपुर। हरितालिका तीज के अवसर पर सुहागिन महिलाएं मंगलवार को पूरे 24 घंटे उपवास पर रहीं। घरों, मंदिरों में भगवान शिव-पार्वती का पूजन कर व्रतियों ने पति की लंबी उम्र की कामना की। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ महिलाओं ने सुख-शांति वैभव और पति के दीघार्यु की होने की कामना की। इसके लिए मंदिरों में पूजा-अर्चना की। वहीं ब्राह्मणों ने घर और मंदिर दोनों जगहों पर पूजा-अर्चना करवाई। इसके लिए फल, मिठाई आदि से डलिया को सजाया गया।

महिलाएं 24 घंटे व्रत रहकर रात्रि में चारों पहर भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती रहीं। तीज व्रत को हरितालिका भी कहा जाता है। यह व्रत सुहाग की रक्षा के लिए महिलाएं करती हैं। व्रत कथा के अनुसार पार्वती भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए 12 वर्षों तक वन में कठोर तपस्या की। पूजा के प्रभाव से शिव प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन देते हुए पति के रूप में स्वीकार करने का वरदान दिया। तभी से इस व्रत को महिलाएं करती आ रही हैं। सुहागिन महिलाएं लगातार 24 घंटे तक निराहार (बिना कुछ खाए-पीए) रहती हैं। दूसरे दिन पूजा-पाठ करने के बाद ही व्रती महिलाएं अन्न-जल ग्रहण करती हैं। जिसे पारण कहा जाता है।

# बहू-बेटे ने पिता को पीटा, वीडियो वायरल होने पर 15 गिरफ्तार

मीरजापुर। जिले से रिश्तों और मानवता को झकझोर कर रख देने वाला एक वीडियो सामने आया है जिसे देख लोगों में तीखी प्रतिक्रिया सुनने में आ यही है तो वहीं ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाने की आवाज उठ रही है। दरअसल, जनपद में बेटे और बहू ने सगे बुजुर्ग पिता की बेरहमी से पिटाई की है। लाठी डंडे और लात घुसो से बहु-बेटे ने मिलकर पिता की पिटाई की है. मानवता को शर्मशार कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामूली धाराओं



में मुकदमा दर्ज कर बहु बेटे समेत तमाशबीन बने 15 लोगों का चालान कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि जनपद से एक शर्मसार कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. एक बुजुर्ग की उसकी बहू और बेटे बेरहमी से लाठी डंडे लात घुसे यहां तक कि बुजुर्ग की घसीट-घसीट कर पिटाई कर रहे हैं। पूरा मामला हलिया थाना क्षेत्र के परसिया गांव का है। जहां के रहने वाला बुजुर्ग राम आसरे को पुरानी रंजीश को लेकर उसके बेटे सियाराम मौर्य और बहू रीना लाठी डंडे लात घुसे और घसीट-घसीट कर घंटो मार-पीट रहे हैं जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इस मामले में बुजुर्ग की पत्नी महुरी देवी ने हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बहु-बेटे समेत तमाशबीन बने 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शांतिभंग के अंदेशा में महिलाओं सहित 15 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वायरल वीडियो के मामले को लेकर हलिया पुलिस ने सोमवार को कारवाई करते हुए बहु बेटे समेत 15 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, इनमें 13 वह लोग हैं जो तमाशाबिन बने हुए थे, जब बुजुर्ग की पिटाई हो रही थी। वहीं उपनिरीक्षक विजय नारायण पांडेय ने सभी को उपजिलाधिकारी लालगंज के न्यायालय में हाजिर करते हुए जेल भेज दिया है। दूसरी ओर हलिया थाना प्रभारी राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि बुजुर्ग की पिटाई के मामले का वीडियो वायरल होने पर और बुजुर्ग की पत्नी के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कुल 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है घटना की जांच की जा रही है।

# सड़क पर जल जमाव से आने-जाने में कठिनाई

जौनपुर। धमार्पुर विकास खंड के ग्राम पंचायत गजना के चैराहे पर जलभराव से लोगों को परेशानी हो रही है। सड़क पर पानी भर जाने से आम नागरिकों का निकलना मुश्किल हो गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष यादव के अनुसार यह सड़क लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधीन है। उन्होंने इस समस्या से पीडब्ल्यूडी और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों को अवगत करा दिया है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय निवासियों में इस स्थिति को लेकर नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम के पोस्टर, स्टीकर, पंफलेट का हुआ विमोचन

सोनभद्र। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान मे 01 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाले ष्हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमानष् कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विन्ध्याचल मण्डल की मण्डलीय समीक्षा बैठक, संघ भवन, सोनभद्र में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पंच संकल्प पोस्टर, पंफलेट एवं स्टीकर का विमोचन उत्तर प्रदेश के आयाम प्रमुख शशांक कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयाम प्रमुख द्वारा बताया गया कि राष्ट्रहित में इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवा का माध्यम बनाना है। मण्डल के शतप्रतिशत विद्यालयों पर हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम मनाने हेतु न्याय पंचायत स्तर पर संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त करते हुए सभी विद्यालयों तक महासंघ की पहुंच होनी चाहिए। मण्डल अध्यक्ष विन्ध्याचल मण्डल अखिलेश वत्स जी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 1 सितंबर के कार्यक्रम हेतु तीनों जनपदों के लिए विकासखंड स्तर पर संयोजक व सहसंयोजक बना लिए गये हैं जिससे प्रत्येक विद्यालय में वृहद स्तर पर कार्यक्रम मनाया जा सके। इस दिन विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक पांच संकल्प लेगें। इससे समाज और विद्यालय के मध्य एक मजबूत सम्बन्ध बनेगा। कार्यक्रम संयोजक जिलाध्यक्ष सोनभद्र अशोक कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम सफल बनाने हेतु जनपद की योजना रचना से अवगत कराते हुए शत प्रतिशत विद्यालय में कार्यक्रम संपन्न कराने की योजना बनाते हुये आये हुए अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

# टूटी सड़कें और खुले नालों पर वकीलों का विरोध प्रदर्शन

जौनपुर। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह एवं महामंत्री मनोज मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचा। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी का घेराव करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि शहर के अंदर जगह-जगह टूटी हुई सड़कों और खुले सीवर की वजह से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में लापरवाही और बदइंतजामी के कारण तीन लोगों की असमय मृत्यु हो चुकी है, जो बेहद दुःखद और निंदनीय है। अधिवक्ता संघ ने कहा कि विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार मूलभूत सुविधाएँ तक मुहैया कराने में विफल साबित हो रही है। टूटी सड़कें और खुले नाले शहर की



बदहाली की तस्वीर पेश कर रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन तत्काल कार्रवाई कर सड़कों की मरम्मत और सीवर की समस्या का समाधान नहीं करता, तो अधिवक्ता संघ आंदोलन को और तेज करेगा। उन्होंने मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की भी मांग की। घेराव में क्लेक्ट्रेट बार के पूर्व अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री आनंद मिश्रा, उपाध्यक्ष राजकुमार निषाद, इन्द्रबहादुर सिंह, हीरामणि यादव, यादवेन्द्र मिश्रा, अमरनाथ पांडेय, सुनील यादव, अखिलेश यादव, जयमंगल यादव, जगदीश पाठक आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पालिकाध्यक्ष का हिन्दू धर्म रक्षक सेवा ट्रस्ट ने किया स्वागत

मीरजापुर। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन और अन्य सरकारी और गैर सरकारी स्थानों और अन्य स्थलों पर लिखे मिर्जापुर के स्थान पर मीरजापुर लिखे जाने के ऐतिहासिक निर्णय का हिन्दू धर्म रक्षक सेवा ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष लालजी प्रसाद बम ने समर्थन किया है। हिन्दू धर्म रक्षक सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुमार (राव साहब) व मीरजापुर के जिलाध्यक्ष लालजी प्रसाद बम जी ने मीरजापुर नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी को भगवा गमछा पहनाकर उनका अभिनन्दन किया। हिन्दू धर्म रक्षक सेवा ट्रस्ट मीरजापुर के जिलाध्यक्ष लालजी प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार मीरजापुर नगर पालिका अध्यक्ष श श्याम सुंदर केशरी के द्वारा मिर्जापुर की जगह मीरजापुर लिखे जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है वह स्वागत योग्य है। मीरजापुर के अन्य नगर पालिका व नगर पंचायत के द्वारा भी इसी प्रकार ऐतिहासिक निर्णय लिया जाए, जिससे पूरे जनपद में ३मिर्जापुर३ की जगह मीरजापुर लिखा जाएं।

# सुहागिनों ने भगवान शिव और माता पार्वती का किया पूजन

सोनभद्र। मंगलवार को हरतालिका तीज के अवसर पर अखंड सौभाग्य और पति के दीघार्यु की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखा। घरों में आस्था और उल्लास भाव के साथ निर्जला उपवास रखकर महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की विधि विधान से पूजा की और आरती उतारी तो देर शाम शिवालयों में पहुंचकर पति-पत्नी ने भगवान का दर्शन किया। साथ ही परिवार की सुख समृद्धि के लिए भगवान से आशीष मांगा।

इस दौरान घरों में दिनभर सुहागिनों ने निर्जला रहकर उपवास किया। शाम को भगवान शिव व माता पार्वती की विधिवत पूजा करने की तैयारी शुरू की। पूजा के लिए फूलों की मौरी के साथ बिंदी, सिंदूर, बिछिया, मांग टीक व आलता सहित अन्य श्रृंगार की सामग्री रखी गई। मिट्टी के शिव-पार्वती की प्रतिमा के सामने पूजन सामग्री रखकर चंदन, कई प्रकार के फल व मिष्ठान चढ़ाकर उनका गंगाजल से अभिषेक किया गया। पूजन के समय के पलों को स्मृतियों में सहेजने के लिए उसकी तस्वीरों के अपने मोबाइल में संजोते भी दिखे। सुहागिनों ने अपने-अपने पतियों



का पैर छूकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सुहागिनें अपने पति की खुशी और परिवार की समृद्धि के लिए कामना की गई। निर्जला उपवास रखने वाली सुहागिनें बुधवार को उपवास का पारण कर व्रत को तोड़ेगी। म्योरपुर संवाददाता के अनुसार-स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण अंचलों मे मंगलवार को हरतालिका तीज का पर्व मनाया गया इस व्रत को तीजा के नाम से भी जाना जाता है। यह व्रत भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्य की थी, जिससे प्रसन्न होकर महादेव ने पार्वती को पत्नी रूप में स्वीकार किया। तभी से यह व्रत विशेष महत्व रखता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और पति की लंभी आयु की कामना करते हुए शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। महिलाओ को कथा सुना रहे पुरोहित श्याम चरण तिवारी ने बताया की पति की लम्बी उम्र के लिए सुहागन महिलाये यह व्रत रखती हैँ एव व्रती महिलाये भगवान शिव एव और माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए करती हैँ इस दिन विधि विधान से महिलाएं गौरी-शंकर की पूजा करती हैं और निर्जला व्रत का पालन करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए यह व्रत रखा था। इस दौरान दर्जनों की सख्या मे व्रती महिलाओ ने सामूहिक कथा सुना।

करमा संवाददाता के अनुसार-स्थानीय विकासखंड के अंतर्गत सभी गांव की सौभाग्यशाली महिलाओं ने हरितालिका तीजका व्रत धारण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हरितालिका तीज का व्रत सुहा गीन महिलाये अपने सुहाग को अखंड बनाए रखने और अविवाहित युवतियां मनचाहा वर पाने के लिए यह उपवास रखती हैं यह व्रत महिलाये भगवान शिव और माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए करती हैं। इस दिन माता गौरी देवी व भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए पूजा कर निर्जला व्रत का पालन करती हैं हर तालिका तीज पौराणिक कथा के अनुसार माता पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन से जुड़ी है कहा जाता है कि पार्वती देवी ने इस दिन भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए भाद्रपद के तृतीया तिथि को कठोर तपस्या की थी जिसमें भगवान शिव ने देवी पार्वती को दर्शन देकर अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया था तभी से यह परंपरा प्रारंभ हो गई। बीजपुर संवाददाता के अनुसार- अखंड सौभाग्य की कामना का महा पावन व्रत हरितालिका तीज मंगलवार को भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को बड़े ही आस्था व विधि विधान के साथ मनाया गया। कस्बे एवं आसपास के क्षेत्रों में सुहागिन महिलाओ ने अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में विधि विधान के साथ हरितालिका तीज व्रत किया गया।

# किसान के दरवाजे पर कम से कम हो दो-दो गाय हों: श्याम बिहारी

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने आज जनपद भ्रमण के दौरान नगर पालिका परिषद द्वारा टांडा फाल में संचालित गो आश्रय स्थल एवं सुरभी शोध संस्थान गौशाला तपोवन तथा विजयपुर में स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौवंशो की स्थिति, चारा, हरा चारा, चोकर आदि की उपलब्धता के साथ समुचित उपचार के बारे में जानकारी ली।

नरीक्षण के क्रम में उपाध्क्ष महेश कुमार शुक्ला ने अलग-अलग गौशालाओं में भ्रमण कर निरीक्षण किया। सदस्य गो सेवा आयोग रमाकांत उपाध्याय ने नगर पंचायत कंछवा में संचालित गौ आश्रय स्थल एवं विकास मझवां अन्तर्गत एक गौशाला का निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य व चारा आदि के बारे में जानकारी ली। सदस्य दीपक गोयल व राजेश सेंगर द्वारा भी अलग-अलग गौशालाओं में जाकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने अष्टभुजा निरीक्षण गृह सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गौवंशो के समुचित देखभाल व रखरखाव हेतु वर्तमान में प्रदेश की लगभग 7717



गौशालाओं में 12 लाख 58 हजार गोवंश संरक्षित हैं। इन गोशालाओं को प्रशिक्षण केन्द्रों के रूप में विकसित कर प्राकृतिक कृषि, बायो गैस ऊर्जा एवं पंचगव्य उत्पादों को बढ़ावा दिया जाएगा जिससे स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण और रोजगार मिल सके। मण्डल स्तरीय गोआधारित प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। चारागाह भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर उसे गोवंश के लिए चारा उत्पादन हेतु उपयोग में लाया जाएगा। आईएफआरआई झांसी के माध्यम से बहुवर्षीय और मौसमी चारे का उत्पादन और प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। गौशालाओं में छायादार वृक्षों बरगद, नीम, पीपल, सहजन आदि का वृक्षारोपण व्यापक रूप से किया जाएगा। सीमावर्ती जनपदों में गो-तस्करी रोकने हेतु एडीजी स्तर और जनपद स्तर पर एएसपी स्तर के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित विभागों के समन्वय से गोशालाओं को स्वावलम्बी बनाया जाएगा। हरे चारे की अनिवार्यता और वास्तविक गो गणना का पारदर्शी सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। गोमूत्र एवं गोबर आधारित स्थानीय प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना, बायोगैस प्लांट का विस्तार तथा किसानों को गोपालन हेतु प्रेरित करने के अभियान को तेज किया जाएगा। माडल किसानों के नवाचारों को अपनाने हेतु स्थलीय यात्राएं कराई जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर जैविक, प्राकृतिक कृषि को बल मिले। पंचगव्य उत्पादों एवं जैविक, प्राकृतिक खेती से जुड़े कार्यों में स्थानीय युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूहों, जागरूक जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री निराश्रित एवं बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के तहत कृषक यदि निराश्रित गोवंश को लेता है तो उसे रुपए 50 प्रति गोवंश, प्रति पशु की दर से मासिक रू1500 सहायता अनुदान दिया जाएगा। अधिकतम एक लाभार्थि द्वारा चार गोवंश लिए जा सकते हैं। जिससे लाभार्थी को छः हजार रुपएं मासिक साहयार्थ अनुदान प्राप्त होगा।

वृहद गोसरंक्षण केन्द्र एवं अस्थायी गोआश्रय स्थल का संचालन स्वयं सेवी सहायता समूहों, एफपीओ, कृषक संगठन, संस्थाओं, कृषक द्वारा शासनादेश में निहित व्यवस्था के अनुसार एमओयू के माध्यम से किया जा सकता है। प्रधानमंत्री द्वारा प्राकृतिक कृषि को अपनाने हेतु नेचुरल मिशन फार नेचुरल फार्मिंग (एनएमएनएफ) प्रारम्भ किया गया है, जिसमें विभिन्न क्लस्टर्स के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे कि रसायन मुक्त, विषमुक्त भोजन आम जनमानस को प्राप्त हो सके। 25 करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश में लगभग 3 करोड़ कृषक परिवार हैं एवं गोवंश की सख्या लगभग 1.90 करोड़ है।

संक्षेप

## 31 अगस्त को पीएम करेंगे मन की बात

**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम मासिक रेडियो कार्यक्रम के रूप में प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हैं और नागरिकों से जुड़े विचारों को शामिल करते हैं। 31 अगस्त को यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के संपूर्ण नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूजऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा यह बातें भाजपा जिला मंत्री व मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक विवेकानंद शुक्ल ने मंगलवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में पडरौना विधानसभा के मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक में कहा। उन्होंने कहा कि पीएम का मन की बात कार्यक्रम जमीनी स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रदर्शित करने और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भागीदारी को प्रेरित करने वाले एक राष्ट्रीय मंच के रूप में अग्रणी बना हुआ है। कहा कि भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा जिसमें बूथ अध्यक्ष बूथ समिति व आमजन के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनेंगे। उन्होंने मण्डल अध्यक्षों से कहा कि सभी बूथों पर कार्यक्रम प्रभावी रूप से हो इसके लिए शक्ति केंद्रों पर बैठक कर योजना रचना तैयार कर लें। इस अवसर पर जिला मंत्री अतुल श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, पडरौना नगर मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, पडरौना देहात मण्डल अध्यक्ष रामजीत चौहान आदि उपस्थित थे।

## पद्मश्री प्रो. आशुतोष शर्मा का गुआक्टा ने किया स्वागत

**कुशीनगर।** बुद्ध नगरी कुशीनगर में स्थित महापरिनिर्वाण मन्दिर पहुंचे पद्मश्री प्रो आशुतोष शर्मा ने तथागत बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चलाया। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर पहुंचने पर पद्मश्री प्रो आशुतोष शर्मा का स्वागत गुआक्टा के महामंत्री डा निरंकार त्रिपाठी, डॉ रामवंत गुप्त, प्राचार्य डॉ विनोद मोहन मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। उन्हें शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया। तदोपरान्त भगवान बुद्ध के दर्शन कराया गया। इस अवसर पर डॉ सौरव द्विवेदी, डॉ जितेन्द्र मिश्र, डॉ पंकज दूबे, डॉ अनुज कुमार और महाविद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक मौजूद रहे।

## वांछित भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने दुष्कर्म की घटना में वांछित समेत दो आरोपियों को मंगलवार की सुबह धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। बीती अठारह अगस्त को एक पीड़िता की तहरीर पर दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ है। मुकदमें में वांछित आरोपी विश्राम का पुरवा जेवईं निवासी इंद्रजीत उर्फ भुल्ले पुत्र राजाराम को पुलिस ने विकास नगर चौराहा से धर दबोचा। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने मंगलवार को गश्त के दौरान एक अन्य मुकदमे मे कोर्ट के वांछित को भी हिरासत में ले लिया। दरोगा विनोद कुमार चौरसिया फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। महिमापुर नहर के समीप पुलिस के हत्थे कोठा नेवढ़िया तेलियानी निवासी रमेशचंद्र जायसवाल पुत्र बद्री प्रसाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

# हाईकोर्ट के आदेश बाद आठों गृह स्वामियों ने हटाया अवैध कब्जा



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर के विस्तारीकरण के क्रम में वर्ष 2020 में आईएलएस एवं आईएफआर लगाने हेतु 30.14 एकड़ अतिरिक्त भूमि ली गयी, जिसमें काश्तकारों की निजी भूमि (भूमिधरी), आबादी श्रेणी-6 (2) एवं अन्य शासकीय भूमि तथा उस पर निर्मित अवसंरचना का नियमानुसार नागरिक उड्डयन विभाग उप्र के पक्ष में लेने के उपरान्त भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण को रकबा 29.88 एकड़ भूमि हस्तान्तरित किया जा चुका है।

एयरपोर्ट कुशीनगर के पक्ष में ली गयी उपरोक्त भूमि में गाटा सं0- 1275/0.1740 हे० भूमि स्थित ग्राम- भलुही मदारी पट्टी, तप्पा-मैनपुर, तहसील-कसया, जनपद-कुशीनगर, जो राजस्व अभिलेख में बंजर खाते के नाम से दर्ज है, भी शामिल है, पर शुभम श्रीवास्तव पुत्र स्व० अवधेश श्रीवास्तव, चोकट पुत्र डुग्गी, बनारसी व धन्नी पुत्रगण बाबूलाल, बच्चन प्रजापति व भकोली प्रजापति पुत्रगण रामलाल प्रजापति, रमायन गोड़ पुत्र रामबली, अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव, मोहन लाल, उपेन्द्रलाल, संतोषलाल, सुशील कुमार पुत्रगण वृन्दालाल द्वारा अवैध अतिक्रमण पाये जाने के उपरान्त न्यायालय तहसीलदार कसया द्वारा उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के तहत बेदखली का आदेश दिनांक 03.12.2020 पारित किया गया। बेदखली आदेश के बाद अवैध कब्जाधारियों द्वारा न्यायालय डीएम, कुशीनगर में उप्र राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 (5) के तहत अपील प्रस्तुत किया गया, जो दिनांक 14.12.2021 को अपील खारिज हो गया। अपील खारिज होने के उपरान्त अवैध कब्जाधारियों द्वारा हाईकोर्ट इलाहाबाद में याचिका सं-719/2022, 727/2022, 730/2022, 740/2022, 721/2022, 724/2022 व 802/2022 योजित किया गया, जिसके क्रम में मा० हाईकोर्ट द्वारा स्थगन आदेश पारित किया गया था, जिसके कारण अवैध कब्जेधारियों को सरकारी भूमि से हटाया नही जा सका था। हाईकोर्ट द्वारा 21.08.2025 को अवैध कब्जा को हटाये जाने का आदेश पारित किया गया है, जिसके क्रम में मंगलवार को राजस्व, एयरपोर्ट एवं पुलिस टीम की उपस्थिति में आठों भवन स्वामियों द्वारा अपना सामान स्वतः हटा लिया गया एवं प्रशासन द्वारा आठों अवैध अध्यासन को ध्वस्त करा दिया गया। 5 अवैध अतिक्रमणकारी अन्यत्र अपने भवन में चले गये, शेष 3 अवैध अतिक्रमणकारियों को प्रशासन द्वारा अस्थायी रूप से वैकल्पिक व्यवस्था की गयी।

## स्कूल के संस्थापक प्रबंधक की मनायी गयी प्रथम पुण्यतिथि

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर पंचायत मे स्थित श्रीकृष्ण बाल विद्या मन्दिर हतवा बाजार के प्रांगण मे स्कूल के संस्थापक प्रबन्धक स्व अधिवक्ता श्रीराम गुप्त की प्रथम पुण्यतिथि समारोह का आयोजन उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता एवं स्कूल के प्रबन्धक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत भटनी के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त द्वारा स्व श्रीराम गुप्ता के चित्र के पास दीप प्रज्वलित एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया।

● नगर पंचायत भटनी के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने श्रीराम गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार गुप्त ने कहा कि स्कूल के संस्थापक प्रबन्धक विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए जिस तरह से नगर मे इस संस्था की नीव रखी और जिस मोकाम पर पहुंचाया। उस शिक्षा की दीप को प्रज्वलित करने व आगे बढाने के लिए नयी पीढी को उनके संघर्षो को याद करते हुए आगे आना होगा। अपने कर्तव्य पथ पर चलते समय कभी पीछे मुड कर नही देखा। आगे बढते रहे। वे आज हमारे बीच नही है लेकिन जब तक यह संस्था रहेगी। उनकी यादे लोगो दिलाती रहेगी।

अध्यक्ष ने कहा कि स्व श्रीराम गुप्त की सभी श्रध्दांजलि तभी होगी जब स्कूल परिवार उनके पदचिन्हों पर चलकर कार्य करेगा। सेवानिवृत्त बैक के शाखा प्रबन्धक सुरेश मध्देसिया ने उनके व्यक्तित्व व उनके किये गये कार्यों को विस्तार से बताया।

भाजपा के पूर्व जिला मंत्री मोहनलाल गुप्त हरीन्द्र वर्मा श्रीप्रकाश वर्मा ओमप्रकाश मध्देसिया गाँन्धी अधिवक्ता अनिरुद्ध गुप्ता शम्भुनाथ गुप्ता विरेन्द्र प्रसाद सुभाष मध्देसिया राजू मध्देसिया विजय शंकर मध्देसिया स्कूल के प्रधानाचार्य शैलेन्द कुमार गुप्ता हीरालाल गुप्ता ने भी श्रध्दा सूमन अर्पित किया। श्रीकृष्ण बाल विद्या मन्दिर हतवा बाजार भटनी के प्रबन्धक अधिवक्ता विवेक गुप्ता एवं श्रीकृष्ण उ 0मा0वि0के प्रबन्धक ब्रजेश गुप्ता द्वारा भी श्रध्दांजलि अर्पित की गयी।

कार्यक्रम के अन्त मे संस्थापक स्व श्रीराम गुप्त एवं ज्ञान प्रकाश इण्टरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य रामस्वरूप गुप्ता के आकस्मिक मृत्यु पर दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम की समापन की घोषणा कृपा शंकर मध्देसिया ने किया। अन्त मे प्रबन्धक विवेक गुप्ता ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## देशहित में जरूरी है एक देश एक चुनाव : भूपेंद्र सिंह




**देवरिया।** शहर के देवरिया क्लब में भाजपा ने एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान को गति देने और इसको छात्रों-युवाओं के माध्यम से चलाने की बैठक कर विस्तृत योजना तैयार की। बैठक को संबोधित करते हुए बीआरडीपीजी छात्र संगठन के पूर्व महामंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एक देश एक चुनाव में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव देशहित में अति आवश्यक है। इससे चुनावों में होने वाले गैरजरूरी खर्चों को कम करने के साथ ही सरकारी संस्थाओं का कीमती समय भी बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में प्रदेश में छात्रों व युवाओं को एक राष्ट्र एक चुनाव अभियान के साथ जोड़ते हुए विभिन्न कार्यक्रम एवं अभियानों की योजना बनाई गई है। प्रदेश के विश्विद्यालयों, महाविद्यालयों, इंजीनिरिंग कॉलेजों सहित अन्य महाविद्यालयों मे एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में छात्रों युवाओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जनपद के सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वो इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लें। कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मारकंडे शाही, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह आजाद, राधेश्याम शुक्ला, उमंग सिंह, निशिकांत, सुधांशु मिश्रा, अंकुर राय, रोहित त्रिपाठी, शिवम निषाद, अमित सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परियोजनाओं की स्वीकृति और प्रगति की समीक्षा समिति की हुई बैठक

**देवरिया।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में विकास निधि से प्राप्त धनराशि से संचालित होने वाली परियोजनाओं की स्वीकृति एवं प्रगति की समीक्षा हेतु गठित समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विकास निधि का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक ढंग से किया जाए, ताकि स्थानीय जनता को शीघ्र ही इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। किसी भी योजना में शिथिलता या लापरवाही पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने परियोजनाओं के स्थल निरीक्षण की भी बात कही और अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे नियमित रूप से कार्य प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि विकास निधि से संचालित परियोजनाओं का लक्ष्य जनपद में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है और इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी गण आदि रहे।

## अवैध मजार का मामला उठाने पर सदर विधायक को वेबसाइट पर मिली धमकी

**देवरिया।** शहर से गोरखपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने ओबर ब्रीज के नीचे बने एक मजार के अवैध कब्जा का मामला सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी द्वारा उठाए जाने पर एक वेबसाइट पर उन्हें तथा मुख्यमंत्री को धमकी दिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मजार के मुद्दे को लेकर Daly hunt Site ?? Mdseraj813@gmail.com... आईडी से लिखा गया है कि शलभ मणि त्रिपाठी को इतनी गोलियां मारेंगे की उसकी लास के चिथड़े उड़ जायेगे, और योगी आदित्यनाथ का जो हाल होगा वो पूरा इंडिया देखेगा, ओपेन चैलेंज हैं, मजार को छू कर दिखा लो...!। देवरिया सदर विधायक ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे कैसे मजार बना का मुद्दा उठाया तो अभिलेखों की जांच शुरू हो गई, सीएम के आदेश पर डीएम-एसपी को कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी द्वारा 25 जून 2025 को सीएम से शिकायत की गई इसके के बाद मामले की जाँच शुरू हुई। विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्रक सौंपकर ये बताया कि देवरिया नगर के गोरखपुर रोड पर ओवरब्रिज से सटी मजार का दायरा वर्ष दर वर्ष बढ़ता जा रहा है। जबकि यह भूमि बंजर जमीन, कुर्ना नाला और नेशनल हाइवे के अंतर्गत आती है। विधायक का कहना है कि रेलवे ओवरब्रिज के ठीक नीचे मजार का निर्माण किस तरह संभव हुआ, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामनगीना यादव ने इस मजार की वैधता पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद उनकी हत्या कर दीं गई थी। तबसे लोग डर के कारण लड़ाई लड़ने से पीछेहट गए। सदर विधायक ने शासन से विशेष टीम गठित कर सीमित समय में भूमि व अभिलेखों की जांच कराने तथा अवैध होने पर कब्जा मुक्त कराने की मांग की हैं, तो वही इस मामले में प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने डीएम और एसपी को जांच पूरी कर अवैध अतिक्रमण हटाने और शासन को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं। इस पुरे मामले पर शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा है कि देखिए हमारे देवरिया में एक बहुत ही महत्वपूर्ण ब्रिज है और शहर की आबादी बढ़ने के नाते वहां जाम लगता है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**कुशीनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा मंगलवार को निर्वाचन कार्यालय ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की की स्थिति, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवं रोशनदानो को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य विदुओं का गहन निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण दौरान वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से बाह्य सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश कुमार, ईवीएम के नोडल अधिकारी एवं ईवीएम गोदाम इंचार्ज कृष्ण कुमार, जिला उद्यान अधिकारी तथा प्रधान सहायक, सैयद कमाल असगर रिजवी, वरिष्ठ सहायक कौशलेश कुमार, वरिष्ठ सहायक, मुरलीधर शुक्ल, वरिष्ठ सहायक, शशि कुमार मद्धेशिया कंप्यूटर सहायक व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## सत्संग का पुण्य भगवान की कृपा में है निहित

**प्रतापगढ़।** नगर के सांगीपुर वार्ड में सोमवार की देर शाम सत्संग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कथाव्यास आचार्य पं. देवव्रत महराज का सभासदों एवं श्रद्धालुओं ने सम्मान भी किया। कथाव्यास आचार्य देवव्रत जी ने कहा कि सत्संग का पुण्य भी भगवान की कृपा पर ही हुआ करता है। उन्होने कहा कि जीवन में मंगल के लिए सदैव सदमार्ग का ही अनुसरण करना चाहिए। उन्होने कहा कि धार्मिक ग्रन्थों में चरित्र निर्माण की कथा का बोध युवाओं को कराया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि धर्म को समझने पर मनुष्य नैतिक आचरण के प्रति लगनशील स्वतः हो जाया करता है। आयोजन में चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी तथा प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सभासदों व श्रद्धालुओं की ओर से पं. देवव्रत को अंगवस्त्रम तथा श्रीफल व पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया।

## हरितालिका व्रती सुहागिनों ने मांगी अखंड सौभाग्य

**देवरिया।** हरितालिका तीज का व्रतधारी सुहागिनो ने आज विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र व अखण्ड सौभाग्य की प्रार्थना की। सनातन परम्परा के अनुसार यह त्यौहार सुहागिन महिलाओं के लिए अखंड सौभाग्य और कुंवारी कन्याओं के लिए मनोवांछित वर की प्राप्ति का व्रत है। यह व्रत माता पार्वती और भगवान शिव के पुनर्मिलन से जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। उन्होंने भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को व्रत रख भगवान शिव की पूजा की और तब भगवान शिव ने उन्हें दर्शन देकर पार्वती को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार करने का वचन दिया था. तब से इस दिन को हरतालिका तीज के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव, मां पार्वती और गणेश की पूजा की जाती है। महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं और कथा सुनती है। प्यार, परवाह, शरारत और समय, यही वह दौलत जो हमारे अपने हमसे चाहते हैं और हम अपनो से चाहते हैं और इन सभी शर्तों को खुद में समेटे इस पावन पर्व पर श्री कृष्ण सेवा समिति कालोनी की सभी माताओं बहनों को तीज की शुभकामनाएं देते हुए गणेश जी सहित मां पार्वती और भगवान शिव से प्रार्थना करती हैं। आज दोपहर बाद शहर के सोमनाथ, हनुमान मंदिर, तिरुपति बालाजी मंदिर, भीखमपुर रोड स्थित हनुमान आदि मन्दिरों में समूह में पहुचकर पूजा अर्चना कर पति के लम्बी उम्र व अखण्ड सौभाग्य की कामना की। घरों में शिवपार्वती की कथा का श्रवण किया।

# नाबालिग छात्रा के साथ घिनौनी वारदात में अपना दल एस के नेता समेत दो अन्य को भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना में कस्बे के चर्चित होटल टनाटन के संचालक व अपना दल एस नेता जय कौशल तथा मैनेजर अजय मिश्र उर्फ दीपक को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। रविवार की देर रात होटल टनाटन को सील करने की बड़ी कार्रवाई के बाद पुलिस ने अद नेता जय कौशल को होटल संचालक के रूप में छात्रा के साथ दुष्कर्म व धमकी के घृणित वारदात में आपराधिक षडयंत्र का तानाबाना रचने के आरोप में जेल भेजा है। पुलिस ने संचालक जय कौशल व होटल मैनेजर अजय मिश्र से कड़ाई से पूछतांछ की तो होटल के कई रहस्य सुनकर पुलिस के कान खड़े हो गये। रेस्टोरेंट के लाइसेंस पर होटल संचालन को लेकर अद नेता जय की मुश्किलें इस घटना के बाद बढ़ गयी। पुलिस ने होटल संचालक जय कौशल व अजय मिश्र को भी दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के मुकदमें में जेल भेजा है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने हिरासत में लिये गये अद नेता को कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी जय कौशल व अजय मिश्र दीपक को जेल भेज दिया। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस आरोपी जय कौशल तथा दीपक को जिला कारागार ले गयी। वहां अद नेता को निरूद्ध किया गया है। कस्बे में होटल टनाटन में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म को लेकर रविवार को लालगंज पुलिस ने आरोपी सगरा सुंदरपुर निवासी अनूप जायसवाल पुत्र बाबूलाल के खिलाफ केस दर्ज किया। आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। इस बीच होटल के सीसी फुटेज को पुलिस ने खंगाला तब उसे वहां की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। रेस्टोरेंट में पर्दे लगाकर बेड का प्रबन्ध पुलिस की आंख में भी चुभ गया। रेस्टोरेंट में पीड़िता के साथ दिनदहाड़े दुष्कर्म की घटना को लेकर पुलिस परत दर परत पड़ताल में जुट गयी। इधर छात्रा के साथ घिनौनी हरकत को लेकर अधिवक्ताओं समेत विभिन्न संगठन भी विरोध प्रदर्शन तक आ पहुंचे। पुलिस ने मंगलवार को लालगंज कस्बे के हनुमान मंदिर के बगल बाजार खास निवासी जय कौशल पुत्र विजय कौशल तथा लालगंज कोतवाली के हुलासगढ़ निवासी अजय मिश्र उर्फ दीपक पुत्र स्व0 काशी प्रसाद को जेल भेज दिया। पुलिस आरोपी जय कौशल को मेडिकल के लिए अलसुबह ट्रामा सेण्टर ले गयी। आरोपी अद नेता जय कौशल पिछले नगर पंचायत चुनाव में अपनी पत्नी को चेयरपर्सन का चुनाव भी लड़ा चुका है। हाल ही में सभासदों के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर वह एक और मुकदमें की जद में आया है। लखनऊ जिले के मोहनलालगंज में भी एक आपराधिक घटना को लेकर उसका नाम सुर्खियों में आया था। आरोपी अद नेता जय कौशल की गिरफ्तारी की चर्चा मंगलवार को बाजार में खास सरगर्मी में दिखी।

## थाना परिसर में हंगामा करने पर दर्जनों आरोपियो पर केस, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** थाना परिसर में हंगामा काटना एक पक्ष को महंगा पड़ा है। पुलिस ने ढ़ाई दर्जन से अधिक आरोपियों पर शिकंजा कसते हुए केस दर्ज किया है। केस दर्ज होने के बाद आरोपियों में खलबली का माहौल बन गया है। सोमवार को लीलापुर थाने पर एक घटना को लेकर लगभग डेढ़ घंटे तक हंगामा हुआ था। लीलापुर के कोड़रा मादूपुर गांव के अनंत बहादुर सिंह द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा न दर्ज होने पर भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष प्रतिभा सिंह की अगुवाई में दर्जन भर से अधिक लोग लीलापुर थाने पर पहुंच कर विरोध कर रहे थे। इसी बीच आरोपित पक्ष वहां अचानक आ धमका। आरोपित पक्ष की ओर से बखेड़ा देख पुलिस ने समझाने बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी आक्रोशित लोग पुलिस की कुछ भी सुनने को तैयार नही हुए। इससे थाने पर घंटों हंगामा होता रहा और वहां अफरा तफरी का माहौल बना रहा। जानकारी मिलने पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र वहां पहुंचे और भाजपा नेत्री को समझा बुझाकर माहौल को शांत कराया। थाने पर हंगामे को लेकर सीओ ने लीलापुर कोतवाल को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व तोड़फोड़ करने समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर लिया। कोड़रा मादूपुर गांव के अनंत बहादुर सिंह पुत्र स्व. महाबीर सिंह ने लीलापुर थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है। उन्होंने अपने पोते अर्पित के साथ लोकायुक्त लखनऊ के यहां गांव में 2015 से 2020 तक हुए विकास कार्य की जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। इस पर वहां से तीन सदस्यीय जांच टीम गांव पहुंची। इससे नाराज पूर्व प्रधान ने साथियों के साथ मिलकर गाली देते हुए मारपीट कर धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी विकास सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, यशवंत सिंह पुत्र हृदय नारायण सिंह, उज्जवल सिंह व आयुष पुत्रगण यशवंत सिंह के साथ तीन अज्ञात के खिलाफ मारपीट, गालीगलौज व तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया है।

## सर्पदंश व रेबीज जैसी जीवनरक्षक दवाएं सभी सरकारी अस्पताल में रहें उपलब्ध : डीएम




**देवरिया।** सीएमओ कार्यालय स्थित धनवंतरि सभागार में मंगलवार को डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा एमडीए अभियान की समीक्षा की गई। डीएम ने अब तक हुए कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। बैठक के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रसव की स्थिति फिलहाल संतोषजनक है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल आने वाले अन्य मरीजों को किसी प्रकार की दिक़्क़त न हो। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि सभी चिकित्सक समय से अस्पतालों में उपस्थित रहें और अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभाएँ। मरीजों को आवश्यक दवाएँ हर हाल में उपलब्ध कराई जाएँ। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि चिकित्सक की अनुपस्थिति या दवा की कमी की शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्नेक बाइट, रेबीज सहित अन्य जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता प्रत्येक पीएचसी-सीएचसी पर हर स्थिति में सुनिश्चित होनी चाहिए। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण कार्यक्रम, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग नियंत्रण, आभा आईडी की प्रगति, बच्चों में कुपोषण उन्मूलन तथा अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं– जैसे बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, व्हीलचेयर आदि – पर भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, एसीएमओ (आरसीएच) डॉ. अजय शाही, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ.एसके सिन्हा, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, डीएमसीपी मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने युवती से सामूहिक दुष्कर्म, 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जिले के सलेमपुर कोतवाली के एक गांव में बाजार से घर जा रही युवती के साथ बाइक पर लिफ्ट देने के बहाने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद सनसनी फैल गई है। सामूहिक दुष्कर्म की सूचना पर पहुंची सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने जांच की। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगा दी गई है। इस मामले को लेकर एसपी विक्रांत वीर ने भी घटना स्थल का जायजा लिया और निर्देश दिया। मिली जानकारी के अनुसार सलेमपुर कोतवाली के एक गांव की रहने वाली युवती धनौती राय चौराहे पर बाजार करने के लिए गई थी। बाजार कर वह पैदल ही अपने घर जा रही थी। इस बीच बाइक सवार दो युवक मिले और उसे बाइक पर लिफ्ट देते हुए घर पहुंचा देने की बात कहे। बाइक पर युवती को बैठाकर दोनों गांव की तरफ ले गए और फिर एकांत पाकर युवती के साथ दोनों ने दुष्कर्म किया। मुंह से हाथ उठाते हुए युवती ने शोर किया तो आरोपी भागने लगे। इस बीच ग्रामीण भी पहुंच गए। युवती ने पूरी बात ग्रामीणों को बताई और फिर यूपी 112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जबकि कोतवाल सुनील पटेल भी पहुंच कर बयान दर्ज किए। दुष्कर्म के मामले में बरतने वाले लार कस्बा चौकी प्रभारी संकल्प सिंह राठौर व सिपाही सुनील कुमार को एसपी विक्रांत वीर ने निलंबित कर दिया है। साथ ही मामले की जांच सीओ को सौंपी है। पुलिस ने पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित नामजद अभियुक्तों सल्लेअल्ला पुत्र स्व. सहाबुद्दीन, शारिक पुत्र सल्लेअल्ला, समीर पुत्र सल्लेअल्ला व अलीशेर उर्फ गुड्डू पुत्र असलम अंसारी थानाक्षेत्र लार जनपद देवरिया को मुखबिर की सूचना पर सुतावर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। शेष 1 वांछित अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगी हुई है।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक हुई संपन्न

● पूर्व सैनिकों/आश्रितों की प्राप्त शिकायतों का किया गया निस्तारण

जिला संवाददाता (vol)




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं विंग कमांडर आलोक सक्सेना की उपस्थित में मंगलवार को जिला सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में सर्व प्रथम जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों/उनके आश्रितों का अभिनन्दन किया, उसके बाद पिछली बैठक का संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त आख्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। पूर्व के 10 प्रकरण जो निस्तारित हो चुके है तथा प्राप्त आख्या के आधार पर उसकी समीक्षा की गयी तदुपरान्त बैठक की कार्यवाही शुरू की गयी, जिसमें कुल 48 पूर्व सैनिक/ विधवाएं उपस्थित थे। बैठक में कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए तथा जो जमीनी विवाद, अवैध कब्जा, न्यायालय में विचाराधीन, भूमि का पट्टा एवं पुलिस वेरीफिकेशन से सम्बन्धित थे। जिसको जिलाधिकारी द्वारा निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित /आदेशित किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को भविष्य के लिए सुझाव दिया कि आप लोग गाँव के छोटे छोटे विवाद को गाँव में ही सामाजिक तौर पर मिल बैठकर सुलझाने का प्रयास करना चाहिए न कि कोर्ट में जायें, जिससे आपके धन और समय की बचत हो सके। तथा यह भी अवगत कराया कि न्यायालय में विचाराधीन मामले को बैठक में न रखा जाय। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों के निस्तारण दौरान कहा कि पूरे जनपद में लेखपाल गण गांव गांव भ्रमण कर खतौनी को पढ़ेंगे तथा जिस मामले में इंट्री की आवश्यकता होगी इंट्री भी करेंगे, उन्होंने कहा कि इस कार्य से सभी को सुविधा मिलेगी बिना किसी भागदौड़ के, तथा लेखपाल द्वारा आगामी भ्रमण के दौरान कोटेदार के वहां पहुंच कर इंट्री संबंधी प्रमाण पत्र का भी वितरण किया जाएगा। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के प्रभाकर नाथ तिवारी, राजेश कुमार गुप्त, श्रीमती धर्मशीला देवी, जालंधर प्रसाद एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। बैठक में एके सुमन, डीसी, जिला उद्योग केन्द्र, सुनील कुमार यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी, डा० अजय कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, सूबेदार एसके हुड् ?डा, 50 यूपी एनसीसी, पडरौना, आदि के अलावा सम्मानित पूर्व सैनिक कैप्टन लाल बहादुर, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, नायक अनिल सिंह एवं अन्य पूर्व सैनिक/ विधवाएं उपस्थित रहे।

## समस्याओं को लेकर वकीलों ने किया मंथन

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी में मंथन हुआ। समस्याओं पर प्रशासनिक अनदेखी को लेकर वकीलों ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का भी निर्णय लिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि कई अधिवक्ताओं की समस्याएं प्रशासनिक उदासीनता के कारण निस्तारित नही हो पा रही है। उन्होने कहा कि इससे बार व बेंच के समन्वय पर गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। वहीं उन्होने परिसर में जलनिकासी के समुचित प्रबन्ध तथा सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी के साथ शेडो की सफाई न होने पर भी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता उदित नारायण तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव भी पारित किया गया। संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, उपाध्यक्ष आशीष तिवारी, हरिनारायण पाण्डेय, अतुल मिश्र, अभिषेक शुक्ला, आशुतोष द्विवेदी, सुमित त्रिपाठी, दुर्गेशमणि त्रिपाठी, अतुल तिवारी, नवनीत पाण्डेय, सलमान खान आदि रहे।

संक्षेप

## जमीन पर कब्जा करने को लेकर लगाया आरोप

शुक्लागंज। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत गोताखोर निवासी जाबिद पुत्र स्वरू अब्दुल हमीद ने गंगाघाट कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसने अपने सगे भाई अली हुसैन से 1255 वर्ग गज का प्लॉट लिया था जिसमें भाई ने कहा था कि उसमें मिट्टी भरान के लिए लगाओ जितना पैसा लगेगा उतना हम तुम्हे दे देंगे उसके बाद पीड़ित ने प्लॉट में मिट्टी की भरान कराई फिर जब पीड़ित के भाई ने मिट्टी का पैसा नहीं दिया तब पीड़ित का भाई अली हुसैन ने पीड़ित अपने सगे भाई को पूरा प्लॉट दे दिया जाबिद का है आरोप है कि उसने जकाउल्लाह, इरफान, अनवर के साथ मिलकर उक्त प्लॉट पर टुकड़ों में प्लॉटिंग करके बेच रहे थे उसके बाद उपरोक्त सहयोगियों ने 345 वर्ग गज जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल व गंगाघाट कोतवाली में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## पेड़ पर लटकता मिला शव

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत मंगलवार सुबह एक ग्राम के पश्चिम तालाब के किनारे एक व्यक्ति का शव चिल्वल के पेड़ पर लटकता मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। हालांकि बाद में उस व्यक्ति की पहचान भी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम निवासी के रूप में हो गई। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवियापुर के पश्चिम तालाब के किनारे एक चिल्वल के पेड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति को लटकते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह देखा। जिसकी सूचना उन्होंने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान की काफी कोशिश की। मगर पहचान नहीं हो सकी फिर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। बाद में परिजनों ने उसके शव को पहचान लिया गया और उसकी पहचान रंजीत कुमार यादव पुत्र सुरेश कुमार निवासी कमहरिया थाना सदरपुर के रूप में हुई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थित स्पष्ट हो जाएगी और अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उधर परिजनों द्वारा एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगा का रहा है।

## जिला आयुष समिति की बैठक संपन्न

सीतापुर। जिला आयुष समिति की एक बैठक मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी कक्ष, विकास भवन सीतापुर में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय आयुष मिषन, लखनऊ उ0प्र0 द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेण्टरों तथा निमार्णाधीन चिकित्सालय भवनों के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी तथा आवष्यक निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिये गये। पार्कों में योग के सम्बन्ध में महावीर पार्क तथा सरोजनी पार्क में प्रातःकालीन एवं सायं कालीन वेला में योग कराने तथा उसके प्रचार प्रसार के निर्देष दिये गये। बैठक में जिला परियोजना निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला औषधि निरीक्षक, नीमा प्रतिनिधि डा0 यू0सी0 दीक्षित, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा0 गीता, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक आयुष अम्बुज कुमार सहित क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 अमित गुप्ता उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

कमलापुर (सीतापुर)। कमलापुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर कुंवरपुर गांव के पास ट्रक और डीसीएम की आमने सामने टक्कर हो गई। इस दौरान गलत दिशा से आ रही बाइक दोनों वाहनों की चपेट में आ गई। हादसे में बाइक सवार मछरेहटा निवासी संतोष पुत्र बंशी की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक और डीसीएम की टक्कर के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे रुक गए। इसी दौरान सामने से गलत दिशा में आ रही बाइक दोनों वाहनों से टकरा गई। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। राजमार्ग पर कुछ देर तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने क्रेन से वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल करवाया। कमलापुर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य बाई पास, राजघाट, पार्किंग स्थल, चक्रतीर्थ, इंट्रेन्स प्लाज, सीतापुर रोड स्थित पार्किंग एवं यात्री सुविधा केन्द्र आदि स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नैमिषारण्य बाईपास के निर्माण हेतु अधिग्रहीत भूमि निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये कार्यदायी संस्था को हस्तगत करायी जाये। सभी मुआवजों का भुगतान समय से कराया जाये। ट्रैक्टर ट्राली पार्किंग स्थल पर कार्य की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राजघाट पर हाईमास्क लाइट, भूमि समतलीकरण, ट्रीगार्ड, पेयजल व अन्य सुविधाएं स्थापित करायी जायें। सभी नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों की ड्राईंग समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कड़े निर्देश दिए कि समस्त स्थलों पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कार्यदायी संस्था सी0एल0सी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को कड़ी चेतावनी देते हुये कहा कि सफाई व्यवस्था में सुधार किया जाये। मुख्य मार्गों से संबंधित नालों के पत्थरों को ठीक प्रकार से लगवाया जाये। चक्रतीर्थ, राजघाट आदि स्थलों पर अनवरत सफाई टीम बनाकर करायी जाये तथा लापरवाही करने वाले सफाई कर्मियों को तत्काल हटाया जाये। ड्यूटी पर तैनात सफाई कर्मियों की सूचना एवं उनके प्रभारी का मोबाइल नम्बर फ्लैक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जाये। उपजिलाधिकारी मिश्रिख के निर्देश दिये कि स्वच्छता व्यवस्था का नियमित रूप पर्यवेक्षण सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नैमिषारण्य स्थित निरीक्षण भवन में नैमिषारण्य क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रचलित कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वीकृत कार्यों की शीघ्र डी0पी0आर0 बनवायी जाये एवं उनका निर्माण कार्य समय से आरम्भ किया जाये। बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रगति में सुधार किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमानुसार प्रक्रिया करते हुये समय से वांछित भूमि कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाये तथा मानकों के अनुसार मुआवजा भी वितरित किया जाये। सभी विभाग बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि ड्राइंग सम्बन्धी कार्यों को भी तत्काल पूर्ण कराते हुए योजना पूर्ण कराई जाये। नैमिषारण्य बाईपास हेतु भूमि अधिग्रहण के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराते हुए कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

## किसानों के खेत लील रहा कटान

सीतापुर। बेहटा ब्लाक में शारदा नदी का कटान किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। रतनगंज और औरी शाहपुर गांव में नदी की तेज धार से किसानों की फसलें बह रही हैं। कटान से प्रभावित ग्रामीणों के खेत लगातार नदी में समा रहे हैं। इससे उनकी आजीविका पर गंभीर असर पड़ा है। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि अब स्थानीय लोगों के घर भी खतरे की जद में आ गए हैं।

किसानों ने कई बार प्रशासन से सहायता की मांग की है। हालांकि, अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रभावित किसानों का कहना है कि अगर कटान नहीं रोका गया तो उनकी बची हुई जमीन भी नदी में समा जाएगी। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के समक्ष दो प्रमुख मांगें रखी हैं। उन्होंने तत्काल राहत की मांग की है। साथ ही कटान रोकने के लिए कारगर उपाय करने की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी ओर बिसवां इलाके के जोधनपुरवा में बाढ़ के कारण किसानों की फसलें संकट में आ गई हैं। खेतों में पानी भर जाने से फसलों के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय किसानों ने बताया कि बाढ़ का पानी उनके खेतों में घुस गया है। इससे उनकी महीनों की मेहनत बर्बाद हो सकती है। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। प्रभावित किसानों में राम सिंह, आलोक कुमार, शिवपूजन और विजय कुमार शामिल हैं। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से जल्द मदद की मांग की है। किसानों की प्राथमिक मांग है कि खेतों से बाढ़ के पानी की निकासी का प्रबंध किया जाए। समय रहते कार्रवाई होने से फसलों को बचाया जा सकता है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## बाघ की दहशतः चौथे दिन भी पकड़ने में असफल रही टीम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले के महोली इलाके में दहशत का र्प्याय बन चुके बाघ के चैथे दिन फिर पिंजरे के पास नए पगचिन्ह मिले हैं। बताया जाता है कि बाघ ने पिंजरे के समीप जाकर उसमें बंद बकरी को शिकार नहीं बनाया और वापस खेतों की तरफ चला गया। वन विभाग के साथ दुधवा से आई एक्सपर्ट की टीम और डब्ल्यूटीआई (ट्रंकुलाइज) एक्सपर्ट टीम,तीनों मिलकर बाघ को पकड़ने के लिए मचान बनाकर बाघ की तलाश में जुटी हुई है। डीएफओ नवीन खंडेलवाल ने बताया कि बारिश होने की वजह से पगचिन्ह साफ नजर आ रहे है। बाघ को पकड़ने के लिए मचान के नीचे मवेशी को भी बांधकर ऊपर डॉक्टरों की टीम निगरानी कर रही है। थर्मल स्कैनिंग ड्रोन भी टीम कांबिंग में इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन अभी तक उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी है। ग्रामीण भी दहशत के साए में जीने को मजबूर है। डीएम ने देर शाम पीड़ित परिवार से भी मुलाकात कर बाघ को पकड़ने एकी हकीकत का जमीनी स्तर जांचा था।

### प्रदेश वन राज्यमंत्री ने घटनाओं पर जताया दुख

प्रदेश के वन राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि यह योजना किसानों की आय बढ़ाने और वन्यजीव संघर्ष कम करने में कारगर साबित होगी। राज्यमंत्री ने हाल ही में बाघ के हमलों से हुई घटनाओं पर दुख जताया। उन्होंने बताया कि बाघ को पकड़ने के लिए विशेष रेस्क्यू प्लान तैयार किया गया है। पहले पिंजरे में डालकर पकड़ने की कोशिश होगी। यदि इसमें सफलता नहीं मिली तो विशेषज्ञों की टीम मौके पर मौजूद रहेगी और बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि सीतापुर, लखीमपुर और पीलीभीत ऐसे जिले हैं जहां वन्यजीवों की संख्या अधिक है। यही वजह है कि यहां मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है। इसे रोकने के लिए वन विभाग ने ठोस रणनीति बनाई है। ग्रामीण इलाकों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में तार और जाल से सौर ऊर्जा आधारित फेंसिंग लगाई जाएगी। इनमें हल्का करंट प्रवाहित होगा ताकि यदि कोई जानवर गांव की ओर बढ़े तो उसे मामूली झटका लगे और वह वापस जंगल की ओर लौट जाए। राज्यमंत्री सक्सेना ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वन्यजीव संरक्षण, ग्रामीण सुरक्षा और फसल बचाव तीनों को साथ लेकर चलना है। आने वाले दिनों में इस योजना से बाघ और अन्य वन्यजीवों से होने वाले टकराव की घटनाओं में काफी कमी आएगी।

### 4 लाख की आर्थिक मदद

महोली तहसील प्रशासन ने पीड़िता परिवार को दैवीय आपदा के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मुहैया कराई है। बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग प्रभावित इलाके से 2 किलोमीटर दूर भी एक पिंजरे को लगाकर बाघ को पकड़ने की कवायद की जा रही है। वन विभाग ने पीएचसी ने अपना कमांड सेंटर बनाया हुआ है।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हुआ उद्घाटन

परसेण्डी (सीतापुर)। विकासखण्ड परसेंडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर परसेंडी में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन इंद्रपाल चौधरी सदस्य जिला लाभ प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक आशीष कश्यप ने आये हुए सभी अतिथियों का बुके, साल व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंद्रपाल चौधरी



पंचायत, अनूप कुमार सिंह प्रधान परसेंडी, डॉ दीपक यादव सीएचसी प्रभारी, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया प्रव सदस्य जिला पंचायत के द्वारा मंगलवार को फीता काटकर किया। अधीक्षक डॉ दीपक यादव ने जन औषधि केंद्र के बताया कि जन औषधि केंद्र खुलने से क्षेत्र के मरीजो कों सस्ती दरो पर दवाये उपलब्ध होंगी। जिससे ग्रामीणों कों सीधा सदस्य जिला पंचायत, मनोज त्रिवेदी जिला सह संयोजक मिडिया भाजपा, अनूप कुमार सिंह प्रधान परसेंडी, प्रहलाद कुमार कन्नौजिया प्र0सदस्य जिला पंचायत, उरूज अहमद पत्रकार, डॉ हरिकेश वर्मा व प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के संचालक आशीष कश्यप, डॉ संजय वर्मा, आशीष यादव सहित सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

## 10 से 6 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति




हरगांव (सीतापुर)। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगी। विद्युत आपूर्ति उपखंड अधिकारी ने मीडिया को दी जानकारी। आपको बताते चलें कि बुधवार को 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र हरगांव टाउन के जर्जर वीसीबी पैनल बदलने का कार्य प्रस्तावित है। जिसके चलते बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में उपखंड अधिकारी हरगांव अब्दुल अजीज ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वीसीबी पैनल बदलने का कार्य बुधवार को किया जाएगा। जिसके चलते सभी उपभोक्ता इस समयावधि में अपनी वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े ।

## विधायक ने हांडा शोरूम का किया शुभारम्भ

तम्बौर/सीतापुर। रेउसा रोड पर स्थित हांडा लहरपुर के विधायक अनिल वर्मा के द्वारा फीता काटकर किया। इस मौके पर हांडा शोरूम के जीएम कम्पनी के अधिकारी मौजूद रहे। तम्बौर इलाके में बीते कई वर्षों से हांडा शोरूम ना मोटर साइकिल शोरूम का शुभारम्भ होने से कस्टमर को इधर उधर जाना पड़ता था। मंगलवार को तम्बौर में रेउसा रोड पर स्थित हिन्द ऑटो सेल्स हांडा मोटर साइकिल शोरूम का सुभारम्भ लहरपुर क्षेत्रीय विधायक अनिल वर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस मौके पर हांडा के एमडी गुरुप्रीत सिंह अजमानी एमडी देवेन्द्र पाल सिंह जनरल मैनेजर सर्वेश सिंह सर्विस मैनेजर अभिलाष श्रीवास्तव उदय सिंह फाइनेन्सर एक्सिस बैंक अभिषेख श्रीवास्तव श्रीराम फाइनेंस पंकज वर्मा फाइनेन्स मुथूट फाइनेंस अंकित श्रीवास्तव आईडीएफसी



बैंक के शामिल रहे। हिन्द ऑटो सेल्स के संचालक जावेद खान द्वारा बताया गया कि हांडा शोरूम तम्बौर में कई वर्षों से शोरुम नही था इसलिए इस शोरूम की आवश्यकता था। साहिब हांडा सीतापुर के एमडी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि तम्बौर क्षेत्र में हांडा मोटर साइकिल लेने के लिए कस्टमर्स को सीतापुर आना पड़ता था लेकिन अब तम्बौर में शोरूम खुलने से काफी राहत मिलेगी। तम्बौर में हिन्द शोरूम पर सारी सेवाएं मिलेगी।

इस अवसर पर सभासद सैयद रेहान,तैश खान (उर्फ गुड्डा),नवनीत सिंह, खालिद मंसूरी, राईस खान, सब्बू खान, सादाब खान, फुरकान, शाबान, तौफीक खान, शहजाद, मामूल, हसीब, सिराज, राम कुंवर, महेश, हरिनाम, गोलू, डॉव रईस, अखिलेश मिश्रा, हाजी अजीज अहमद गौरी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## बॉलीबॉल क्षेत्रीय प्रतियोगिता का आयोजन



नवाबगंज, उन्नाव। सोमवार को स्थानीय नगर के श्यामलाल इंटर कॉलेज में नवाबगंज जोन के सभी (तहसील हसनगंज) के अंतर्गत आने वाले सभी माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों की क्षेत्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता/चयन अंडर 14/17/19 वर्ष बालक/बालिका का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशों के अनुक्रम में कराया गया।

इस प्रतियोगिता में अंडर-19 व अंडर 17 बालक वर्ग में श्याम लाल इंटर कॉलेज, अंडर- 14 बालक और बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़ादेव, औरास, अंदर-19 बालिका वर्ग में जीजीआईसी नवाबगंज, अंडर -17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नवाबगंज की टीमों ने प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्याम लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य और जोन संयोजक डॉक्टर अनूप सिंह ने किया।

विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी, जोन प्रभारी तथा जिला खेल समिति के सदस्य धर्मेश प्रताप सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को बैज देकर सम्मानित किया। उपस्थित प्रमुख अतिथियों में जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा, जीजीआईसी नवाबगंज की प्रधानाचार्या माधुरी लता, एमएलआईके इंटर कॉलेज जैतीपुर के प्रधानाचार्य शिव बाबू, एनसीसी प्रभारी कैप्टन संतोष कुमार तिवारी, परीक्षा प्रभारी और स्काउट प्रभारी संदीप कुमार मिश्र, विद्यालय के शिक्षक प्रेम प्रकाश, श्याम नारायण, धीरज सिंह, हिमांशु सिंह, धीरेंद्र सिंह, शमीमुर्रहमान, ज्ञानेंद्र सिंह, ब्रजेश पाल, विजय नारायण सहित पीटीआई औरास आर आई गौहर, पीटीआई औरास गंगा रतन, पीटीआई राकेश तिवारी, रविन्द्र आदि उपस्थित थे। छात्र वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियन में शामिल होने के लिए अगले चरण में प्रदेश स्तरीय ट्रायल के लिए लखनऊ में प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम का समापन श्यामलाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य/जोन संयोजक डॉ अनूप सिंह ने किया तथा क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए विजयी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित किया और अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मौसम बदलने से बढ़ा बीमारियों का खतरा



उन्नाव। जिला अस्पताल में मौसम परिवर्तन के कारण मरीजों की संख्या बढ गई है। एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक डॉ अमित तिवारी ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव से संक्रामक बीमारियों का प्रकोप बढा है।

जिला अस्पताल में डेंगू, मलेरिया, सर्दी, जुखाम, और पेट संबंधी समस्याओं के मरीज लगातार आ रहे हैं। लोगों को बुखार या अन्य बीमारियों के लक्षण होने पर स्वयं दवाई लेना शुरू कर देते हैं। यह स्थिति गंभीर हो सकती है। एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक डॉ अमित तिवारी ने कहा कि तेज बुखार आने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या योग्य चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होंने बीमारियों से बचाव के लिए कुछ जरूरी सुझाव दिए हैं। घर में पानी को हमेशा ढंककर रखें, आसपास गंदगी और गढ्ढों में पानी जमा ना होने दें। रात में मच्छरदानी का प्रयोग करें। बुखार की स्थिति में गुनगुना पानी पीएं और आराम करें, डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा न लें। डॉक्टर का कहना है कि सावधानी और स्वच्छता से बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास और जागरूकता आवश्यक है।

## एसडीएम ने जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं




पुरवा, उन्नाव। एसडीएम की अध्यक्षता व तहसीलदार की उपस्थिति में जनता दर्शन की सुनवाई हुई,इसी क्रम में आरती पुत्री स्व हीरालाल निवासिनी अचलखेडा ने शिकायती पत्र देकर बताया कि हमारा कच्चा बरसात में गिर गया हैं और हमें रहनें की दूसरी जगह नही है । तहसीलदार ने समस्या को सुनकर तत्काल सम्बंधित को कार्यवाही करनें के निर्देश दिए व फैय्याज पुत्र इदा मोहल्ला पश्चिम टोला से ने एसडीएम को बताया कि मेरे मोहल्ले में घनी आबादी में मेरे मकान के पीछे नियाजू पुत्र इस्लाम निवासी वजीर गंज पुरवा रोज लगभग 100 मुर्गे-मुर्गियों काटता है और उ,की बची गन्दगी को वही छोड़ कर चला जाता है उसी बची गन्दगी की सड़न से बहुत ही दुर्गन्ध व बीमारी फैलने की पूरी गुंजाइश है । समस्या को सुनकर एसडीएम ने थाना प्रभारी पुरवा व ईओ को तत्काल कार्यवाही करनें के निर्देश दिए और कुल शिकायत दर्ज 18 की गई जिसमें राजस्व 17 व नगर पंचायत की 1 शिकायत आयी जिसमें मौके पर 4 का निस्तारण हुआ। मौके पर राजस्व निरीक्षक,लेखपाल प्रशान्त पांडेय, मर्दन सिंह, सहित अन्य लेखपाल व अन्य विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक पेड़ मां के नाम हर व्यक्ति को संकल्प के साथ लगाना चाहिए



असोहा, उन्नाव। बीघापुर से पौधारोपण कार्यक्रम के लौट रही दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री अद्यच्छ महिला आयोग डॉ बबिता सिंह चौहान भाजपा नेता संजय शुक्ल के आवास कन्दरपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों पर भाजपा सरकार की उपलब्धियो का बखान किया, महिलाओं पर अत्याचार के मुद्दे पर उन्होंने कहा बाहर के मामले तो पुलिस सम्भाल सकती है परंतु महिलाओं पर हो रहे घरेलू अत्यचारो पर लोगों को सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने हर स्तर पर कार्य किया है चाहे स्वास्थ्य हो, चाहे रोजगार हो। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र पाल, वणिकांत द्विवेदी, राजू मिश्रा, योगेश त्रिपाठी, राम जी गुप्ता, अनुज शुक्ल, कृष्ण कुमार तिवारी, कलेक्टर मौर्या, अजय सविता सहित अन्य भाजपाई उपस्थित रहे।

## नवाई फीडर की बिजली समस्या को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन

अजगैन, उन्नाव। नवाई फीडर की लगातार बिजली कटौती और खराब आपूर्ति से परेशान किसानों ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। तहसील प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में सौ से अधिक किसान अजगैन विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे और समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए धरना दिया। ग्राम पंचायत सुंदरपुर, सराय गोविंद, इब्राहिमपुर और फिरोजाबाद के ग्रामीण लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती और फॉल्टग्रस्त लाइन की समस्या से जूझ रहे हैं। किसानों ने बताया कि इब्राहिमपुर से सुंदरपुर तक की लाइन बागों के बीच से होकर गुजरती है, जिससे बार-बार फॉल्ट होने पर घंटों बिजली आपूर्ति ठप रहती है। प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे अधिशासी अभियंता अनिल कुमार ने किसानों को आश्वासन दिया कि जल्द ही लाइन दुरुस्ती का कार्य कराया जाएगा और नियमित बिजली सप्लाई बहाल होगी। वहीं, किसान यूनियन के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री अनवार अहमद की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

उन्नाव। समाजवादी पार्टी कार्यालय मे समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व एम० एल० सी० एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अनवार अहमद की जयंती के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव सहित अन्य नेताओं, पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकताओं ने बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं जीवन को याद करते हुए अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुधीर कुमार रावत,पूर्व प्रत्याशी अंकित सिंह परिहार, जिला उपाध्यक्ष हाजी सैय्यद इरफान, शिवशंकर वर्मा, नरेंद्र लोधी, अमन अंजुम, लकी यादव, राहुल अग्निहोत्री, अंकित यादव, जितेंद्र कुशवाहा, जिला सचिव रामबहादुर यादव, प्रेम यादव, शरीफ खान, मोहित लोधी, नितिन पटेल, मनीष सैनी, नीरज यादव, बच्चूलाल यादव, अजय यादव, छोटेलाल भारतीय आदि पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## सांसद ने किया जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

सीतापुर। मिश्रिख महर्षि दधीचि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उदघाटन क्षेत्रीय भाजपा सांसद अशोक रावत ने फीता काटकर किया। सांसद रावत ने कहा कि इस केंद्र से आम जनता को महंगी ब्रांडेड दवाओं के बजाय समान गुणवत्ता की जेनेरिक दवाएं कम कीमत पर मिलेंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह योजना देशभर में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। इलाज के खर्च में कमी आने से लोगों को आर्थिक मदद मिलेगी। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव और चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहे। भाजपा कार्यकताओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की। सभी ने इस केंद्र की शुरूआत को जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

सीतापुर। देश के प्रमुख राष्ट्रकृत बैंक इंडियन बैंक के संयोजन एवं अध्यक्षता में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निदेर्शानुसार सीतापुर नगर में 25 अगस्त को अपराहन 03.30 बजे से नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन स्थानीय होटल एप्पल सीतापुर के सभा कक्ष में किया गया। इसकी अध्यक्षता इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद दुबे ने की। इस अवसर पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उपनिदेशक छबिल मेहेर ने अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान की। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव रंजन, केन्द्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य, बैंक के मुख्य प्रबंधक इरेश पांडे सहित नगर स्थित भारत सरकार के कार्यालयों बैंक बीमा कंपनियों के कार्यालय प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का शुभारम्भ वाणी की देवी माँ सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए मुख्य प्रबंधक इरेश पांडे पांडे ने कहा कि यह समिति सीतापुर नगर स्थित कार्यालयों के मध्य राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति एक बेहतर और प्रेरणादायी वातावरण तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही साथ उन्होंने सीतापुर के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व को भी बताया। समिति के सदस्यों के मध्य राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति का विश्लेषण करते हुए सदस्य सचिव एवं वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा डॉ० अंजनी कुमार पाण्डेय ने सदस्यों का आह्वान किया कि वे तिमाही प्रगति रिपोर्ट एवं छमाही प्रगति रिपोर्ट भरते समय अत्यंत सावधानी बरतें। साथ ही साथ उन्होनें राजभाषा कार्यान्वयन के सांवैधानिक पहलुओं का विस्तृत विवरण भी किया। सहायक उपनिदेशक छबिल मेहेर ने कहा कि हिन्दी हमारे आत्म स्वभिमान एवं गौरव की भाषा है। हिन्दी संस्कार, संस्कृति एवं सामाजिक धरोहर की भाषा है। हमें हीन भावना से ऊपर उठकर हिन्दी मातृभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए। हमें दैनिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग में संकोच नहीं करना है बल्कि उसके प्रयोग में गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद दुबे ने राजभाषा कार्यान्वयन में मानसिकता में परिवर्तन की ओर संकेत करते हुए कहा कि हमे हिंदी का प्रयोग करते समय हीन भावना से ग्रसित नहीं होना चहिये। राजेंद्र प्रसाद दुबे ने इस बात की घोषणा कि आगामी महीनों नगर स्थित भारत सरकार के कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन सम्बन्धी गतिविधियों को और अधिक सक्रियता प्रदान की जाएगी।

संक्षेप

## त्यौहार से पूर्व कर लें सभी व्यवस्थाएं : विधायक



ललितपुर। बुंदेलखण्ड के ऐतिहासिक महोत्सव में से एक जलविहार महोत्सव के कार्यक्रम से पूर्व सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने नगर पालिका के प्रशासक एवं अधिशासी अधिकारी के साथ क्षेत्र भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक रामरतन ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि तालाब पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी समस्या का सामना न करना पडे, इसके लिए आप सभी तैयारियों को कर लें, और उन तैयारियों को जांच-परख भी लें जिससे त्यौहार के दिन श्रद्धालु अपनी भक्तिभावना के साथ जलविहार का पर्व सआनंद मना सकें।

## ई-रिक्शा चालक व सवारी से मिले तमंचे

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के चलते पुलिस अपराधियों के विरूद्ध ताबडतोड़ कार्रवाई कर रही है। मंगलवार को नरैनी पुलिस ने ई-रिक्शा चालक और उसमें सवार युवक को अवैध तमंचों के साथ गिरफ्तार किया। बीती रात नरैनी पुलिस गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान रगौली मोड़ पर संदिग्ध ई-रिक्शा को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान ई-रिक्शा चालक शमीम पुत्र रमजान वेग निवासी ग्राम लहुरेटा व जीतू रैकवार पुत्र बाबू रैकवार निवासी ग्राम किशनीपुरवा के पास दो अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने दोनो को गिरफ्तार कर रिपोर्ट दर्ज करने के पश्चात आरोपियों को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अनिल रॉय, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह व किदारीलाल रहे।

## सड़क निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

ललितपुर। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य व एसडीएम सदर/प्रशासक मनीष कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक की उपस्थिति में वार्ड 06 के मुहल्ला रामनगर में बाइक शोरूम के पीछे से मनोहर रजक के मकान होते हुए मैन रोड की ओर डाली गई सड़क का शिलान्यास किया गया। रामनगर में डाली गई सड़क के शिलान्यास के पूर्व सदर विधायक द्वारा सर्वप्रथम पास में स्थित श्रीश्री 1008 श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस दौरान वार्ड संख्या 26 के पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू द्वारा सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड. को सॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। वहीं प्रशासक, ईओ, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमित नायक, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक को भी शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान सदर विधायक ने सड़क की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार को समय से कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान प्रशासक ने डाली गई सड़क का निरीक्षण किया गया व गुणवत्ता की जांच की। शिलान्यांस के दौरान प्रशासक मनीष कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, आजादपुरा पार्षद प्रतिनिधि अमित नायक, पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू, जेई, प्रभारी एसआई महेन्द्रसिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## विधायक सदर की चौपाल संवाद 29 को

ललितपुर। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा सदर विधान सभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक अंतर्गत आने वाले गांवों में जन चैपाल का आयोजन किया जा रहा है। इस चैपाल का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को स्वयं सुनकर उनका निस्तारण कराकर उन्हें संतुष्ट करना है। इसी कार्यक्रम के तहत आगामी 29 अगस्त को प्रातः 10 बजे विकास खण्ड तालबेहट की ग्राम पंचायत रामपुर में क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक जन चैपाल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे इस चैपाल कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को सीधे तौर पर सुनना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना है।

# राज्यपाल का आगमन 28 को

## डीएम ने की बैठक

ललितपुर। आगामी 28 अगस्त को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के जनपद आगमन व कल्याणसिंह सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप



देने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति जानी और अद्यतन प्रगति की बुकलेट आज शाम तक ही तैयार कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम को पूरी भव्यता व सादगी से आयोजित किया जाएगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ निभायें। बैठक में बताया गया कि 28 अगस्त को प्रातः 9:55 बजे हवाई सफर करके पुलिस लाइन हेलीपेड पर उतरेंगी और कार द्वारा प्रातः 10 बजे कल्याणसिंह सभागार पहुंचकर आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं सम्बोधन करेंगी। इसके बाद 11:35 बजे सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। इसके उपरान्त हैलीपेड से लखनऊ के लिए प्रस्ताथान करेंगी।

कार्यक्रम में बताया गया कि बैठक में समीक्षा हेतु बुकलेट में जनसेवाओं के डिजीटाईजेशन हेतु आईसीसीसी, वीआईसीसीसी, जनपद में नदियों का पुनरोद्धार, आईएसओ प्रमाणन, बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसिस, बाल गृहों में निवासरत बच्चों को आधार की मदद से घर वापसी, कारी पहाड़ी गौशाला में बोबर गैस प्लाण्ड स्थापना एवं घरों में रसोई गैस की आपूर्ति, मातृ स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार हेतु नवाचार, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण व निष्प्रयोज्य सामग्री से खिलौनों का निर्माण, जनपद में 12 से 18 वर्ष की ड्रॉपआउट किशोरियों का विद्यालय में नामांकन हेतु सर्वे, विद्यालयों में बाल संसद के माध्यम से किये गए अभिनव प्रयोग, विद्यालयों में किचिन गार्डन का अभिवन प्रयोग, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अभिनव प्रयोग, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अभिनव प्रयोग, 112 खेल मैदानोंध्मिनी स्टेडियम का निर्माण, आकांक्षात्मक विकासखण्ड के विद्युत से अवेसित ग्रामों को सोलर पावर से ऊजीकृत किया जाना, ठोस एवं तरल अवशिष्ठ प्रबंधन, ग्रामीण पुस्तकालयों का निर्माण, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) पेयजल योजनाओं का निर्माण, मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, बाल विकास योजना के तहत पोषाहार वितरण एवं कुपोषण की रोकथाम आदि परियोजनाओं की प्रगति को शामिल किया गया है।

## प्रेम प्रसंग में चचेरे भाई ने की हत्या



सिद्धार्थनगर। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम नागचौरी टोला में एक प्रेम प्रसंग ने हिंसक मोड़ ले लिया। आरोपी मुकेश ने अपनी चचेरी बहन किरण के पिता की हत्या कर दी। साथ ही उसकी मां को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जड़ में मुकेश और किरण का प्रेम प्रसंग है।

करीब एक साल पहले मुकेश किरण को दिल्ली ले गया था। वहां दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। कुछ समय बाद मुकेश का व्यवहार बदल गया। वह किरण को मारता और धमकाता था। जुलाई में किरण के परिवार वाले उसे दिल्ली से वापस ले आए। गांव की पंचायत ने दोनों का रिश्ता खत्म करने का फैसला लिया। यह तय हुआ कि किरण की शादी परिवार की मर्जी से होगी। इस फैसले से नाराज मुकेश ने 10 अगस्त को किरण के भाई को धमकी दी कि अगर किरण की शादी कहीं और हुई तो वह पूरे परिवार को खत्म कर देगा। ग्रामीणों के अनुसार मुकेश आपराधिक प्रवृत्ति का था और हमेशा चाकू लेकर घूमता था। 23 अगस्त की शाम को मुकेश ने अपनी धमकी को अंजाम दिया। उसने किरण के पिता रामकला निषाद की हत्या कर दी। मां और किरण पर भी चाकुओं से हमला किया। वारदात के 60 घंटे बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

## कुशवाहा समाज ने निकाली शोभायात्रा




ललितपुर। कस्बा बालाबेहट कुशवाहा समाज द्वारा भगवान लव कुश जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री वैदेही मंदिर से भगवान लव कुश के जन्मोत्सव पर विशाल शोभायात्रा निकाली। यात्रा की शुरूआत से पहले सुन्दरकांड का पाठ किया गया इसके बाद भगवान लव-कुश, पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुई। शोभायात्रा में भगवान लव-कुश की झांकियां एवं शोभायात्रा को डीजे पर थिरकते युवाओं और जय-जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा बालाबेहट कुश मय हो गया। शोभायात्रा श्री वैदेही मंदिर से शुरू होकर पूरे बालाबेहट घूमकर वापस मंदिर परिसर में समापन हुआ। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा तथा अन्य सामग्री से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री हरगोविंद कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, दीप माला सिंह कुशवाहा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश खटीक, अखिल भारतीय कुशवाहा क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष रामकिशन कुशवाहा, पार्षद गिरधारी कुशवाहा, पत्रकार राहुल कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, रामू कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, एड, रतिराम कुशवाहा, पुरुषोत्तम कुशवाहा, प्रकाश कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, कमल कुशवाहा, भरत कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा, राजधर कुशवाहा, शेर सिंह कुशवाहा, मुन्ना कुशवाहा, अमर सिंह कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, नीलू कुशवाहा, रामभरत कुशवाहा, अनंतराम कुशवाहा, राजू कुशवाहा डीजे, हरकिशन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

## निर्माण कार्यों में भूमि विवाद के सम्बन्ध में बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों में भूमि विवाद विद्युत व अन्य समस्याओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा 50 बेडड हॉस्पिटल बांसी, नर्सिंग कॉलेज एवं छात्रावास निर्माण कार्य में आ रही समस्या की निस्तारण के लिए उप जिलाधिकारी बांसी के लोगों से वार्ता कर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। बांसी में निर्मित काशीराम आवास योजना के भवनों को पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराने के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन करने का निर्देश दिया साथ ही काशीराम आवास का निरीक्षण कर भवन एवं अन्य सुविधाओं की रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे पात्र लाभार्थियों को चाबी का वितरण किया जा सके। नगर पंचायत डुमरियागंज में पेयजल योजना के लिए अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को ब्लॉक परिसर ,पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, बीआरसी परिसर में निरीक्षण कर जमीन का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । नगर पालिका परिषद बांसी में पेयजल विस्तार योजना के



अंतर्गत चार वॉटर टैंक एवं नलकूप हेतु जमीन चिन्हित करने हेतु उप जिलाधिकारी बांसी को निर्देश दिया। नेपाल सीमा ककरहवा पर गेट निर्माण में आने वाली पांच दुकानों को तोड़कर निर्माण कार्य करने के लिए उप जिला अधिकारी नौगढ़ एवं अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिया। बांसी नंदौर खलीलाबाद मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य में आने वाले विद्युत पोल को शिफ्ट करने के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत बंसी को निर्देशित किया गया। तहसील नौगढ़ में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु दूरदर्शन टावर को स्थानांतरित करने के लिए संबंधित से वार्ता करने का निर्देश दिया। महामाया पॉलिटेक्निक बांसी में बाउंड्री वॉल वह गेट निर्माण कार्य प्रगति में है। नगर पंचायत बढ़नी चाफा एवं नगर पंचायत कपिलवस्तु में कान्हा गौशाला का निर्माण कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। 54 अदद राजकीय नलकूप के निर्माण कार्य में चार नलकूपों पर विद्युत कनेक्शन करने के लिए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन के लिए पैसा उपलब्ध करा दिया गया है वहां पर विद्युत कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध करा दें जिससे परियोजनाओं का हस्तांतरण किया जा सके। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध करा दे।

## दो शिक्षकों के बीच मारपीट, पुलिस में दी तहरीर



बिजनौर। विद्यालय में उस समय हडकम्प जब के0एम0 इंटर कॉलेज धामपुर परिसर जंग का मैदान बन गया। दो शिक्षकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई जो धीरे-धीरे गाली-गलौज और हाथापाई में बदल गई। देखते ही देखते अन्य शिक्षक और छात्र भी मौके पर इकट्ठा हो गए। मामला बढ़ता देख दोनों पक्ष सीधे कोतवाली पहुंच गए और एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार धामपुर के0एम0 इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय श्रीराम सिंह ने मंगलवार को धामपुर कोतवाली में तहरीर देकर अवगत कराया कि आज सुबह प्रार्थना सभा समाप्त होने के बाद अध्यापक महेंद्र सिंह अपने साथी अध्यापक अभिषेक सिंह को अपशब्द कह रहे थे। इसी दौरान वह और अन्य शिक्षक पीछे से आ रहे थे। अनिल कुमार ने महेंद्र सिंह को गाली देने से रोका तो वे भड़क गए। आरोप है कि महेंद्र सिंह ने अचानक उन पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान उनके चेहरे पर चोटें आई और नाक से खून बहने लगा। यहां तक कि उनके कपड़े भी फट गए। पीड़ित शिक्षक ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर शिक्षक महेंद्र सिंह ने भी धामपुर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि अनिल कुमार ने ही उनके साथ पहले गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने पुलिस से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। कोतवाल राजेश सिंह चैहान ने घटना के संबन्ध में बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। मामले की गहनता जांच कर जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## गोरखपुर में घायल मां- बेटी से मिलने पहुंचे एएसपी



सिद्धार्थनगर। मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम नागचौरी में 23 अगस्त को हुई एक घटना में रामकला निषाद की पत्नी प्रभावती और उनकी पुत्री घायल हो गई थीं। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशांत कुमार प्रसाद और ट्रेनी आईपीएस क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान ने बीआरडी मेडिकल कॉलेज में घायलों से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने रक्तदान कर घायलों की मदद की। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। परिजनों ने पुलिस प्रशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपराधियों पर कार्रवाई के साथ.साथ परिवार का साथ देकर इंसानियत का परिचय दिया है।

## बालू का अवैध, खनिज अधिकारी ने वाहन पकड़ा

ललितपुर। नगर सहित जनपद में चोरी छुपे खनिज का दोहन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध जिला खनिज अधिकारी द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है। लगातार खनिज का दोहन एवं परिवहन करने वाले व्यक्तियों को पकड़ा जा रहा है, और विभागीय नियमों के अनुसार चालान एवं मुकदमे की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला खनिज अधिकारी अमितोष वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा सहजाद नदी पर बालू खनन की शिकायत की जा रही थी। जिसके क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन में उनके द्वारा खनन निरीक्षक सुदीप कुमार के साथ मध्य रात्रि में ग्राम पाचैनी में शहजाद नदी पर बालू के अवैध खनन पर छापामार करवाई की गई। जिसमें मौके से एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू भरकर भागने लगा, खनिज विभाग की टीम को सामने से आते देखकर ट्रैक्टर चालक ने वाहन को बचाने के लिए ट्रैक्टर को गाढ़े में फंसा दिया एवं ट्रॉली को पलट कर चालक फरार हो गया, जिससे उसके वाहन को टीम द्वारा ले जाया न सके।

## सुंदरीकरण से किसी भी नगर निकाय क्षेत्र का मुख्य स्थान व चौराहा न छूटे : डीएम

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शासन के विभिन्न प्राथमिकता वाले बिन्दुओं की प्रगति एवं विभिन्न योजनाओं में निकायों को प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि नजीबाबाद एवं सहानपुर की महिलाओं द्वारा शाल पर पशमीना कार्य प्रोत्साहित करने के लिए एनआरएलएम कार्यक्रम के अंतर्गत महिला समूह का गठन किया जाए और उनके द्वारा तैयार किया जा रहे उत्पादों को उचित दाम दिलाने के लिए उनका प्रशिक्षण एवं बाजार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की जिले के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों अथवा उत्पादन का समुचित लाभ दिलाने के लिए एनआरएलएम योजना के अंतर्गत आच्छादित करना सुनिश्चित




करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय क्षेत्र में कोई भी मुख्य स्थान अथवा चैराहा को सौंदर्यकरण और उसको आकर्षक रूप में विकसित करें तथा उसमें उत्पादित होने वाले उत्पादों के प्रचार प्रसार तथा शहर में आने वाले आगुंतकों को जानकारी देने के लिए साइन बोर्डों अथवा दीवारों पर वॉल पेंटिंग भी कराएं। उन्होंने शासन द्वारा नगर विकास के लिए नगर निकायों द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत कार्यों की प्रगति में निकायों द्वारा योजनाओं में खर्च की जा रही धनराशि का मूल्यांकन कर संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की और निकायों को धनराशि के अनुसार कार्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को कड़े निर्देश दिए कि 05 से 10 साल पुराने ऑडिट प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए लंबित मामलों का वर्गीकरण करते हुए जो प्रकरण वित्त से संबंधित न हों उनको अलग कर प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम अवित्तीय प्रकरणों को शत प्रतिशत रूप से निस्तारित करना सुरक्षित करें। उन्होंने निर्देश दिए की नगर निकायों में निर्मित की जाने वाली वाली सड़कों की मोटाई नगर पालिका एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी आपसी संबंधी के साथ तय करें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने में अनावश्यक रूप से विलंब ना करें। उन्होंने बैठक में अधिशासी अधिकारियों को पुस्तकालयों का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए की अभियान के तहत रोपित पौधों की जांच कराएं और जो पौधा सूखा अथवा खराब पाया जाए उसके स्थान पर नये पौधे रोपित कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बैठक में अतिक्रमण को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## ई-केवाईसी न कराने पर 3 माह तक नहीं मिलेगा राशन



बांदा। ऐसे सभी राशन कार्ड लाभार्थी जिनकी ई-केवाईसी कराए जाने का कार्य बाकी है उनका राशन वितरण के समय अगले तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी कयामुद्दीन अंसारी ने बताया कि अभी तक ई-केवाईसी न कराने वाले सभी लाभार्थी आगामी 3 माह में प्रत्येक दशा में ई-केवाईसी करा लें अन्यथा उनकी यूनिट राशन कार्ड से निरस्त कर दी जाएगी। नये राशन कार्ड से संबंधित सभी सदस्यों अथवा जारी राशन कार्ड में जोड़ी गयी नई यूनिट को खाद्यान प्राप्त करने से पहले आवश्यक है। 31 अगस्त तक सभी उपभोक्ता अपनी उचित दर दुकान पर अथवा अन्य उचित दर दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करवा सकते हैं। जैसे-जैसे अवशेष लाभार्थियों की ई-केवाईसी पूरी होती जाएगी वैसे ही अगले माह से उन्हे खाद्यान उपलब्ध कराया जाएगा। जो लाभार्थी शासन के निदेशों के बावजूद ई-केवाईसी नही कराएंगे वह इसके लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे।

## व्यवस्थाएं मिलीं बेहतर, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: आयुक्त



बांदा। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बी-पैक्स सहकारी समिति और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसपुरा का आयुक्त अजीत कुमार ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की व्यवस्थाएं देखीं। छात्रावास में 17 बेड मौजूद थे। पंखे, कूलर, पेयजल, शौंचालय, विद्युत व्यवस्था संतोषजनक मिलीं। छात्राओं ने बताया कि उन्हे भोजन, वस्त्र, कापी, किताबें व अन्य सामग्री समय से दी जा रही है। किसी तरह की समस्या नही है। उन्होने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम को देखते हुए परिसर में सफाई, फागिंग, मच्छरों से बचाव के लिए जाली, मीनू के अनुसार ताजा भोजन, उपलब्ध कराया जाए। बी-पैक्स सहकारी समिति में खाद वितरण कर रहे सचिव अजय शुक्ला ने बताया कि केन्द्र में डीएपी व यूरिया पर्याप्त मात्रा में है। निरीक्षण के दौरान 10 किसानों को खाद दी जा चुकी थी। आयुक्त ने निर्देश दिए कि किसानों को खाद वितरण में किसी तरह की अनियमितता या देरी की शिकायत न मिले। अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण के दौरान ओपीडी कक्ष में डॉ रफीक मौजूद मिले। उन्होने बताया कि 316 मरीजों का इलाज किया गया है। यहां सफाई, पेयजल, दवाएं और चिकित्सकीय सुविधाएं संतोषजनक मिलीं। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप जन सुविधाओं को प्रभावी व पारदर्शी बनाया जाए। किसी भी दशा में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।

## सूखे-गीले कचरे को अलग रखने के बताये लाभ

बांदा। शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन अभियान के चलते नगर पंचायत नरैनी में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक वार्ड 12 किदवई नगर में अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान डीपीएम स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अभिषेक खरे ने लोगों को कचरा के प्रकार एवं सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग देने के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने लोगों से कहा कि गीला कचरे में सब्जी के छिलके, अंडे के छिलके, फूल और पत्तियों से खाद बनाई जाती है। जबकि सूखा कचरा मनुष्य द्वारा उत्पन्न होता है। इसमें पॉलीथीन, प्लास्टिक सामग्री, गत्ते आदि शामिल हैं। इससे वातावरण में प्रदुषण पैदा होता है। ऐसी स्थिति में गीला और सूखा कचरा एक साथ नही डालना चाहिए। उन्होने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत वातावरण स्वच्छ बनाए रखने के लिए जिले की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठक में अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार ने लोगों से नगर पंचायत का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समिति के सदस्य, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र पाण्डेय, लिपिक शिवम द्विवेदी व वार्ड सफाई नायक उपस्थित रहे।

## साइबर ठगी के तीन अंतर्राज्यीय सदस्य गिरफ्तार

बांदा। साइबर क्राइम थाना बांदा की पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग और साइबर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलाशा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना बदौसा क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने साइबर क्राइम थाना में सूचना दी कि राघवपुरी जिला चित्रकूट का रहने वाला राजकुमार उन्हे 10-15 हजार रुपये का लालच देकर पासबुक, एटीएम और अन्य दस्तावेज लेना चाह रहा था। वह अन्य लोगों से भी बैंक खाता प्राप्त भी कर चुका है। इस शिकायत पर साइबर क्राइम थाना में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जांच के दौरान चैंकाने वाला खुलाशा हुआ। पता चला कि आरोपी राजकुमार एक अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़ा हुआ है और गोवा में बैठकर ऑनलाइन बेटिंग एवं साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देता है। वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्यों का प्रयोग कर नेटवर्क के बारे में जांच की गयी तो पता चला कि गिरोह बड़े पैमाने पर कई राज्यों में साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर गिरोह का मुख्य सरगना आकाश उर्फ रजनीश कुमार द्विवेदी पुत्र रामबाबू निवासी ठक्कर बापा गुड़ियारी राजपुर छत्तीसगढ़ का निवासी है। यह बांदा, चित्रकूट और आस-पास के जिलों के साथ-साथ मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी एजेंट तैयार करता है। सरगना आकाश अक्सर गोवा आता जाता था। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को अतर्रा राइस मील के पास गिरफ्तार कर लिया। मुख्य सरगना आकाश की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपियों के पास से चेक बुक, पासबुक, 16 चांदी की चूड़ी, तीन मोबाइल व एक चार पहिया वाहन बरामद हुआ है। आरोपियों में दीपक कुमार लालमन कोरी, कृष्ण कुमार कुशवाहा पुत्र सुरेश कुमार व राजकुमार सोनकर पुत्र मित्थीलाल जिला चित्रकूट हैं।

## गणेश महोत्सव आज से, विधायक ने बांटे वेश किट

बांदा। नूतन बाल समाज अलीगंज का गणेश महोत्सव कार्यक्रम 27 अगस्त से शुरू होगा। इस दौरान 11 दिन सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। 6 सिंतबर को विशाल राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। कार्यक्रम शुभारंभ से पहले सोमवार को गणेश भवन में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मंदिर परिसर में जोग का प्रशिक्षण ले रहे बालक-बालिकाओं को वेश वितरित किए। इस दौरान बच्चों ने मलखम्भ का प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी जीतू, अशोक अवस्थी, ज्योत्सना पुरवार, सुशील तिवारी, निखिल सक्सेना, रजत सेठ मौजूद रहे। इसके बाद नूतन बाल समाज की हुई बैठक में कमेटी का पुनर्गठन हुआ। इसमें सुशील तिवारी सभापति व निखिल सक्सेना मंत्री मनोनीत किए गये। इसके अलावा संजय गुप्ता कोषाध्यक्ष व सत्यनारायण श्रीवास सह कोषाध्यक्ष, गौरव अग्रवाल ऑडिटर, मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, प्रबंधक सत्यदेव त्रिपाठी व मयंक सर्राफ, यश शिवहरे उप प्रबंधक बनाए गये। संरक्षक मंडल में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, अशोक त्रिपाठी जीतू, दिनेश कुमार दीक्षित, अशोक कुमार अवस्थी, ज्योत्सना पुरवार, डॉ शरद चतुर्वेदी, अवधेश नारायण द्विवेदी, दत्तू पंत गुर्जर शामिल किए गये।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गणेश पुत्र रामजीत, जो ग्राम जगदीशपुर ग्रांट, टोला हरैया का रहने वाला है, को गुदराही मोड़ से पकड़ा गया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 26 अगस्त को कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी क्षेत्र में आने वाला है। टीम ने गुदराही मोड़ पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में दबिश दे रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र के लोगों ने राहत महसूस की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के अपराध समाज के लिए खतरा हैं। वे दोषी को कड़ी सजा की मांग कर रहे हैं। पीड़िता का परिवार न्याय की उम्मीद लगाए बैठा है। परिवार ने कहा कि वे अदालत से जल्द से जल्द सजा दिलाने की मांग करेंगे!

# रूस, भारत-चीन त्रिकोण!

यह विचार कोई नया नहीं है। ढाई-तीन दशक पहले से भी राजनयिक हल्कों में इसकी चर्चा होती थी और एक बार फिर इसकी प्रासांगिकता और संभावना जेरे बहस है। लेकिन यह विचार सार्थक या कहें कूटनीतिक हकीकत तभी बन सकता है जब आरआईसी त्रिकोण में दो बड़े देशों चीन और भारत के बीच आपसी विवादों का समाधान हो। चीन जिस तरह सीमा पर आक्रामक रहा है उसके मद्देनजर इस विचार का कोई दीर्घकालीन भविष्य नहीं हैं। हां अमरीका के टैरिफ वार के बीच एक बार फिर से यह प्रासांगिक जरूर हो गया है। वैश्विक परिस्थितियां ऐसी हैं कि तीनों देश एक ही मंच पर लामबंद हो रहे हैं। उसे 'आरआईसी' नाम दिया जा सकता है। तीनों देश 'ब्रिक्स' के एक मंच पर भी लामबंद हैं। तीनों देश एससीओ में भी साथ-साथ हैं। यह 'त्रिकोण' 1998 में भी उभरा था और 2002 में उसके विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। भारत और रूस कई दशकों से 'दोस्त' हैं। उनके बीच व्यापारिक रिश्ते और सामरिक साझेदारी रही है, बेशक हालात कैसे भी रहे हों, लेकिन भारत और चीन, रूस और चीन के बीच युद्ध भी हुए हैं और सीमा-विवाद भी रहे हैं। भारत चीन को 'दुश्मन नंबर 1' भी मानता रहा है, लेकिन दोनों एशिया के 'सबसे



बड़े प्रतिद्वंद्वी देश' भी हैं और 2024-25 में दोनों देशों के बीच 127.7 अरब डॉलर का कारोबार भी किया गया। अब विश्व की बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार और कूटनीति की कवायद जारी है। रूस और चीन के संबंध कूटनीतिक स्तर पर प्रगाढ़ रहे हैं। चूंकि तीनों देशों का एक साझा खलनायक है-अमरीका, लिहाजा उस पर दबाव बनाए रखने और उसकी अड़चनों और उसके फैसलों से निष्प्रभावी होने के मद्देनजर भारत, रूस, चीन का 'त्रिकोण' पुख्ता हो सकता है। रूस पर अमरीकी और यूरोपीय पाबंदियों के दौर में चीन और भारत ने उससे काफी मात्रा में कच्चा तेल खरीदा। रूस ने भारत के साथ 'रुपया' मुद्रा में कारोबार किया। हालांकि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक अखबार में विस्फोटक लेख लिखा और भारत की 'तेल लॉबी' को करार दिया कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की युद्ध-मशीनरी की आर्थिक मदद कर रही है, लिहाजा भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जाए। सचाई यह है कि अमरीका और यूरोप तुलनात्मक रूप से रूसी तेल और गैस के सबसे बड़े खरीददार हैं। यही वैश्विक परिस्थितियां हैं, जो भारत, रूस, चीन को करीब लाकर 'त्रिकोण' बना रही हैं। हाल ही में चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत आए और हमारे विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल तथा अंततः प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। चीन ने महत्वपूर्ण पेशकश की कि वह भारत को खाद, रेयर अर्थ मिनरल्स और सुरंग खोदने की मशीन मुहैया कराने को तैयार है। रेयर अर्थ मिनरल्स करीब 90 फीसदी चीन में ही होते हैं। चीन पहले इन वस्तुओं की आपूर्ति में बाधाएं डालता रहा था। इस माह के अंत में तीनों देशों के शीर्ष नेता एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान चीन में मिलेंगे। उस मुलाकात से 'त्रिकोण' और भी पुख्ता होगा। विश्व की करीब 38 फीसदी आबादी, 33 फीसदी जीडीपी, करीब 20 फीसदी क्षेत्रफल और दुनिया की नंबर 2, 3, और 4 सेनाएं इन तीनों देशों की हैं। रूस और चीन सुरक्षा परिषद के स्थायी, वीटो पॉवर वाले देश हैं। कल्पना कर सकते हैं कि इन तीनों देशों की साझा शक्ति कितनी होगी? यह 'त्रिकोण' बनना तब जोर पकड़ने लगा जब अमरीका ने रणनीतिक साझेदार होने के बावजूद भारत पर 50 फीसद टैरिफ थोपने की घोषणा की। नतीजतन समीकरण बदलने लगे और चीन ने भारत पर थोपे गये टैरिफ की निंदा की और भारत के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाया। हालांकि इतिहास और अतीत बताता है कि भारत को चीन पर भरोसा नहीं करना चाहिए, लेकिन यह त्रिकोण बनाना भी वैश्विक हित में है। इससे अमरीकी मनमानी और आर्थिक साम्राज्य विस्तार की मंशा पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

# क्या ट्रंप का एजेंडा पूरा करने आये हैं गोर



शाहिद ए चौधरी



व्हाइट हाउस में सात महीने बिताने के बाद राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रम्प ने अपने अति विश्वसनीय समर्थक सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में चुना है। लेकिन इस चयन पर परस्पर विरोधी राय है। जो लोग गोर के पक्ष में हैं, उनका कहना है कि वह ट्रम्प के इतने अधिक निकट हैं कि उनकी सलाह पर राष्ट्रपति ने एलोन मस्क की पसंद के व्यक्ति को नासा प्रमुख नहीं बनने दिया था, जबकि मस्क ने गोर को 'सांप' कहते हुए उन पर रुसी जासूस होने का आरोप लगाया था। दूसरी ओर जो लोग गोर के विरोध में हैं, उनका दावा है कि गोर को शून्य राजनयिक अनुभव है और उन्हें परमाणु हथियारों से लैस क्षेत्र के उस देश में नहीं भेजा जाना चाहिए था, जिसकी जनसंख्या संसार में सबसे अधिक है। गोर मात्र 38 वर्ष के हैं और नई दिल्ली भेजे जाने वाले सबसे कम आयु के राजदूत हैं। इसलिए यह बात सही प्रतीत होती है कि उनमें राजनय अनुभव का अभाव है। सवाल यह है कि बेतुके ट्रम्प टैरिफ की वजह से अमेरिका व भारत के बीच जो दरवाजे बंद हुए हैं क्या गोर उन्हें पुनः खोल पायेंगे? बहरहाल, भारत ने गोर की नियुक्ति की खबर का सावधानीपूर्वक स्वागत किया है, जबकि ट्रम्प ने गोर को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया है 'जिस पर मैं अपने एजेंडा को पूरा करने के लिए पूर्णतः विश्वास कर सकता हूं।' ट्रम्प ने 'एजेंडा' पर बल दिया है।

> ट्रम्प ने अपने राजनीतिक व व्यक्तिगत वफादार को नई दिल्ली तो भेज दिया है, लेकिन लाख टके का प्रश्न है कि क्या गोर अमेरिका व भारत के बीच बंद हुए दरवाजे को फिर से खोल पायेंगे? अटकलों से कोई फायदा नहीं, समय इसका ही जवाब देगा।

अब जब रूस से तेल खरीदने के लिए ट्रम्प का 25 प्रतिशत दंडनीय टैरिफ (जिसे अब व्हाइट हाउस 'प्रतिबंध' कह रहा है) भारत पर लागू होने जा रहा है, तो पोटस की भू-राजनीति को नियंत्रित करने वाला कोई नहीं है। ट्रम्प तो ऐसे व्यक्ति हैं, जो अपने अहंकार को संतुष्ट करने के लिए अच्छे संबंधों को भी तनावपूर्ण बना सकते हैं, उन्होंने 40 बार से अधिक दावा किया कि व्यापार का प्रलोभन देकर उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया। इसलिए ट्रम्प की बातों व हरकतों की समीक्षा करना असंभव नहीं तो जटिल व कठिन अवश्य है। यह हो सकता है कि ट्रम्प के पागलपन में भी एक तरीका हो। शायद वह वास्तव में रूस के विरुद्ध भारत को लीवर के रूप में प्रयोग कर रहे हों। उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने हाल के अपने निन्दात्मक बयान (भारत क्रेमलिन की वाशिंग मशीन है) से तो यही संकेत मिलता है। गौरतलब है कि भारत ने बार बार कहा है कि अमेरिका का तर्क स्वयं-सेवी है। जब यूक्रेन युद्ध शुरू होने और नतीजतन रूस पर पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण अमेरिका को ग्लोबल तेल दाम बढ़ने की चिंता थी, तो उसने भारत से आग्रह किया था कि वह बड़ी मात्रा में रुसी तेल खरीदे। इसके अतिरिक्त, चीन भी बड़ी मात्रा में रुसी तेल खरीद रहा है, लेकिन दुर्लभ मृदा तत्व के लालच में ट्रम्प ने उस पर कोई जुर्माना नहीं लगाया।

सामयिक

संक्षेप में यह कि ट्रम्प की दिखावटी नैतिकता कुछ नहीं है सिवाय इसके कि सिद्धांत के नाम पर भेड़िये ने शेर की खाल पहनी हुई है। इसलिए भारत ने एकदम सही किया है कि मुख्यतः कृषि व डेरी पर आधारित व्यापार समझौते पर अमेरिकी दबाव को मानने से इंकार कर दिया है। इससे थोड़े से समय के लिए काले बादल अवश्य छा गये हैं, लेकिन उनमें भी उम्मीद की एक सुनहरी किरण है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि व्यापार वार्ता जारी है और 23 अगस्त 2025 को अमेरिका के राज्य सचिव मार्को रुबियो ने भारत को 'संसार में सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रों में से एक, जिनसे हमारे संबंध हैं' बताया। नवारो ने भी अपने निन्दात्मक बयान के बाद 'आई लव इंडिया' कहा। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि 27 अगस्त 2025 से भारतीय निर्यात को जो उच्च अमेरिकी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, वह भारतीय निर्माण व जॉब्स को काफी हद तक प्रभावित करेगा। लेकिन इस चुनौती का सामना करने के लिए भारत सरकार तैयार है और वह थोड़े की बजाय अधिक सुधारों पर विचार कर रही है। मुमकिन है कि भारत का अल्पकालिक दर्द दीर्घ कालीन लाभ में परिवर्तित हो जाये। इस पृष्ठभूमि में ट्रम्प ने सर्जियो गोर को भारत में अपना राजदूत बनाया है, जिनका सरनेम गोरोखोव्स्की था, जिसे अमेरिका में उन्होंने गोर कर दिया। गोर का भारत से संबंधित कोई ज्ञात संबंध या संपर्क या कार्य या स्कॉलरशिप नहीं है। उनका जन्म ताशकंद, उज्बेकिस्तान में हुआ था, जब वह पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा था। गोर जब 12 साल के थे तो वह अपने पैरेंट्स के साथ 1999 में अमेरिका में आ गये। उनके पिता यूरी गोरोखोव्स्की एविएशन इंजीनियर थे, जो सोवियत सेना के लिए एयरक्राफ्ट डिजाइन करते थे, विशेषकर आईएल-76 (बीच हवा में ईंधन भरने वाला सुपरटैंकर) जोकि भारतीय वायु सेना की फ्लीट का हिस्सा है। गोर की मां इजराइल मूल की हैं। गोर का परिवार लास एंजिल्स में बस गया, जहां स्कूलिंग करने के बाद वह जॉर्ज वाशिंगटन यूनिवर्सिटी में दाखिल हो गये जो व्हाइट हाउस से थोड़े से ही फासले पर है।

गोर पुरातनपंथी रिपब्लिकन पार्टी में सक्रिय हो गये और विवादित अति दक्षिण विचार रखने वाले सांसदों स्टीव किंग व मिशेल बेकमैन के प्रवक्ता बने। इसके बाद वह सीनेटर रैंड पॉल के स्टाफ में शामिल हो गये और पदोन्नति करके डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ बने। गोर ट्रम्प के कैंप में 2020 के चुनाव में शामिल हुए और तेजी से मागा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आंदोलन का हिस्सा बन गये, जिससे उन्हें ट्रम्प के करीब आने का अवसर मिला। ट्रम्प ने उन्हें अपनी मार-ए-लागो एस्टेट पर नियुक्त किया और फिर नवम्बर 2024 की जीत के बाद ट्रम्प ने गोर को व्हाइट हाउस ऑफिस में राष्ट्रपति कर्मचारियों का निदेशक बना दिया और वह वाशिंगटन डीसी में रहने लगे। इस प्रभावी जॉब के कारण गोर व्हाइट हाउस में ट्रम्प के अति विश्वसनीय व्यक्ति बन गये और सभी महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सलाह देने लगे, जिससे मागा के अन्य महत्वपूर्ण सदस्य असहज हो गये, जिनमें एलोन मस्क भी शामिल थे। मस्क ने सिफारिश की थी कि जार्ड इसहाकमैन को नासा का प्रमुख नियुक्त किया जाये। गोर ने ट्रम्प के कान भर दिये कि इसहाकमैन ने तो डेमोक्रेटिक पार्टी को चंदा दिया था। इसहाकमैन की नियुक्ति नहीं हुई। मस्क को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने गोर को 'सांप' कह डाला।

इसके बावजूद गोर को नई दिल्ली में अमेरिका का राजदूत बनाये जाने का ट्रम्प के प्रिंसिपल्स ने स्वागत किया है, जिनमें से कुछ को भारत से बिगड़ते संबंधों पर चिंता है। प्रिंसिपल्स मार्को रुबियो (गृह सचिव) व हावार्ड लुट्निक (वाणिज्य सचिव) को लगता है कि 'भारत अच्छे हाथों में है' और गोर 'अमेरिका के शानदार प्रतिनिधि साबित होंगे'। लेकिन नई दिल्ली ने गोर की नियुक्ति का सावधानीपूर्वक स्वागत किया है। इस बात को लेकर तो राहत है कि नई दिल्ली में ऐसा राजदूत होगा, जिसके व्हाइट हाउस व ट्रम्प से सीधे संबंध हैं, लेकिन इस बात को लेकर चिंता भी है कि उस पद पर एक नौसिखिया को बैठाया गया है, जिस पर कभी चेस्टर बोवल्स व जेके गॉलब्रेथ जैसी विभूतियां बैठीं थीं और जिसे भारतीय उपमहाद्वीप, दक्षिण व केंद्रीय एशिया के बारे में कोई ज्ञान नहीं है। ट्रम्प ने अपने राजनीतिक व व्यक्तिगत वफादार को नई दिल्ली तो भेज दिया है, लेकिन लाख टके का प्रश्न है कि क्या गोर अमेरिका व भारत के बीच बंद हुए दरवाजे को फिर से खोल पायेंगे? अटकलों से कोई फायदा नहीं, समय इसका ही जवाब देगा।

## सोशल मीडिया

जब संविधान बना था, तब संविधान निर्माताओं ने इस निर्लज्जता की कभी कल्पना भी नहीं की थी कि भविष्य में ऐसे नेता भी आयेंगे, जो जेल में रहकर सरकार चलायेंगे। अमित शाह.



आरक्षण चोरी करने वाले अब वोट चोरी कर रहे हैं। फिर आपका राशन और पेंशन बंद करेंगे। ये लोकतंत्र के और संविधान के विरोधी लोग हैं। तेजस्वी यादव.



उल्लास और उमंग के बीच बिहार में इन्फ्रा से जुड़े ऐतिहासिक अध्याय का साक्षी बना औंटा सिमरिया पुल का लोकार्पण राज्य के जीवन में बदलाव लायेगा। पीएम मोदी.



## विचार

जब कोई प्रतिभाशाली हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसको इस लक्षण से पहचाना जाता है कि सभी मूर्ख उसके विरुद्ध खड़े हो जाते हैं।

–स्विफ्ट.

पापी पेट! तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

जो मनुष्य निरुत्साह, दीन और शोकाकुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

–वाल्मीकि रामायण.

छोटी–छोटी वस्तुओं को संगठित करने से भी कार्य सिद्ध हो जाता है, जैसे घास की बंटी हुई रस्सियों से मतवाले हाथी बांधे जाते हैं।

– हितोपदेश.

# ज्ञान-विज्ञान का पराभव

अंतर्दृष्टि

मध्यकालीन युग में भारत के परम्परागत गौरव, ज्ञान-विज्ञान एवं आध्यात्म का भारी पतन हुआ। अंधकार के इस युग ने स्वर्ण जैसी भारत भूमि की सारी विशेषताओं का अपहरण कर लिया। पतन और पराभव ही रह गया, अब हम दानी नहीं याचक बनकर रह गये। शासन अर्थ, शिक्षा, विज्ञान आदि भौतिक क्षेत्रों में ही नहीं सांस्कृतिक दृष्टि से भी भरतवर्ष आयातक भर है। निर्यातक बनने की स्थिति तो अभी तक नहीं बन पायी। इस दृष्टि से ईसाई मिशन निर्यातक होने का गौरव प्राप्त करते हैं। इस देश के साधु बाबा, धर्म प्रचारक और दूसरे लोग कभी विदेश जाते हैं तो लालच की आंखें और याचना की झोली भर लेकर बाहर पहुंचते हैं। बहाने बनाने के हजार रास्ते हैं। मांगने के लिए भी अनेक सच्चे-झूठे कारण एवं पाखण्ड खड़े किये जा सकते हैं। दृष्टि तो वही रही जिसके कारण उनके प्रति जनसाधारण की श्रद्धा घटती और प्रभावोत्पादक सामर्थ्य मिटती है। यहां चर्चा समर्थ देशों से राजनीतिक वैज्ञानिक आर्थिक याचना के होते रहने वाले प्रयत्नों की नहीं हो रही वह दूसरे लोगों के सोचने की बात है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक एवं राजनीतिक सामंजस्य एवं संतुलन के निर्धारण का दायित्व एक वर्ग विशेष पर है। इन पंक्तियों में उस सांस्कृतिक दरिद्रता का उहापोह चल रहा है जिसके कारण पूर्वजों की भांति भारत भूमि के देव पुत्र विश्व मानक को वह भी नहीं दे पाते जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। जबकि इस गई गुजरी स्थिति में भी दे सकने के योग्य उनके पास बहुत कुछ है। सर्वविदित है कि भौतिकवादी दृष्टिकोण और सम्पन्नता के दुरुपयोग ने नैतिक मूल्यों का बुरी तरह ह्रास किया है। फलतः पारस्परिक स्नेह सहयोग में भारी कमी आयी है। स्वार्थपरता और निष्ठुरता बढ़ने से सारा प्रचलन ही उलट गया है और विषाक्त वातावरण ने जनजीवन को अनिश्चित, अशान्त और आतंकित करके रख दिया है। इन दिनों समृद्धि तो निश्चित रूप से बढ़ी है पर साथ ही यह भी स्पष्ट है कि पूर्वजों को स्वल्प साधन वाली स्थिति की तुलना में वह अत्यंत तुच्छ और कष्ट कारक बनकर रह रही है। इस व्यापक विपन्नता को दूर करने के लिए भारत अभी भी इस स्थिति में है कि पूर्वजों के प्रतिपादनों और निर्धारणों से अवगत कराते हुए, विश्व मानस को यह सुझाये कि विनाश के कगार पर खड़ी सभ्यता को पीछे लौटने और शान्ति पूर्वक जीने का क्या तरीका हो सकता है। निःसंदह भारत बहुत कुछ खो चुका है। उसके पास जो बचा है, अस्त-व्यस्त और नष्ट भ्रष्ट है फिर भी उसके कुछ टुकड़े ऐसे हैं जिन्हें अभी भी डूबते को तिनके के सहारे प्रयुक्त किया जा सकता है।

# जो फेल होगा, वही राजा बनेगा

व्यंग्यलोक

इन दिनों परीक्षाओं का चक्रव्यूह चल रहा है। इधर-उधर पास कराने वाले गिरोह पनप रहे हैं। वे बच्चों को पास होने के लिए उकसा रहे हैं। इस गिरोह में शिक्षक भी शामिल है। वे बच्चों को पढ़कर पास होने जैसे घटिया कामों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। ऐसे झांसेबाज शिक्षकों के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। जो पढ़ेगा, वह बस पढ़ता ही रह जाएगा। जो फेल होगा वही एक दिन राजा बन जाएगा। चुनाव लड़ जाएगा और फटाक से शिक्षा मंत्री हो जाएगा। इसलिए हर कोई फेल होना चाहता है। लेकिन फेल होना हर किसी के भाग्य में नहीं है! कमबख्त परीक्षक! वे खाली कॉपी में भी सफाई के नंबर देकर पास के चक्रव्यूह में फंसा देते हैं। ये तमाम शिक्षकों-परीक्षकों की साजिश है! जाने कैसे वे पास कर देते हैं? अगला साल भर फेल होने के लिए मेहनत करता है। लेकिन उस पर पानी फेर देते हैं। परीक्षा की कॉपियां परीक्षकों के बच्चे ही जांचते हैं और वे पास कर देते हैं। आखिर परीक्षक भी करें तो क्या? कमबख्त! फेल होना किसे अच्छा नहीं लगता है? बच्चे लोग फेल होने के लिए रात-दिन मेहनत भी करते है। ऐसे में जिनके इरादे और हौसले बुलंद हो तो निश्चित ही वे फेल होने के लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। वे शानदार ढंग से फेल होकर सबके लिए एक नई मिशाल पेश करते है। कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती, ये बात तो हर कोई कहता है। लेकिन अगर बार-बार कोशिश करने के बाद भी फेल न हो सकें तो फिर क्या करें?



रामविलास जॉंगिड़

इस बात को कोई नहीं बताता। यदि ट्राई अगेन का फामूर्ला पूरा समझना है तो गुरुओं से समझो। अगर एक-दो बार कोशिश करने के बाद भी फेल नहीं हो तो क्या किया जाए? गुरु कहते हैं कि फेल होना ही जिंदगी का असली मकसद होना चाहिए। फेल होने में ही जिंदगी का सार है। जो फेल होता है वही संसार में सब पर राज करता है। जो पास हो जाते हैं, वे पढ़ते ही जाते हैं। फिर कोई छोटी सी नौकरी लग जाती है। फिर उसके बाद भी पढ़ते ही रहते। जिंदगी में पढ़ते-पढ़ते सड़ जाते हैं। इसलिए फेल होने में ही जिंदगी का असली आनंद आता है। जी भर कर कोशिश करते रहिए और फेल होने के लिए दम भरते रहिए। ए दोस्त, तेरी जिन्दगी की राह में पास कराने वाले हजारों दुश्मन आएंगे। असली खुशियां जब होगी जब आप फेल होकर दुनिया में अपना नाम रोशन कर जाएंगे। यहां सतत संघर्ष फेल होने का चल रहा है। गुरु परीक्षा में पास करने की साजिश रच रहा है। ए दोस्त हारना मत! फेल होने के लिए पूरा जोर लगा देना। बढ़िया तरीके से फेल होने के लिए पूरी अप्रोच लगा देना। जीवन के संघर्ष में पास होकर टूटा भी हूं और परेशान भी हूं मैं। लेकिन ए जिंदगी मैंने हार नहीं मानी और इस बार फेल होकर बहुत निखरा भी हूं मैं। जीवन के सफर में जो फेल होकर आगे बढ़ता जाता है।

# रजनीकांत की फिल्मी दुनिया में गोल्डन जुबली



बॉलीवुड

रजनीकांत की जितनी तारीफ की जाये उतनी कम है। तमिल फिल्मोद्योग में वह सफलतापूर्वक 50 बरस मुकम्मल कर चुके हैं और अब भी उनका वर्चस्व कायम है, जिसका जश्न मनाना चाहिए, विशेषकर इसलिए भी कि विभिन्न भाषाओं में वह 170 से अधिक फिल्में कर चुके हैं, स्क्रीन पर उनका जलवा व करिश्मा कभी कम नहीं हुआ है और उनकी राजनीति ने भी उनके प्रशंसकों के जीवन को प्रभावित किया है। वक्त कितनी तेजी से गुजरता है। पचास साल कल की सी बात लगते हैं। हालांकि 1975 में आयी अपनी पहली फिल्म 'अपूर्वा रागंगल' में वह हीरो नहीं थे, लेकिन इससे उनकी इतिहास में यात्रा आरंभ हो गई थी। उन्होंने दूसरों की जरूरतों के अनुरूप खुद को ढाल लिया। उनका नाम बदल दिया गया, उन्होंने नई भाषा सीखी और नया व्यक्तित्व ओढ़ा, जिसकी कल्पना फिल्मकार के. बालाचंद्र ने की थी।

रजनीकांत ने कल्ट फिगर बनने की यात्रा पांच दशक पहले आरंभ की थी, विद्रोह को वैधता प्रदान करके, प्रतिबंधित इच्छाओं पर बोलने की संभावना उत्पन्न करके, समाज में हाशिये पर पड़े लोगों के लिए बोलकर और अपनी छवि 'लार्जर देन लाइफ' बनाकर। उनकी नवीनतम फिल्म 'कुली' उनके इन्हीं वर्षों का स्मरण कराती है। बहुत कुछ बदल गया है, लेकिन अब भी बहुत कुछ वैसा ही है। जो चीज नहीं बदली है, वह यह है कि अब भी पहले की तरह रजनीकांत नया व्यक्तित्व ओढ़ने की कोशिश कर रहे हैं, वो बनने का प्रयास जो वह हैं नहीं। कहा जाता है कि सुपरस्टार्स बूढ़े होने से सबसे अधिक डरते हैं। हालांकि हम उनकी दीर्घायु का जश्न मनाते हैं, लेकिन वे उसके मानवीय डर में ही रहते हैं। रजनीकांत की वास्तविक तस्वीर यह है कि उनके सिर पर बाल नहीं हैं और वह हमारे प्यारे अंकल से दिखायी देते हैं। 'कुली' में उनके सिर पर भरपूर बाल हैं और वह जवान व्यक्ति की तरह लड़ते हैं, यह अलग बात है कि उनकी आंखें उन्हें धोखा दे रही हैं। वही शक्तिशाली आंखें जिन पर 50 साल पहले बालाचंद्र ने टिप्पणी की थी, अब गहरी उदासी में छुपी हुई हैं, शायद इस दर्द को व्यक्त करते हुए कि सुपर स्टारडम के नाम पर अब भी ऐसी फिल्में करनी पड़ रही हैं। रजनीकांत कभी अपने शरीर से परिभाषित नहीं किये गये। वह सांवले व छोटे कद के हैं, बंग्लुरु के बस कंडक्टर की तरह, जोकि वह एक्टर बनने से पहले थे। वह मराठी भी बोलते थे और तमिल को अलग अंदाज से बोलते थे। वह जो बोलते व जिस बात के लिए खड़े होते, वह ही उनकी ताकत व क्षमता का आधार है। वह साधारण लेकिन शक्तिशाली सत्य के प्रतीक हैं।

फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले, दैनिक मजदूर, कुली व ऑटोरिक्शा चालक अधिक नैतिक गुण प्रदर्शित करते हैं बजाय जमींदारों, रईस व्यवसायिओं या शक्तिशाली नेताओं के। रजनीकांत को इसलिए प्यार किया जाता है क्योंकि वह सामाजिक दृष्टि से स्वीकार्य व्यवहार और व्यक्तिगत तौरपर पिछड़े के बीच के ग्रे व्यक्ति का प्रतीक हैं। वह जब राजनीतिक तौरपर गलत थे, तब भी आकर्षक थे। उनके प्रशंसक उन्हें प्यार करते हैं क्योंकि वह जानते हैं कि रजनीकांत दिल से नैतिक हैं। कुली थीम जो उनकी नई फिल्म में बहुत बेतुके ढंग से प्रस्तुत किया गया, ने ही कामकाजी वर्ग में उनकी पैठ बनायी थी, जिसकी आवाज का प्रतिनिधित्व उन्होंने 'मुल्लुम मलारुम' (1978, एक ग्रामीण का शहरी इंजीनियर से टकराव), 'बाशा' (1995, ऑटो चालक), 'मुथु' (1995, जमींदार का नौकर) जैसी फिल्मों में किया था। हिट फिल्म 'काला' (2018) में वह मलिन बस्ती वालों के लिए लड़ते हैं। युवा रजनीकांत बुजुर्गों, समझदारों, जिम्मेदारों, अधिक सामाजिक और उम्मीद जगाने वाले व्यक्ति की तरह अभिनय करते थे। अब पचास साल बाद रजनीकांत की नैतिकता भी बूढ़ी हो गई है। वह इसे छुपा नहीं पाते हैं, भले ही वह अपने बूढ़े होते शरीर को मेकअप से ढक लें। जब 'थालापथी' (1991) में उन्होंने गैंगस्टर की भूमिका निभायी थी, तो अपराधियों के संसार में भी नैतिकता का बोध था। लेकिन 'कुली' में रजनीकांत का नैतिकबोध लुप्त हो जाता है, जब वह एक युवा महिला के साथ मिलकर अपराध करते हैं और उसे उचित ठहराते हैं कि महिला को बहनों की मेडिकल शिक्षा की फीस अदा करनी है। यह वह रजनीकांत नहीं हैं, जिन्हें हमने 'भैरावी' (1978) या 'अवल अप्पदिथान' (1978) जैसी फिल्मों में देखा था, जिनकी वजह समाज में महिलाओं के अधिकारों व भूमिका पर गहन बहस छिड़ गई थी। रजनीकांत अपनी सिगरेट ट्रिक्स के साथ अपने डायलॉग के लिए भी विख्यात रहे क्योंकि उनके डायलॉग कभी बूढ़े नहीं हुए।

## आपकी बात

### स्वास्थ्य सेवा की दशा

लोक कल्याणकारी राज्य की पहली प्राथमिकता अपने सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा मुहैया कराने पर होनी चाहिए। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता और सरकारी अस्पतालों का बोझ कम होता।

**अवनीश शर्मा, लखनऊ.**

### गेमचेंजर बनेगी जीएसटी

देश में प्रस्तावित जीएसटी सुधारों से न सिर्फ महंगाई से बड़ी राहत मिलेगी लेकिन साथ ही आर्थिक प्रगति को भी पंख लगेंगे। इसके साथ ही अगर पेट्रोल कीमतों में भी कुछ कटौती जो जाये तो देश में महंगाई से बड़ी राहत के साथ विकास का भी आशाजनक माहौल बनेगा। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों के मददेनजर यह जरूरी है कि सरकार पेट्रोल एवं डीजल के दामों में कुछ राहत प्रदान करे। सरकार मंहगायी कम करने के लिए सीधे बाजार हस्तक्षेप करे। महंगायी पर सीधे प्रहार के लिए यह जरूरी है कि पेट्रोलियम उत्पादों जैसे पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी, एलपीजी आदि के दाम में कटौती की जाये। इससे महंगाई कम करने में मदद मिलेगी। सरकारी आंकड़े चाहे जो हों आम आदमी महंगाई से परेशान है और इसमें पेट्रोलियम कीमतें आग लगाने का काम कर रही हैं। कोरोना संकट के समय टैक्स में जो कमी हुई उसे पूरा करने के लिए सरकार ने पेट्रोलियम पर कर बहुत अधिक बढ़ा दिया जिसके कारण सस्ते तेल का लाभ भी आम जनता को नहीं मिला और अब तो कीमतें सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गयी हैं। इसलिए यह जरूरी है कि तेल के दाम में कटौती की जाये। वैसे पूर्व में जब तेल के दाम बढ़ते थे तो विरोध भी होता था लेकिन डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस के दाम काफी बढ़ गये हैं लेकिन गंभीर राजनीतिक विरोध देखने को नहीं मिला। पूर्व में जब अंतर्राष्ट्रीय कारणों से जब तेल के दाम बढ़ जाते थे तो भी राजनीतिक दल सड़क पर इतना गदर काटते की देश की अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों के दिमाग में गलत समझ बनने लगी थी। तेल की महंगाई में दो-तीन महीने में गरीब आदमी को मुश्किल से दो-तीन सौ रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे लेकिन पार्टियां पूरा आसमान उठा लेती थीं। आमजन आर्थिक पहलुओं को समझने के बजाय पार्टियों के बहकावे में आ जाता और यही कारण है सरकार विरोधों में दब जाती। जीएसटी से महंगाई घटेगी। पेट्रोल के दाम भी कम हो जाये तो दीवाली ही बन जायेगी।

**विवेक कुमार प्रजापति, लखनऊ.**

संक्षेप

## डीएम ने वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट स्थित वी0वी0 पैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बैलेट यूनिट, कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष, सी0सी0टी0वी0 कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। जिलाधिकारी द्वारा वी0वी0 पैट वेयर हाउस/स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफ गण उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया विदाई सम्मान समारोह

अयोध्या। पशुधन प्रसार अधिकारी संघ द्वारा सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में वरिष्ठ सेवानिवृत्त साथियों का विदाई सम्मान समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले साथियों में राम सिंह, देशराज कनौजिया, सियाराम मौर्य, बैकुण्ठ नाथ जायसवाल, उत्तमचंद निषाद, श्री राम सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव ने इस दौरान सभी कर्मचारियों का माला पहनकर उपहार देते हुए बुके भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने वाले साथियों के हर सुख दुख में विभाग और संगठन के साथ उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह के दौरान जिला अध्यक्ष और महामंत्री श्रीमती अर्चना यादव एवं के अन्य साथी जैसे विष्णु प्रताप सिंह सौरव पांडे आलोक कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। सेवानिवृत सभी लोगों का जिला अध्यक्ष अजीत कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत सम्मान किया और कहां की इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा इसे और कर्मचारियों को सीख लेनी चाहिए कार्यक्रम के अंत में सबके उज्जवल भविष्य और दीघार्यु होने की कामना की।

# दीपोत्सव को लेकर डीएम ने की बैठक



**अयोध्या।** आगामी प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेला-2025 तथा परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला 2025 को भव्य एवं दिव्य रूप से सकुशल आयोजित किये जाने हेतु जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपोत्सव 2025 के लिए सभी कार्यदायी विभाग/संस्था कार्यो के लिए नोडल अधिकारी नामित करें तथा सभी सम्बंधित विभाग आगामी तीन दिवस में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने राम की पैड़ी सहित दीपोत्सव स्थल पर निर्माण कार्य कर रही कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि 30 सितम्बर 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण करते हुये निर्माण सामाग्रियों को स्थल से हटाया जाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सम्बंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विभागों में टेंडर की प्रक्रिया होनी है उसको यथाशीघ्र प्रारम्भ करते हुए समय पर पूर्ण करें तथा जिन कार्यो को कई विभागों द्वारा मिलकर सम्पादित किया जाना है वह सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर दीपोत्सव को सकुशल सम्पन्न करायें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी योगानन्द पांडेय ने दीपोत्सव 2025 का तिथिवार विवरण की जानकारी देते हुए कहा कि 17 अक्टूबर 2025 को गोवस्त द्वादशी, 18 अक्टूबर 2025 को धन त्रयोदशी, 19 अक्टूबर 2025 को नरक चतुर्दशी/छोटी दीपावली (मुख्य दीपोत्सव कार्यक्रम) तथा 20 अक्टूबर 2025 को दीपावली का पर्व है। बैठक में दीपोत्सव के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों यथा-साकेत महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम (झांकी एवं शोभायात्रा), रामकथा पार्क के कार्यक्रम, सरयू आरती, राम की पैड़ी के कार्यक्रम के सम्बंध में सम्बंधित विभागों यथा-संस्कृति, सूचना, पर्यटन, नगर निगम, परिवहन, उद्यान, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा आदि के अधिकारियों से कार्ययोजना के अनुरूप दीपोत्सव सम्पन्न कराने हेतु अपने-अपने विभाग से सम्बंधित कार्यो एवं दायित्वों से सम्बंधित तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने दीपोत्सव मेला 2025 की बैठक के पश्चात परिक्रमा/कार्तिक पूर्णिमा मेला 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बैठक आहूत करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग 05 दिवस के अन्दर कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें।

# आकांक्षी जनपद बहराइच के विकास में भागीदार बनेगी शिक्षा

बहराइच। शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में कक्षा-8 में अध्ययनरत रहे सभी बच्चों का कक्षा 9 में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित कराने के लिए 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक संचालित किये गये विशेष नामांकन अभियान की समीक्षा में पाया गया कि 20 मई 2025 तक मात्र 50 प्रतिशत बच्चों द्वारा ही कक्षा-9 में प्रवेश लिया गया जो कि काफी कम है। इस स्थिति का संज्ञान लेते हुए जिले के समस्त विद्यालयों एवं मदरसों के कक्षा 08 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश दिलाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा अभिनव प्रयास किये जा रही हैं। कक्षा 8 उत्तीर्ण कोई भी बच्चा अगली कक्षा में प्रवेश लेने से वंचित न रहने पाये इसके लिए डीएम के निर्देश पर समस्त ब्लाकों के लिए 01-01 नोडल अधिकारी व सह नोडल अधिकारी तथा सम्बन्धित ब्लाकों के सीडीपीओ व बीईओ को ब्लाक स्तरीय समन्वय अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिलाधिकारी का मानना है कि बहराइच जैसे आकांक्षी जनपद के सवार्गीण विकास में शिक्षा एवं लघु उद्योगों की स्थापना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जहां शिक्षा व्यक्ति को ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करके सशक्त बनाती है, जिससे वह बेहतर निर्णय लेने में सक्षम होते है जिससे वे जीवन में सफल होते है। शिक्षा सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है, जिससे समाज में समृद्धि और वैज्ञानिक उन्नति आती है। शिक्षा व्यक्तित्व को निखारती है, नैतिक मूल्य सिखाती है और लोगों को समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती है। वहीं दूसरी ओर लघु उद्योगों की स्थापना से आमजनमानस को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इसी मंत्र को मूर्तिरूप देने के लिए जनपद का जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण करते ही श्री त्रिपाठी द्वारा शिक्षा के विकास के साथ सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों को गति प्रदान करने व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को धरातल पर कार्यान्वित करने हेतु भागीरथ प्रयास किये जा रहे हैं।

## कल राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा करेगी जनपद भ्रमण

बाराबंकी। महिलाओं अधिकारों की रक्षा, सशक्तिकरण तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चैहान 28 अगस्त को जनपद का भ्रमण करेंगी। महिला आयोग अध्यक्षा प्रात 10 बजे जिला महिला चिकित्सालय मे जागो री जागो स्वयंसेवी संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नवजात कन्याओं को बेबी किट एवं माताओं को फल वितरित करेंगी। इसके पश्चात 11:15 बजे सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण, कौशल विकास, पंचायती राज एवं मातृ-शिशु और परिवार कल्याण विभाग आदिकृद्वारा संचालित महिला केंद्रित योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगी।

## केडी सिंह बाबू के जन्मदिवस पर हॉकी टूर्नामेंट समेत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश हॉकी एसोसिएशन के निर्देश पर आगामी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर बाराबंकी हाकी एसोसिएशन के तत्वाधान मे के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम तीन दिवसीय हाकी टूर्नामेंट आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुये हॉकी एसोसिएशन सचिव मजहर अजीज ने बताया कि 29 अगस्त को हाकी के जादूगर के0डी सिंह बाबू जन्मदिवस पर स्कूली बच्चों का हॉकी मैच, 30 अगस्त को स्वयंसेवी संस्था द्वारा बालिका हॉकी खिलाड़ियों का सम्मान समारोह व 31 अगस्त समापन पर पुलिस लाइंस चैराहा स्थित के0डी सिह बाबू की प्रतिमा पर खिलाड़ियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये जायेगे।

## महापौर ने समारोहपूर्वक किया जयेंद्र सरस्वती मार्ग का लोकार्पण



अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने मंगलवार को आयोजित समारोह में श्री कांची काम कोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु जयेंद्र सरस्वती के नाम पर प्रमोद वन में मार्ग का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्व का आध्यात्मिक केंद्र बनाने के लिए चल रहे प्रयास में यह मार्ग अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि कांची के शंकराचार्य के श्री चरणों में श्रद्धा निवेदित करने से अयोध्या का कांची से रिश्ता प्रगाढ़ हुआ है। महापौर ने कहा कि नगर निगम का प्रयास है कि जब दुनिया के लोग यहां आएं तो भारत की समृद्ध विविधता भरी सांस्कृतिक विरासत से भी रुबरु हों। महापौर ने मंदिर में भगवती कामाक्षी, भगवान वेंकटेश्वर, रामदरबार की आरती की। गुरुकुल के छात्रों ने वेद मंत्रों के साथ स्वागत किया। इस मौके पर प्रबंधक बीएस सुब्रामण्यम, अशोक वैदिक, बीएस चंद्रशेखर, पुरुषोत्तम, श्रीकांत भारद्वाज, पत्रकार सुरेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गुल्लावीर मन्दिर, झिंगहाघाट व रामलीला मैदान का डीएम ने किया निरीक्षण



बहराइच। आसन्न श्री दुगार्पूजा, नवरात्रि एवं दशहरा इत्यादि त्यौहारों के अवसर पर घाटों की साफ-सफाई, विसर्जन स्थल झिंगहाघाट की व्यवस्था, रामलीला मैदान तथा श्री गुल्लावीर मन्दिर के सौन्दर्यीकरण इत्यादि के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चैधरी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा सहित अन्य अधिकारियों व अन्य के साथ विसर्जन स्थल झिंगहाघाट, रामलीला मैदान व श्री गुल्लावीर मन्दिर का निरीक्षण किया। विसर्जन स्थल झिंगहाघाट के निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने अधि.अभि. सरयू ड्रेनेज खण्ड को निर्देश दिया कि सरयू नदी की साफ-सफाई के लिए ड्रोन से वीडियोग्राफी कराकर सफाई की कार्ययोजना उपलब्ध करायें ताकि नगर पालिका परिषद के माध्यम से नदी की समुचित साफ-सफाई करा दी जाये जिससे मूर्तियों के विसर्जन के समय किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके पश्चात डीएम ने रामलीला मैदान व श्री गुल्लाबीर मन्दिर का निरीक्षण कर साथ में मौजूद समिति के अध्यक्ष श्री टेकड़ीवाल से रामलीला मैदान तथा मन्दिर के सौन्दर्यीकरण के सम्बंध में चर्चा की। श्री गुल्लाबीर मन्दिर पहुंचने पर डीएम ने पूजा अर्चना भी की।

# कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने कृषि मंत्री को भेजा पत्र

- **खरबूजा किसानों को ताइवानी बीज वितरण समेत संबंधित फसल को बीमा योजनाओं में शामिल कराये जाने की मांग**

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** किसानों को बचाने के लिये संबंधित फसल बीमा योजनाओं में शामिल करने तथा खरबूजे के किसानों को ताइवानी बीज का वितरण सुनिश्चित किये जाने को लेकर काग्रेस सासंद तनुज पुनिया ने कृषि मंत्री भारत सरकार शिवराज सिंह चैहान को पत्र भेजा। पत्र मे काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में खरबूजे की खेती बहुतायत में होती है। जिससे किसानों को गुणवत्तापूर्ण और मांग के अनुसार बीज उपलब्ध हो इसकी निगरानी नही होने के कारण किसानों को नुकसान हो रहा है। जनपद में पिछले तीन कि्ंवटल ताइावनी खरबूजे के बीज किसानों को दिये गये थे। लेकिन इस वर्ष मात्र एक क्विंतल ताइवानी बीज ही किसानों को दिये गये। जनपद में किसानों द्वारा ताइवानी बीज के खरबूजे की खेती अधिक की जाती है, यह बीज रोगों से लड़ने की क्षमता रखता है और उपज अधिक देता है तथा स्वाद में भी अच्छा होने के कारण दिल्ली तक इसकी मांग रहती है, लेकिन किसानों की मांग को नजर अंदाज करके बीजों की सप्लाई ही कम कर दी गई है। कम बीज उपलब्ध होने के कारण किसानों ने कालाबाजारी में ऊंचे दामों पर बाजार से बीज खरीदे। लेकिन किसानों को ऐसे बीज बेचे गये जो खराब थे। जिसमें न कोई फूल आया और न ही कोई फल और खरबूजे की फसल फ्यूजेरियम बिल्ट वायरस लगने के कारण पूरी तरह से खेती खराब हो गयी। श्री पुनिया ने कृषि मंत्री से उक्त किसानों को फसल खराब होने पर मुआवजा दिया जाने, भविष्य में ऐसी समस्या से किसानों को बचाने हेतु संबंधित फसल बीमा योजनाओं में शामिल करने, तथा खरबूजे के किसानों को ताइवानी बीज का वितरण सुनिश्चित किया जाने की मांग को लेकर पत्र भेजा है।

## योगी सरकार की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने अयोध्या पहुंचे साइकिल यात्री



अयोध्या। उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए निकाला साइकल यात्रियों का दल मंगलवार को अयोध्या पहुंचा और महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी से सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान महापौर ने यात्रा के संबंध में जानकारी ली और उनकी हौसला अफजाई की। साइकिल यात्री अरविंद सिंह और रणविजय सिंह संत कबीरनगर जिले के ग्राम बूढी बेलहर के निवासी हैं। वह साइकिल से योगी आदित्यनाथ सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा हिंदुत्व की अलग जगाने निकले हैं। अरविंद ने बताया की अब तक 62 दिनों में 22 हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चुके हैं। बीते एक जनवरी 2022 से यात्रा शुरू करने वाले रणविजय का लक्ष्य लोगों में राष्ट्रवाद की अलग जगाना है।

# कजरी तीज पर विभूतिनाथ व बनीनाथ मंदिर में जलाभिषेक





श्रावस्ती। कजरी तीज महापर्व पर जनपद के ऐतिहासिक एवं पांडवकालीन विभूतिनाथ मंदिर में मध्यरात्रि 12 बजे से पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक का शुभारम्भ हुआ। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने स्वयं मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कांवड़ियों व श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए कतारबद्ध होकर दर्शन करने की अपील की। कजरी तीज लगते ही रात्रि 12 बजे के उपरान्त व्यवस्थापूर्ण ढंग से जलाभिषेक प्रारम्भ कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने पूरे मेले क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सीसीटीवी कैमरों से हो रही निगरानी, बैरिकेटिंग, पार्किंग स्थल, पेयजल, स्वास्थ्य शिविर, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, खोया-पाया केन्द्र, वाच टावर तथा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार किया जाए और संभावित अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। महिला एवं पुरुष पुलिस बल सादी वर्दी में भी तैनात रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी अहमद, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम, उपजिलाधिकारी भिनगा, क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी क्रम में कटरा श्रावस्ती चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज के छात्रों ने जुलूस निकालकर बनीनाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। रैली को हरी झंडी प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार गुप्ता (राजकीय महामाया डिग्री कॉलेज) एवं बौद्ध भिक्षु यू ओ वाथा व मठाधीश वर्मा ने दिखाया। इस अवसर पर प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि सनातन परंपरा में कजरी तीज पर भगवान शिव का जलाभिषेक विशेष महत्व रखता है। श्रद्धालु हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए बनीनाथ मंदिर पहुंचे और अपनी मनोकामना पूर्ण करने हेतु भगवान शिव से प्रार्थना की। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव, समाजसेवी प्रवीण कुमार बौद्ध, विधानाचार्य अनोखी लाल पाठक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीसीएम से 120 गत्ता सरसों का तेल चोरी

## चालक की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी



सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना से कुछ सौ मीटर दूर सब लेन पर एक दुकान के पास अपनी डीसीएम खड़ी कर सो रहे चालक के वाहन से तिरपाल काट कर 120 नग सरसों का तेल चोरों ने पार कर दिया। चालक को भनक सुबह लगी जब वह सोकर उठा।

मंगलवार को पुलिस को दी गयी शिकायत में आरोप है फीद पुर बरेली से 800 नग लगभग 9 टन सरसो का तेल लेकर चालक अपनी डीसीएम से फतेहगंज अयोध्या के लिए निकला था। देर रात नींद आने के बाद चालक ने अपने वाहन को एक दुकान के सामने सब लेन के किनारे खड़ी कर सो गया। चोरों ने तिरपाल और वाहन में लगे पीछे के तीन पटरे काटकर गत्तो में भरे 120 नग सरसों का तेल चोरी कर उठा ले गए। इतनी बारीकी से चोरी हुई कि सब लेन से गुजरने वाले लोगों के साथ चालक को भी भनक नहीं लगी। जब सुबह सोकर उठा और गन तब्य को जाने की तैयारी में लगा तब चालक को जानकारी हुई। वाहन चालक तौसीफ पुत्र सफीक कैंट मिजार्पुर द्वारा दी गई शिकायत के सम्बन्ध में पूंछे जाने पर रौनाही प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की छानबीन कर चोरों का पता लगाया जा रहा है।

## सफलता छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुरूआतः हिमांशु शेखर सिंह

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के बीसीए के छात्रों लिए यह उपलब्धि भरा क्षण है। विभाग के पांच छात्र छात्राओं को देश की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डा. ब्रिजेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह छात्रों की कड़ी मेहनत, संकल्प और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है, कि विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिष्ठित कंपनी के साथ जुड़कर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। विभाग के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल उनके उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## निषाद समाज को गुमराह करने वालों पर लगायी जाये रोक : श्याम लाल निषाद

अयोध्या। सोमवार को निषाद समाज के एक निजी कार्यक्रम में निषाद समाज के आरक्षण के मुद्दे पर गलत जानकारी देने को लेकर निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद और निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष आसाराम निषाद ने संयुक्त रूप से बैठक कर मामले का खंडन किया। निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने कहा कि हम निषाद समाज से जुड़े प्रत्येक सामाजिक संगठन जागरूक नागरिक और राजनीतिक प्रतिनिधि या पूर्ण रूप से स्पष्ट करना चाहते हैं कि संविधान में पहले हमारी जाति के अधिकार पर दर्ज किया जाए। निषाद समाज को मिलने वाले पूर्ण अधिकारों को अब तक लागू नहीं किया गया है यह हमारे निषाद समाज के साथ अन्याय के बराबर है भारत सरकार की अनुसूचित जातियों की सूची के क्रम में 53वें नम्बर पर मझवार जाती दर्ज है मझवार के पर्यायवाची निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, धुरिया आदि जातियां लंबे समय से सामाजिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से पहचानी जाती रही है।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप को रोडवेस बस ने मारी टक्कर

## 5 की हालत गम्भीर



बाराबंकी। रामनगर थाना क्षेत्र स्थित लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को दोपहर करीब 12:11 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। गोंडा से दुख हरणनाथ के दर्शन कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप (यू0पी 32 एनएन 8288) अंचल चंचल ढाबा के पास पहुंची थी कि तभी पीछे से आ रही रायबरेली डिपो की तेज रफ्तार बस (यूपी 78 केएन 0271) ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप सवार दर्जनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पूरी घटना ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद ढाबा मालिक जगदीश मिश्रा ने पुलिस को सूचना दी। थोड़ी ही देर में कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों जयकरण(30) पुत्र सियाराम, ग्राम टांडा, थाना महमूदाबाद, रामगोपाल(45) पुत्र शंकर, निवासी विषणापुर, संदीप(22) पुत्र प्यारेलाल, निवासी रामनगर सिधौली, रक्षा(56) पत्नी राकेश, निवासी मवैय्या, राकेशा (48) पत्नी राकेश, निवासी मवैय्या, हेमादेवी (35) पत्नी प्रेमसागर, निवासी हरीया, रोलमती(40) पत्नी राजकुमार, निवासी महमूदाबाद, सीतापुर, अनुज पुत्र रामदीन, निवासी हक्कबाद, बड्डूपुर, श्याम लाल (49) पुत्र छंगा, निवासी बड्डूपुर, बबलू (32) पुत्र सोहनलाल, दिनेश (48) पुत्र पुत्तीदीन, निवासी किजनापुर, कौशल (18) पुत्र सहजराम, निवासी बड्डूपुर, रामदान (60) पुत्र मिश्रीलाल, निवासी हक्कबाद, लक्ष्मी (13) पुत्र मनीलाल, निवासी हक्कबाद, बड्डूपुर, पुनादीन (38) पुत्र रामसागर, निवासी हक्कबाद, मनीराम, पुत्र मिश्रीलाल, निवासी हक्कबाद, पूनम(40) पत्नी पुनादीन, निवासी राजापुर, थाना बड्डूपुर, बाराबंकी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भेजवाया। जबकि जयकरण पुत्र सियाराम, रामगोपाल पुत्र शंकर, रोलमती पत्नी राजकुमार, श्याम लाल पुत्र हंगा व दिनेश पुत्र पुत्ती दीन को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने बताया बस चालक फरार हो गया था। लेकिन बस को कब्जे में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# सीएमओ ने पेश की मानवता की मिसाल

## मूक-बधिर गर्भवती महिला का कराया सीजेरियन प्रसव



**श्रावस्ती।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह ने आज अपने प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ चिकित्सक धर्म की भी मिसाल पेश की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना (एआरयू) में उन्होंने एक मूक-बधिर गर्भवती महिला का सीजेरियन प्रसव, निश्चेतक (एनेस्थेटिस्ट) की भूमिका निभाते हुए सफलतापूर्वक कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जैसे बड़े पद पर बैठकर सामान्यतः प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना ही आसान नहीं होता, लेकिन जब मामला मानवता और संवेदनशीलता से जुड़ा हो तो परिस्थितियां बदल जाती हैं। उक्त महिला पूर्व में ऑपरेशन करवा चुकी थी, जिससे उसकी सामान्य डिलीवरी जोखिमपूर्ण थी। साथ ही, वह अपनी परेशानी व्यक्त करने में भी असमर्थ थी, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई थी। ऐसे मामलों में अकसर सरकारी अस्पताल जिम्मेदारी से बचते हुए मरीज को रेफर कर देते हैं और प्राइवेट अस्पताल इसे मोटी कमाई का साधन बना लेते हैं। मगर डॉ. अशोक कुमार सिंह ने न केवल इस चुनौती को स्वीकार किया, बल्कि खुद एनेस्थेटिस्ट की भूमिका निभाकर महिला का सफल ऑपरेशन कराया। यह कदम उनके मानवीय दृष्टिकोण और पेशेवर प्रतिबद्धता का उदाहरण है। ज्ञात हो कि किसी भी ऑपरेशन में ऑपरेटिंग डॉक्टर से अधिक जिम्मेदारी निश्चेतक की होती है, क्योंकि मरीज की जान पूरी तरह उनकी सतर्कता और कौशल पर निर्भर करती है। इसके बावजूद सीएमओ डॉ. सिंह ने बिना किसी संकोच और भय के अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने यह भी साबित किया कि उच्च प्रशासनिक पद पर बैठकर भी डॉक्टर का असली धर्म सेवा और समर्पण ही है। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि डॉक्टर केवल पद या वेतन के लिए नहीं होता, बल्कि उसकी पहली जिम्मेदारी मरीज की जिंदगी बचाना है। प्रशासनिक कार्य के साथ-साथ जब भी परिस्थिति मांग करती है, हमें चिकित्सक धर्म निभाने से पीछे नहीं हटना चाहिए। यह हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि मानवता की सेवा भी है। यदि हमारे प्रयास से किसी की जान बचती है तो इससे बड़ी उपलब्धि और कोई नहीं हो सकती।

संक्षेप

## गला दबाकर की गयी थी अजीत की हत्या एफआईआर दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** सातनपुर गांव में फंदे से लटकते हुए युवक की हत्या गला दबाकर की गई थी और बार में हत्यारो ने घटना को आत्महत्या का मामला तब्दील करने के लिये उसके शव को लटका दिया था। यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हुआ है। मृतक के पिता ने सातनपुर के ग्राम प्रधान सहित सात लोगो के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर कुछ लोगो को पूछतांछ के लिये हिरासत में लिया है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर 7 लोगो के खिलाफ हत्या की धाराओ में मामला पंजीकृत करते हुए जांच की जा रही है।

## करंट से युवक की मौत

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के गोलहा मजरे जिहवा गांव निवासी जुनैद उम्र 18 वर्ष पुत्र मिराजे घर पर पंखा लगा ही रहा था कि, अचानक पंखे में करंट आ गया और जुनैद करंट की चपेट में आकर गिर गया परिजनों ने जैसे ही देखा जुनैद को सीएचसी महराजगंज लाए लेकिन तब तक जुनैद मौत के आघोश में समा गया था और सीएचसी के चिकित्सकों ने जुनैद को मृत घोषित कर दिया।

## कोर्ट के आदेश पर हटा अतिक्रमण

**हरचंदपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बाला गांव में न्यायालय के आदेश पर एक मकान को जेसीबी से गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कोर्ट अमीन और पुलिस टीम मौजूद रही। इस दौरान बगल के मकान की छत में दरारें आ गईं और दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। मामला राज किशोर और छबिलाल के बीच जमीनी विवाद का है। दोनों के बीच पिछले 12 साल से कोर्ट में मामला चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई की गई। पड़ोसी किशोर ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन से सावधानी बरतने की गुहार लगाई। उन्होंने चेतावनी दी थी कि कार्रवाई से उनके मकान को नुकसान हो सकता है। कोर्ट अमीन प्रभु पाल ने कहा कि न्यायालय के आदेश का पालन किया गया है। जिस जमीन पर अतिक्रमण था, उसे खाली करा लिया गया है। पड़ोसी के मकान को हुए नुकसान के बारे में उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति की जमीन खाली कराई गई है, उसने क्षतिपूर्ति का आश्वासन दिया है।

## मतदाता सूची का कार्य न करने वाले अध्यापकों पर रिपोर्ट की चेतावनी

**लालगंज, रायबरेली।** सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी ने खीरो ब्लॉक के एक दर्जन से अधिक अध्यापकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर बीएलओ का काम नहीं करेंगे तो एफ आई आर दर्ज करा दी जाएगी। ग्राम पंचायत के चुनाव हेतु वर्तमान में चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम ने बताया कि खीरों ब्लॉक के सरकारी अध्यापक अजय कुमार, कन्हैयालाल पटेल, दिग्विजय सिंह कुशवाहा, विभव तिवारी, राहुल, आशीष त्रिपाठी, सविता ,नरेंद्र कुमार पांडे,बृजेश कुमार, अभिषेक कुमार, अनुपम, राजकुमार, सुनील कुमार, दानेंद्र अवस्थी ,संगम कुमार, गुप्तार सिंह यादव, आशीष वर्मा ,अपेक्षा पटेल ,धर्मेंद्र कुमार सहित भीतरगांव न्याय पंचायत पर्यवेक्षक उपेंद्र शुक्ला मतदाता पुनरीक्षण अभियान का काम नहीं कर रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि कई बार चेतावनी दी जा चुकी है।

# भिक्षावृत्ति में लगे लोगों को स्वावलंबी बनायें : मंडलायुक्त



**रायबरेली।** मंडलायुक्त लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएम डैशबोर्ड (विकास एवं राजस्व)एवं विभागीय फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित प्रगति ही वास्तविक उपलब्धि का दर्पण है, अतः प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि अद्यतन प्रविष्टियाँ समयबद्ध ढंग से दर्ज हों।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी ग्रामीण), आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, जल जीवन मिशन, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी, नंद बाबा प्रोत्साहन योजना, अमृत योजना, पीएम सूर्य घर योजना आदि की गहन समीक्षा की गयी। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि लाभार्थीयों तक शत-प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति कराते हुए पारदर्शिता एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी सीएचसी,पीएचसी और स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशा, आशा संगीनी,एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों की समय-समय पर ट्रेनिंग भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस, औषधि, बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व सफाई की व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराया जाए। विद्यालय की छात्राओं के अलावा स्कूल न जाने वाली बालिकाओं को भी एनीमिया की औषधियां उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मॉडर्न आंगनवाड़ी में अभी तक हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्मार्ट टीवी, पेयजल और बच्चों के खेल के समान के साथ-साथ एक गार्डन भी डेवलप करवाया जाए। मंडलायुक्त ने जनपद में चल रहे नवाचार कार्यों की भी समीक्षा की। जिसके अंतर्गत मनरेगा, राजस्व विभाग व मत्स्य विभाग द्वारा तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए किए जा रहे कार्यों की उन्होंने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक भी कराई जाए। स्थानीय लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए। बैठक के अंत में उन्होंने बेहतर कार्य करने के लिए डीएम हर्षिता माथुर, सीडीओ अर्पित उपाध्याय, डीडीओ अरुण कुमार और उपायुक्त उद्योग को प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र भी दिया। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा,एडीएम (वि) अमृता सिंह, सीएमओ नवीन चंद्रा, एडीएम (न्यायिक) विशाल यादव सहित सभी सम्बन्धित विभागों के मंडलीय व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को उनके अधिकारों व समानता के प्रति किया जागरूक

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में महिला समानता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिका पूजा वर्मा ने स्कूल की छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि 26 अगस्त की यह तारीख 1920 के उस दिन की याद दिलाती है, जिस दिन अमेरिका में महिलाओं को पहली बार वोट देने के अधिकार की घोषणा की गई थी। उन्होंने कहा कि यह बड़े ही दुख की बात है कि हर क्षेत्र में अपनी कामयाबी का परचम लहराने वाली महिलाओं को आज भी अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़नी पड़ रही है। यह वास्तव में आधुनिक नारी के लिए बहुत ही विचारणीय प्रश्न है। आज भी महिलाओं को पुरुषों की परम्परावादी सोच का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन अब जैसे-जैसे शिक्षा का प्रचार-प्रसार बढ़ रहा है तो महिलाओं की सोच में भी बदलाव आया है। अब वे अपने अधिकारों के विषय में भलीभांति परिचित हो चुकी है। सरकार भी महिलाओं की समानता को लेकर सजग है। महिला शक्ति और सशक्तिकरण को आधार बनाते हुए उन्होंने एक सुंदर सा गीत सुनाकर कार्यक्रम की श्री वृद्धि की।

**एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया महिला समानता दिवस**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में महिला समानता दिवस पर हुए कार्यक्रम में शिक्षिका शालिनी सिंह और छात्रा अफ्फिया ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं को उनके अधिकारों और समानता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह दिवस मनाया जाता है। 1920 में 19 वें संसोधन को अपनाते हुए आज के ही दिन महिलाओं को वोट देने का अधिकार दिया गया था, आज का दिन समाज को याद दिलाता है कि वास्तविक समानता निरंतर वकालत और सुधारों से ही संभव है इसके लिए हमें अपनी नई पीढ़ी को प्रेरित करना होगा। छात्रा संस्कृति, वैष्णवी, उन्नति, आशी और प्राची ने महिला सशक्तिकरण से प्रेरित लघुनाटिका और श्लोगन प्रस्तुत किये। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि आज के दिन हम महिलाओं के मताधिकार आंदोलन के महत्व और समान अधिकारों को सुरक्षित करने एवं विस्तार करने के लिए किये गए कार्यों का जश्न मनाते हैं। यह दिन महिलाओं को मताधिकार मिलने की एक बड़ी जीत थी लेकिन समाज में महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष का अंत नहीं था , समाज में आज भी लैंगिक असमानता बनी हुई है ,हमें समाज में महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए अभी और जागरूक होने की आवश्यकता है।

## जल जीवन मिशन फेल : कंजास गांव में अधर में लटकी पेयजल व्यवस्था

**मुसाफिरखाना ,अमेठी।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया जल जीवन मिशन मुसाफिरखाना तहसील के कंजास गांव में असफल होता नजर आ रहा है। कार्यदाई संस्था मेसर्स वेलेस्पन के द्वारा वर्ष 2021 में 20 नवंबर को आरंभ हुए इस परियोजना का कार्य अब तक अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुल 408.895 लाख रुपये की लागत से यह कार्य प्रस्तावित किया गया था, जिसके तहत गांव के 583 घरों की 3199 जनसंख्या को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। लेकिन लगभग चार साल बीत जाने के बावजूद न तो योजना पूरी हो सकी है और न ही ग्रामीणों को इसका लाभ मिल पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुरूआत में कुछ समय तक काम चला, लेकिन बाद में कार्य रुक गया और अब तक दोबारा शुरू नहीं हो सका। पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा पड़ा है, और जिन घरों में कनेक्शन दिए भी गए, वहां पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। ग्रामीणों को आज भी कुएं, हैंडपंप और दूर-दराज के जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को खासकर पानी भरने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांववासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, ताकि उन्हें शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके और योजना का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।



## बाल विवाह रोकने पहुंची चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, जांच में लड़की पायी गयी बालिग

**अमेठी।** बाल संरक्षण अधिकारी को बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई। इस पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य के निर्देशानुसार चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव, टीम सदस्य रुचि सिंह, रोशन लाल तथा बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादव के साथ एएचटीयू टीम के शिवप्रसाद सिंह बूढ़ी माता मंदिर, गौरीगंज पहुंचे। टीम ने मौके पर बालिका एवं परिजनों से पूछताछ की और दस्तावेजों का अवलोकन किया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक है। लड़की के पिता ने जानकारी दी कि विवाह दोनों परिवारों की सहमति और बच्चों की खुशी से गौरीगंज स्थित मंदिर में संपन्न किया जा रहा है। इस प्रकार प्राप्त शिकायत पर जांच के बाद मामला बाल विवाह का नहीं पाया गया और टीम ने परिवार को विवाह संबंधी कानूनी पहलुओं की जानकारी भी प्रदान की।

## परिवहन मंत्री ने बस स्टॉप का किया औचक निरीक्षण



**बछरावां, रायबरेली।** सूबे के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बीती रात बछरावां नगर के मुख्य चैराहे पर स्थित बस स्टॉप का औचक निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह किसी आवश्यक कार्य से प्रयागराज गए हुए थे। प्रयागराज से लौटते समय उन्होंने बछरावां बस स्टॉप का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान उनको बस स्टॉप परिसर में पानी भरा दिखाई दिया। जिसको लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है वही यह भी बताया कि यह बस स्टाप अभी गत वर्ष ही बनकर तैयार हुआ है और अभी से ही यह असुविधाएं उत्पन्न हो गई है। वही संवाददाता ने उनसे कैंटीन को लेकर भी बात किया कि जिस स्थान पर कैंटीन है वह कैंटीन अपने स्थान पर न संचालित होकर दिव्यांगों के लिए बनाए गए रैंप के स्थान पर संचालित हो रही है जिससे दिव्यांगों को असुविधाओं का सामना उठाना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर मंत्री ने बताया कि जल्द ही इस पर भी कार्यवाही की जाएगी। बस स्टॉप के औचक निरीक्षण के बाद जिम्मेदार अधिकारी कौन स अमूल चूक परिवर्तन करते हैं यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# अस्पताल परिसर में कार खड़ी करने को लेकर तीमारदार व गार्ड के बीच हाथापाई

**बछरावां, रायबरेली।** सीएचसी में कार पार्क करने को लेकर मरीज व गार्ड में बहस हो गई। मरीज का आरोप है कि गार्ड ने उससे मारपीट की है। वही गार्ड का कहना है कि मरीज के साथ आये लोगो ने उसको थप्पड़ जमाया है।

कस्बे के रहने वाले दर्शित मिश्रा ने बताया कि मंगलवार दोपहर वह अपनी मां दीप्ति मिश्रा व बहन शिवांका मिश्रा को लेकर बुखार की दवा लेने सीएचसी पहुंचे। वह व उनकी बहन वायरल फीवर से पीडित हैं। जहाँ इलाज के बाद घर वापस जाते समय जब वह तीनों कार के पास पहुंचे तभी सीएचसी में तैनात गार्ड अमर प्रताप सिंह मौके पर पहुंच गया वहीं फिर दर्शित से कार खड़ी करने को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। विरोध करने पर दोनो में झड़प होने लगी। जब मां दीप्ति मिश्रा बीच बचाव के लिए पहुंची तो उसे भी धक्का देकर गिरा दिया। अभद्रता के बाद तीनों अपने घर चले गये। जहां उन्होंने परिजनों से आपबीती कह सुनाई। वहीं गार्ड अमर प्रताप का आरोप है कि गाड़ी खड़ी करने को लेकर जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने उसको धमकाया है । उसके बाद उनके साथियों ने पहुंचकर अस्पताल परिसर में हंगामा काटा। इस दरमियान उसके साथ मारपीट भी की गई । घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। जबकि मरीज के तीमारदारों का कहना है । जिस जगह मरीज के साथ गार्ड ने मारपीट की है। वहाँ के कैमरे की भी जांच होनी चाहिए । उक्त मामले के दरमियान लगभग एक घंटे तक चिकित्सकों ने ओपीडी बंद कर दी। जिससे मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ा। अस्पताल अधीक्षक अर्पिता के दखल पर पुनः ओपीडी का संचालन शुरू हुआ। अभिषेक, अमित दीक्षित, विपिन कुमार, सुनील वर्मा, नवीन, विवेक कुमार, विजयंत समेत अन्य कस्बे के लोगों ने बताया कि उक्त गार्ड द्वारा अक्सर पार्किंग को लेकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों व तीमारदारों के साथ अभद्रता की जाती है। कई बार तो मामले मारपीट तक पहुंचने से बच गये हैं ।



सीएचसी अधीक्षक अर्पिता ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। थाना अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि गार्ड ने तहरीर दी है ।घटना की जांच की जा रही है ।

## आरआरपीजी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर आयोजित हुआ इंडक्शन प्रोग्राम

**अमेठी।** श्री रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (आरआरपीजी) कॉलेज में इस सत्र में नव प्रवेशित बी.ए.- प्रथम सेमेस्टर (कला संकाय) के छात्र-छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर आधारित इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो.सुरेंद्र प्रताप यादव ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओम प्रकाश त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को एनईपी-2020 के मूलभूत सिद्धांतों ,पाठ्यक्रम की संरचना ,समग्र शिक्षा और महत्वपूर्ण कौशल के बारे में जागरूक करना है ,जिससे वे नई शिक्षा प्रणाली के तहत बेहतर प्रदर्शन कर सके। वक्ता डॉ. दुष्यंत प्रताप सिंह ने बताया कि इस तरह के विशिष्ट कार्यक्रम का लक्ष्य छात्र/छात्राओं को उनके सामाजिक व शैक्षणिक तालमेल में मदद करना है। शिक्षा शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.देवेंद्र मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं समन्वयक डॉ.अनूप सिंह ने संचालन करते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने की निवेश और स्वरोजगार योजनाओं पर चर्चा



- **डीएम ने लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश**

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निवेशमित्र पोर्टल व बोर्ड ऑफ रिवेन्यू पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बैंकों को प्रेषित आवेदनों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा को लंबित प्रकरणों की शीघ्र स्वीकृति व ऋण वितरण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उद्यमी मित्र पीयूष दीक्षित ने जानकारी दी कि जनपद की 62 इकाइयों में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है, जबकि 58 इकाइयां निमार्णाधीन हैं। जिलाधिकारी ने निजी औद्योगिक पार्कों की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए इच्छुक उद्यमियों से भूमि संबंधित प्रस्ताव जिला उद्योग केंद्र में प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने बताया कि 5 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित प्लेज पार्क की संस्तुति शासन को भेज दी गई है। बैठक में विद्युत आपूर्ति और बैंक स्तर की समस्याओं पर भी गहन चर्चा हुई। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत 704 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 640 को ऋण वितरित किया जा चुका है। बैठक में विभिन्न विभागों व औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सात बच्चों की मां अपने प्रेमी भांजे संग फरार

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के एक गांव से चैंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। सात बच्चों की मां के अपने प्रेमी भांजे के साथ फरार हो गई है। परेशान पति ने बच्चों के साथ कोतवाली पहुंच कर पुलिस को शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मामला क्षेत्र के पूरे अचली गांव निवासी राजकुमार पत्नी लालती व बच्चों के साथ दिल्ली में रहकर एक फार्म हाउस में माली का काम करते हैं। 2 आगस्त को राजकुमार ने अचली गांव में निमार्णाधीन अपने मकान की छत डलवाने के लिए पत्नी लालती को तीन लाख रुपए नगद देकर घर भेजा दीया व आप गांव जाकर मकान की छत डलवाने की व्यवस्था जुटाओ हम छुट्टी लेकर बच्चों के साथ बाद में आ जाएंगे। एक सप्ताह बाद राजकुमार ने गांव में भाइयों से जानकारी ली कि छत डालने का सामान आया कि नही तब पता चला कि न तो उनकी पत्नी लालती गांव पहुची और न ही छत डालने के लिए गिट्टी, मौरंग सरिया, परेशान पति ने अपने सगे-संबंधियों को फोन करना शुरू किया तो पता चला कि उसकी पत्नी लालती। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के देवैचा मजरे लाही निवासी उसके 22 वर्षीय भांजे उदयराज के साथ रह रही है। परेशान पति राजकुमार कुछ रिस्तेदारो को लेकर भांजे के घर गया तो पत्नी ने कहा कि हमने भांजे उदयराज के साथ कोर्ट मैरिज कर ली है। अब हम इनके साथ ही रहेंगे। बच्चों की बात करने पर पत्नी ने कहा कि बच्चों से हमारा कोई लेना देना नहीं है। काफी मान मनौव्वल के बाद भी पत्नी ने आने से इंकार कर दिया तो पति राजकुमार ने बच्चों के साथ कोतवाली पहुंच मामले की शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। कार्यवाही की जाएगी।

## अंडरपास में भरे पानी से राहगीरों को भारी परेशानी



**मुसाफिरखाना,अमेठी।** मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के अंतर्गत गांव कंजास में बने अंडरपास में हल्की सी बारिश होने पर ही जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। रविवार की सुबह हुई मामूली बारिश के बाद अंडरपास में पानी भर गया, जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ग्रामीण राजाराम रैदास, दौता, गंगा प्रसाद, जगराम, बाबूलाल, रामसुधरे, मोतीलाल, राम अभिलाख, पंडित समेत अन्य लोगों ने बताया कि अंडरपास में निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हर बार बारिश में यह हाल होता है। स्थानीय स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और बाइक सवार खासकर सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि अंडरपास निर्माण के समय जल निकासी पर ध्यान नहीं दिया गया, जिसका खामियाजा अब जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## पौधे हमारे जीवन का आधार हैं : संजय सिंह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राणा प्रताप पी.जी. कॉलेज परिसर में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर अभियान के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने रूद्राक्ष का पौधा लगाते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और रूद्राक्ष न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि औषधीय व पर्यावरणीय दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी माना जाता है। अध्यक्ष संजय सिंह ने विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे एक-एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें, तभी पौधारोपण का वास्तविक उद्देश्य पूरा होगा। इस तरह का प्रयास न केवल पर्यावरण को संरक्षित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक बालचंद्र सिंह, प्राचार्य प्रो. डीके त्रिपाठी सहित कॉलेज परिवार के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और हरित परिसर निर्माण का संकल्प लिया।



# तुमने सारी शर्म बेच दी रील बनाने की खातिर : कवयित्री श्रद्धा शौर्य

- **मां श्याम कुमारी की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन, श्रद्धांजलि में गूंजे रसपूर्ण काव्यपाठ**





**मोतिगरपुर, सुलतानपुर ।** सुनो की कैसे जलि पद्मिनी शील बचाने की खातिर, तुमने सारी शर्म बेच दी रील बनाने खातिर। नागपुर की कयत्रित्री श्रद्धा शौर्य ने काव्य पाठ कर महौल खुशनुमा कर दिया। मौका था मां श्याम कुमारी की याद में आयोजित श्रद्धाजलि सभा पेमापुर इंटर कॉलेज में कवि सम्मेलन व मुशायरे में कवियों की हास्य व्यंग्य, वीररस का लोगों ने देर शाम तक आनंद लिया।

मगंलवार को प्रबन्धक अजय सिंह के संयोजन मे माता श्याम कुमारी की याद मे इंटर कॉलेज में स्थापित प्रतिमा के समक्ष हवन-पूजन के बाद भण्डारे मे लोगो ने छक्कर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्जन डॉ एके सिंह, भाजपा काशी प्रान्त उपाध्यक्ष संत बक्श सिंह चुन्नु ने मां सरस्वती व श्याम कुमारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। अतिथियो ने कहा अजय सिंह की मां की याद आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की। आगरा कवि एलेश अवस्थी ने लहू से लिखी हर कहानी रहेगी, अमर वीरता की कहानी रहेगी, बीर रस काव्य पाठ कर लोगो मे जोश भर दिया। प्रीति पाण्डेय ने ये मां है, बहन, बेटिया ,पत्निया है, इन्हे अपनो चरणो की दासी न समझो पढकर नारी शक्ति का आवाहन किया। कई जनम के बाद मिला, इन आंखों को आराम, अवध में आई गए श्रीराम डॉ. प्रशान्त मिश्र ने सनातनियों को जागरुक किया। कयवित्री समीक्षा सिंह, विहारी लाल अंबर, श्रवण सुल्तानपुरी ने देर शाम तक काव्य पाठ कर लोगों को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम मे शैलेश सिंह, डॉ अजय त्रिपाठी, अशोक पांडेय, महेश जायसवाल, सत्यशील त्रिपाठी, मोहित चैबे, सौरभ मिश्र विनम्र, शौर्य प्रताप सिंह, आनादि प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने केएनआई परिसर में किया पौधरोपण

सुलतानपुर (वीओएल)। दिन मंगलवार को कमला नेहरू संस्थान के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के छात्रों ने पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न किया। इस अवसर पर माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दीप नारायण प्रसाद व डॉ राम कृष्ण वर्मा डॉ. शेष विजय शर्मा एवं श्रेयस मिश्रा आदि प्राध्यापक मौजूद रहे। इस मौके पर डा राम कृष्ण वर्मा ने बताया कि वृक्षों की सघनता से पर्यावरण प्रदूषण के स्तर को कम किया जा सकता है। अतः छात्र सदैव पौधरोपण की प्रक्रिया को समाज मे जारी रखने हेतु लोंगो को जागरूक करें। इस मौके पर अश्वनी मिश्रा यश त्रिपाठी सरिता मोदनवाल प्रियांशी सौम्या दीक्षा नेहा गुड़िया महेंद्र व अमनदीप आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

## हमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम एक सितम्बर को

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक इकाई लंभुआ के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में ह्यहमारा विद्यालय, हमारा स्वाभिमानह्व कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह से प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। कार्यक्रम एक सितम्बर को पूरे भारतवर्ष के 5 लाख विद्यालयों में एक साथ आयोजित होगा, जिसमें पंच प्रण की शपथ दिलाई जाएगी। संतोष सिंह ने बताया कि यह शपथ विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, प्रेरणास्पद एवं भेदभावरहित बनाने की दिशा में प्रेरित करेगी। उन्होंने विद्यालय को सेवा, संस्कार व समर्पण का तीर्थ मानते हुए सभी शिक्षकों से इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे निपुण भारत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु उपयोगी बताया। प्रतिनिधिमंडल में मंत्री सतीश पांडेय, संदीप गोस्वामी, राम नरेश, अंबरीश पांडेय, जय कुमार, विजय श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ताजमहल में घुसे कुत्ते मचा हड़कंप

**आगरा।** रविवार को ताजमहल में तीन कुत्ते प्रवेश के गए। मुख्य परिसर में कुत्तों को देखकर वहां घूम रहे पर्यटकों में भी खलबली मच गई। कर्मियों को जानकारी हुई तो उन्होंने भगाने का प्रयास किया लेकिन कुत्ते परिसर में दौड़ने लगे। जानकारी पर वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजयेपी ने नगर निगम के अधिकारियों से संपर्क किया। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डा.अजय सिंह तुरंत नगर निगम की टीम को ताजमहल भेजा। टीम ने उन कुत्तों को पकड़कर ताजमहल से बाहर किया।

## पुलिस ने अधिवक्ताओं की रथयात्रा रोकी

**आगरा।** अधिवक्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने के लिए दीवानी चौराहे से कलेक्ट्रेट तक रथ यात्रा निकाली। पुलिस ने रथ यात्रा को एमजी रोड पर बीच में ही रोक लिया। इस दौरान अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच खींचातानी भी हुई। इसके बाद अधिवक्ता बीच सड़क पर बैठ गए और प्रदर्शन करने लगे। जहां एक वकील गर्मी से बेसुध हो गया। जिसके बाद पुलिस ने अधिवक्ताओं को पानी पिलाया। इससे एमजी रोड पर जाम की स्थिति बन गई। बताया गया कि जैसे ही 40-50 वकीलों का एक गुट रथ यात्रा लेकर निकल रहा था। तभी कलेक्ट्रेट से 1 किलोमीटर पहले ही उन्हें रोक लिया गया। इस बीच पुलिस व वकीलों में खींचातानी भी हुई। जिसके बाद वकीलों को वापस भेज दिया गया। वकील राजीव कुमार सोनी ने कहा-आज अधिवक्ताओं के द्वारा घोड़ा गाड़ी के साथ जनरथ यात्रा निकाली गई है। केंद्र सरकार से मांग करते है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाना जरूरी है। इससे प्रदेश की जनता को लाभ मिलेगा। अगर पश्चिमी उप्र अलग राज्य बनेगा तो आगरा में हाई कोट बेंच की स्थापना हो सकती है। इसी कारण सभी वकीलों ने एमजी रोड पर रथ यात्रा से लोगों को जागरूक कियाऔर शांति पुर्ण ज्ञापन दिया है। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बेंच को लेकर धरना तेज कर दिया है। उनका कहना है। अगर पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाया जाता है, तो आगरा को हाई कोट बेंच मिल सकती है।

## सराफा एसो. की आम सभा में चांदी कारोबार की चुनौतियां रहीं केंद्र में

**आगरा।** आगरा सराफा एसो. द्वारा सोमवार को त्रिवेणी ग्रीन, फतेहाबाद रोड पर आम सभा, रक्तदान जागरूकता एवं साइबर क्राइम सजगता कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और गंभीर विमर्श के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, एमएलसी विजय शिवहरे और मेयर हेमलता दिवाकर ने दीप प्रज्वलन कर किया। संरक्षक मुरारीलाल फतेहपुरिया, सुधीर गुप्ता, अध्यक्ष नितेश अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्यारेलाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, विमल नयन फतेहपुरिया, राजा वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। सभा की प्रस्तावना रखते हुए अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने कहा कि आगरा आज एशिया का सबसे बड़ा चांदी कारोबार हब बन चुका है। इसलिए आगरा की चांदी को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने आगरा में कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चांदी की टंच (शुद्धता) में लगातार कमी आ रही है, जिससे कारोबार की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।

# 25 बच्चों से भरी मैजिक गड्ढे में गिरी

## आधा दर्जन से अधिक घायल बच्चों को पुलिस ने भेजा स्वास्थ्य केंद्र



**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के मांट रोड पर मंगलवार को आर.के. इंटर कॉलेज की बच्चों से भरी मैजिक गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए जिन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल बच्चों को मथुरा रेफर कर दिया गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कस्बा राया के नीमगांव रोड पर स्थित आर.के. इंटर कॉलेज की मैजिक गाड़ी छुट्टी के बाद बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। गाड़ी में करीब 25 बच्चे सवार थे। जैसे ही गाड़ी मांट रोड पर गांव थना के पास पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गई। गाड़ी पलटते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। हादसे की जानकारी मिलते ही घायल बच्चों के परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत एंबुलेंस बुलाकर घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए कुछ बच्चों को मथुरा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अचानक हुए इस हादसे से परिजनों में हाहाकार मच गया और विद्यालय प्रबंधन पर भी सवाल खड़े होने लगे। बच्चों ने घटना के बाद बताया कि गाड़ी चालक रोजाना शराब पीकर गाड़ी चलाता है। बच्चों के इस आरोप से परिजनों का गुस्सा और बढ़ गया। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन चालक और विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रशासन अक्सर लापरवाह रहता है। मैजिक जैसे असुरक्षित वाहनों में बच्चों को ठूस-ठूस कर बैठाया जाता है। इस हादसे ने एक बार फिर बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। परिजनों ने जांचकर कार्यवाही की मांग की हैं।

## रंगेश्वर महादेव मंदिर में हुई भस्म आरती

**मथुरा।** आगरा रोड़ स्थित प्राचीन रंगेश्वर मंदिर में बीती रात 12 बजे हुई भस्म आरती में बढ़-चढ़कर शिव भक्तों ने हिस्सा लिया। मंदिर का दृश्य देखने लायक था। चारों ओर भूत-प्रेतों के चेहरे हरियाली, सर्प और डरावनी आवाजें मंदिर में सुनाई दी। पूरे मंदिर में यह दृश्य देखने लायक था। रंगेश्वर महादेव के भक्त इस अनूठे आयोजन में शामिल हुए। रात्रि 12 बजे आरती हुई। मंदिर परिसर की सजावट देखने लायक थी। बताया गया कि इसकी तैयारी कई दिनों से चल रही थी। सोमवार सुबह 9 बजे बाद किसी को भी मंदिर में जलाभिषेक नहीं करने दिया। यह सिलसिला आज सुबह तक जारी रहा। मंदिर में चिंताहरण महादेव को अमरनाथ में विराजमान शिवजी का रूप दिया गया। कई फुट ऊंची वर्फ पर्वतों का रूप लिए हुए थी। आकर्षक सजावट और चारों ओर डरावने चेहरे देखने लायक थे। कांशी और उज्जैन की तर्ज पर हुई भस्म आरती दर्शनीय थी। इस आयोजन को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखा गया।

## अवैध वसूली से प्रताड़ित रिफाइनरी मजदूर की आत्महत्या को प्रबंधन ने दबाया

**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी में मजदूरों का शोषण एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा बन गया है, जिससे आहत होकर रिफानइरी मजदूर आत्महत्या तक कर रहे हैं, लेकिन इस ओर रिफाइनरी प्रबंधन का बिल्कुल ध्यान नहीं है। अगर हम बात करें तो रिफाइनरी जैसे बड़े औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों को अपनी कठिन स्थिति से जूझते हुए कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसमें वेतनचोरी मुख्य मुद्दों में से एक है। आम समस्याएं जो मजदूरों को झेलनी ही पड़ती हैं। मजदूरों को अक्सर उनके काम के मुकाबले बहुत कम वेतन मिलता है, जो भी मजदूरों को वेतन मिलता है, उसमें से ठेकेदार मजदूरों का गेटपास रिन्यूअल कराने के नाम पर अवैध बसूली करते हैं। जो भी मजदूर अवैध बसूली का विरोध करता है, उस मजदूर का गेट पास ठेकेदार रख लेते हैं और उस मजदूर की जगह पर ढ़ेड़ से दो लाख रूपए लेकर दूसरे किसी मजदूर को रख लिया जाता है। पूर्व में हटाए गए ऐसे काफी रिफाइनरी मजदूर हैं, जिन्हें अवैध बसूली का विरोध करने पर नौकरी से हटा दिया गया और अवैध बसूली से प्रताड़ित होकर रिफाइनरी मजदूर ने आत्महत्या तक कर ली है। अगर मथुरा रिफाइनरी में ऐसी गंभीर समस्याएं मौजूद हैं, तो यह समस्या केवल वहां तक सीमित नहीं है, ऐसे में सरकार और कंपनियों का यह दायित्व भी बनता है कि वे मजदूरों की स्थिति में सुधार लाने के लिए ठोस कदम उठाएं। लेकिन मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल हैं कि उनके राज में वेतन चोरी को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ मजदूरों का शोषण भी चरम सीमापार कर चुका है, रिफाइनरी मजदूर की आत्महत्या पर मामला बढ़ता हुआ देखकर रिफाइनरी प्रबंधन ने पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी को बुलाकर सीजीएम-एचआर अनिल कुमार ने बंद कमरे में गुपचुप तरीके से वार्ता की। मजदूरों में यूनियन लीडर और रिफाइनरी प्रबंधन के बीच हुई गुपचुप वार्ता की चर्चा है कि, रिफाइनरी प्रबंधन ने यूनियन लीडर मधुवन दत्त चतुर्वेदी को ऐसी क्या लॉलीपॉप दी है, जिसकी वजह से यूनियन लीडर ने मजदूर की आत्महत्या के मामले में चुप्पी साधते हुए मजदूरो हितों के लिए किए जा रहे आंदोलन और भूखहड़ताल को पन्द्रह दिनों तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मजदूरों का कहना है कि जो समय रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा यूनियन से मजदूरों की मांगों को पूरा करने के लिए मांगा गया है, वह मजदूरों को गुमराह करने का एक प्रयास है और मजदूर की आत्महत्या पर मजदूरों में उठ रहे उबाल को शांत करने का जरिया है।

## नगर में रामलीला कमेटी गठन पर चंदे को लेकर हो रहीं चर्चाएं

**टूंडला।** नगर में प्रत्येक वर्ष रामलीला कमेटी रामलीला आयोजन और रामबरात निकालने को लेकर नगर के व्यापारियों दुकानदारों और नगर वासियों से लाखों रुपए का चंदा इकठ्ठा करती है। मगर कभी इस चंदे के आय व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया। नगर में एक बार पुनः रामलीला कमेटी का गठन होने पर नगर में प्रत्येक वर्ष इकठ्ठा किए गए चंदे को लेकर चचाएं शुरू हो रही हैं। नगर के लोग चर्चा कर रहे हैं कि पिछले कई वर्षों से कमेटी द्वारा चंदा इकट्ठा किया जा रहा है, वहीं मेला में लगने वाली दुकानों से मोटा पैसा वसूल किया जाता है, जिसमें कितना पैसा कमेटी खर्च करती हैं, कितनी आय दशहरे के मेले से होती है, और उस आय का क्या होता है, कहां किसके पास है, ये सब ब्यौरा कमेटी को सार्वजनिक करना चाहिए। कमेटी के लोग मीडिया में बिना सूचना प्रसारित किए और बिना किसी को सूचना दिए मनमाने तरीके से आपस में ही कमेटी का गठन कर लेते है, जिसकी जानकारी कमेटी गठन होने के बाद लोगों को मालूम पड़ता है। नगर वासियों ने कमेटी से मांग की है कि कमेटी सार्वजनिक रूप से बताए कि क्या कमेटी रजिस्ट्रेट है, हर वर्ष जो लाखों रुपए का चंदा होता है, और दशहरा मेला आदि से जो आय होती है, उसके लिए क्या कमेटी का बैंक अकाउंट है, पिछले कई वर्षों से कमेटी जो पैसा आय कर रही है वह कमेटी के नाम के बैंक अकाउंट में जमा होता है, इन सब का लिखित ब्यौरा कमेटी सार्वजनिक करे। वहीं इस मामले में नगर की मां शारदे सेवा समिति ने नजीर पेश की है, मां शारदे सेवा समिति ने नई कमेटी का गठन करने से पूर्व कमेटी के पिछले आय व्यय का पूरा ब्यौरा मीडिया और नगर के लोगों के सामने पेश किया। रामलीला कमेटी भी पिछले वर्षों के आय व्यय का ब्यौरा नगर के लोगों के सामने सार्वजनिक करे।

## जिलाधिकारी ने किया जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने विकास भवन में स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान डीएम अनुपस्थित मिले, जिसमें दया शंकर अवनीश नीलोफर, सरोज कुमारी आदि अनुपस्थित मिले, जिस पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश दिए, इसके अलावा जिलाधिकारी को शिकायती पत्रावली एवं पंजिका नहीं मिली, जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि उच्च न्यायालय में जो भी लंबित प्रकरण है, उनका समय से शपथ पत्र दाखिल किया जाए, इसके अलावा जिन सचिवों की तीन माह की प्रगति खराब है, उन सचिवों को हटाने की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से करें तथा उन्हें मुख्यालय से सम्बद्ध करें, जिलाधिकारी ने अपर जिला पंचायत राज अधिकारी को अभिलेख और पंजीकरण सुव्यवस्थित न रखने पर चार्जशीट देने की बात कही, साथ ही साथ कार्यालय में रखे गए पुराने अभिलेखों को भी देखा, साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 15वां वित्त आयोग और पांचवा राज्य वित्त आयोग में जो धनराशि खर्च की गई है, उसका ब्योरा उपलब्ध कराये, उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि आप कार्यालय के कार्यों की स्वयं समय-समय पर जांच कर संपूर्ण स्थितियों से अवगत कराये, इस दौरान जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने 4 सट्टेबाजों को किया गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने सट्टे की खाड़ी बाड़ी करने वालों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए, सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक अभियुक्त नईम को पुलिस मुठभेड़ के दौरान व चार अन्य अभियुक्तों को 51620 रुपए पर्चा सट्टा व जुआ सट्टा के अन्य उपकरणों सहित गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में जुआरियों सटोरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने सट्टे की खाड़ी बाड़ी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर बड़ी कार्यवाही की है। थाना शिकोहाबाद प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रुकनपुरा में शकील मास्टर के किराए के मकान पर सट्टे की खाईबाड़ी हो रही है। प्राप्त सूचना के आधार पर शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा मकान की तलाशी ली गई, जिसमें मौके से चार अभियुक्तगण मोनू उर्फ अतीक पुत्र अब्दुल मुखिद खाँ.शादाब पुत्र अजिजुल.फैजान पुत्र असफाक. शहजाद पुत्र मौ0 हारुन को मौके से गिरफ्तार किया गया व मौके से इनके अन्य साथी फरार हो गए। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के कब्जे से 51,620 रुपये नगद सट्टा पर्चे व अन्य सामान बरामद हुआ, इस संबंध में थाना शिकोहाबाद पर सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। वहीं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। इस दौरान शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि सट्टेबाजी मुकदमा से सम्बंधित अभियुक्त नईम पुत्र अलीम अंसारी छैकुर अंडरपास नहर पटरी से स्टेशन की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने उक्त स्थान पर चेकिंग की तो सामने से एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछाकर घेराबंदी की गयी। खुद को घिरता हुआ देखकर उक्त संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सट्टेबाज वांछित अभियुक्त नईम पुत्र अलीम अंसारी के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो जिंदा कारतूस एवं एक खोखा कारतूस बरामद हुए।

# मण्डलायुक्त ने की विप्रा की 107वीं बोर्ड बैठक, रखे गये प्रस्ताव



**मथुरा।** उप्र बृज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में मण्डलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की 107वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्राधिकरण की विगत 106वीं बोर्ड बैठक की पुष्टि की गई। तत्पश्चात बैठक में प्रस्ताव रखे गए। रुक्मणि विहार आवासीय योजना सेक्टर 1 स्थित कम्युनिटी फैसिलिटी भूखंड का भू उपयोग आवासीय में परिवर्तित किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। प्राधिकरण सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि श्रीबांके बिहारी कॉरिडोर वृंदावन परियोजना के शुभारंभ होने पर विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए आवासीय भूखंडों की आवश्यकता पड़ेगी। प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए आयुक्त ने निर्देश दिए कि नियमानुसार भू उपयोग परिवर्तन किया जाए, साथ ही विस्थापित होने वाले परिवारों को नो प्रॉफिट नो लॉस पर भूखंड उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। उप्र विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियों तथा आदर्श जोनिंग रेगुलशन्स 2025 को लागू किए जाने का प्रस्ताव के संबंध में निर्देश दिए गए कि इसमें एक समिति का गठन कर उक्त नियमों के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं और आम जन को क्या लाभ होगा, इसका अध्ययन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। प्राधिकरण की रुक्मणि विहार आवासीय योजना के सेक्टर 3 में टू बीएचके को प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर पुनः पंजीकरण खोले जाने के संबंध में प्रस्ताव रखा गया। उक्त योजना में अभी तक हुए आवंटन की जानकारी लेते हुए समीक्षा की। अवशेष आवास की बिक्री हेतु आवंटन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गयी।

प्राधिकरण की आवासीय योजना ग्राम रहीमपुर तहसील व जिला मथुरा के कतिपय खसरा संख्याओं की भूमि का भू उपयोग मथुरा वृन्दावन मास्टर प्लान 2031 में कृषि से आवासीय एवं नॉलेज पार्क से आवासीय में परिवर्तित करने के संबंध में प्रस्ताव रखा गया। अवगत कराया गया कि उक्त योजना में 50 प्रतिशत से अधिक भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

# डीएम ने नगरपालिकाओं में प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद, नगर पालिका परिषद टूंडला, नगर पालिका परिषद सिरसागंज, नगर पंचायत जसराना नगर पंचायत फरिहा के 15 वित्त आयोग की टाइड एवं अनटाइड ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में अवशेष व प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित कार्य एवं दो प्रतिशत अतिरिक्त स्टांप शुल्क में अवशेष एवं प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित कार्य की समीक्षा की गई, सर्वप्रथम नगर पालिका शिकोहाबाद द्वारा 15 में वित्त आयोग की टाइट ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त में प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित कुछ कार्यों का डीएम ने सहमति दी जबकि कुछ कार्य हेतु एडीएम वित्त राजस्व को निर्देशित किया कि इन कार्यों की जांच करने के उपरांत ही उनकी स्वीकृति दी जाएगी, इन कार्यों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु एक लाख 98 हजार में सीटर मॉड्यूल टॉयलेट का निर्माण एवं एक लाख की धनराशि से नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद की सीमा अंतर्गत व्यवसायिक क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु हरे नीले डस्टबिन अधिष्ठापन का कार्य 4 लाख 82 हजार में शिकोहाबाद के वार्डों में नाले व नालियों में एंटी लारवा छिड़काव हेतु स्प्रे मशीन 17 लाख 40 हजार डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु ई रिक्शा खरीद 88 हजार 500 में नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद में नवनिर्मित गौशाला आवास विकास सेक्टर 3 में 10 नग स्ट्रीट लाइटों के निर्माण हेतु जैसे कार्यों को डीएम ने स्वीकृति प्रदान की, जबकि मोबाइल डस्टबिन कंटेनर जो 1000 लीटर की खरीद की स्वीकृति नहीं प्रदान की, इसी तरह अमृत 2.0 योजना अंतर्गत नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद में 24,7 पेयजल योजना हेतु जिलाधिकारी ने अलग से फाइल पुट अप करने की बात कही। इसी तरह नगर पालिका परिषद टूंडला द्वारा 15 में वित्त आयोग की टाइड ग्रांट की प्रथम एवं द्वितीय किस्त से एक कार्य जो कि नगर की साफ- सफाई हेतु कूड़ा गाड़ी की आपूर्ति को कहा, जिसकी कीमत 8 लाख थी उसकी स्वीकृति प्रदान की, इसी तरह नगर पालिका परिषद सिरसागंज द्वारा 15 वित्त आयोग की टाइट ग्रांट से प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करते हुए कुल 10 कार्य जिसकी लागत 36.73 लाख थी उसकी स्वीकृति प्रदान की, यह समस्त कार्य अपशिष्ट जल प्रबंधन और पेयजल आपूर्ति से संबंधित थे, डीएम ने एडीएम को निर्देशित किया कि पिछले वित्तीय वर्ष में जो भी बड़े नाले बने हैं, उनकी जांच अवश्य करा लें, साथ ही उन्होंने अपर जिला अधिकारी को निर्देशित किया की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जो भी सामान खरीदा जाए उसके लिए 5 साल का डाटा अवश्य मंगा लें, इसी तरह नगर पंचायत जसराना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल आपूर्ति एवं नगर पंचायत जसराना सीमा अंतर्गत लगे इंडिया मार्का हैंडपंप की मरम्मत इत्यादि कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत क।

## केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान में हुई कार्यशाला

**मथुरा।** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम, मथुरा में विश्व बकरी दिवस-2025 के अवसर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास कार्य योजना के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय बकरी पालन से समृद्धि की ओर रहा। इस अवसर पर मथुरा एवं भरतपुर जनपदों के लगभग 250 अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बकरी पालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एसपी सिंह, केंद्रीय मंत्री, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी व पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सोनपाल, निदेशक, दीन दयाल शोध संस्थान, फरह, मथुरा उपस्थित रहे । संस्थान निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने मुख्य अतिथि प्रो. बघेल एवं विशिष्ट अतिथि सोनपाल सहित अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ, पटुका एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

## श्री वरद वल्लभ गणपति मंदिर में भव्य गणेश उत्सव : 101 किलो मोदक के दर्शन करेंगे भक्त

**आगरा।** श्रद्धा और भक्ति के संगम स्थल आगरा-फिरोजाबाद रोड स्थित श्री वरद वल्लभ गणपति मंदिर इस बार गणेश उत्सव की भव्यता का केंद्र बनेगा। गणेश चतुर्थी 27 अगस्त से प्रारंभ होकर 10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में भक्तों को 101 किलो वजनी मेवा मोदक के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा। मंदिर के संस्थापक एवं एनआरएल ग्रुप के चेयरमैन हरिमोहन गर्ग ने बताया कि गणेश उत्सव दक्षिण भारतीय परंपरा और पूजा पद्धति के अनुसार उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न होगा। गणेश चतुर्थी के दिन प्रातः 5 बजे दूध, दही, घी, चंदन और नारियल पानी आदि से श्री वरद वल्लभ गणपति का महा-अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात स्वर्ण श्रृंगार कर गणपति बप्पा गुलाबी आभा में भक्तों को दर्शन देंगे। इसी क्रम में हवन का आयोजन होगा और पूरे दिन मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए खुले रहेंगे। विशाल मोदक की विशेषता यह है कि मंदिर की रसोई में रसोइयों द्वारा इसे मेवे और शुद्ध सामग्री से विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। भक्त इस मोदक के दर्शन पूरे दस दिनों तक कर सकेंगे और उत्सव के अंतिम दिन प्रसाद स्वरूप इसका वितरण किया जाएगा। भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग की जा रही है ताकि किसी भी भक्त को असुविधा न हो। साथ ही पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा द्वारा सजाया जा रहा है।

## रिफाइनरी पुलिस और आबकारी की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय दो तस्कर गिरफ्तार




**मथुरा।** जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग और रिफाइनरी पुलिस की संयुक्त टीम ने बरारी चैकी मोड पर बरारी कस्वा के पास मथुरा दिल्ली हाइवे एनएच 19 पर बीतीरात चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार से 349 बोतल इम्पोर्टेड विदेशी मदिरा बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। यह मदिरा हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही थी। जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह निर्देशन में निरीक्षक सर्किल वन निहान्त यादव, आबकारी (प्र.आ.सिपाही) प्रमोद सिंह, जितेंद्र कुमार, अमित बघेल, सुशील कुमार, सोनवीर और रिफाइनरी पुलिस के वरिष्ठ उ0नि0 हरवीर सिंह थाना रिफाइनरी, उनि अखिलेश अग्निहोत्री रिफाइनरी, कास्टेबिल सुरेश ने बरारी चैकी मोड़ के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक फॉक्सवैगन वेंटो कार को रोका गया। तलाशी में कार से 349 बोतल इंपोर्टेड विदेशी मदिरा बरामद हुई, जिसकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। कार सवार आशीषपाल पुत्र स्व0 नाथपाल निवासी माधोपुर थाना लीलापुर जिला प्रतापगढ, मुकेश कुमार पुत्र सत्येन्द्र नि0 पटेलनगर थाना शास्त्रीनगर जिला पटना बिहार को मौके पर ही दबोच लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों हरियाणा से यह मदिरा लेकर बिहार जा रहे थे। यह भी बताया कि उन्हें 7000 रुपए में पटना ले जाने की जिम्मेदारी मिली थी। पड़ोसी राज्य हरियाणा होने के चलते यहां एक्साइज ड्यूटी काम है इसलिए यहां सस्ती शराब मिलती है यही कारण है कि यहां से भारी मात्रा में शराब की तस्करी की जाती है और बिहार जैसे राज्य में इसकी बड़ी मांग रहती है। इसी का फायदा उठाने के लिए आरोपी अंतरराज्यीय तस्करी में लिप्त थे। आबकारी और पुलिस टीम ने शराब के साथ कार को भी कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना रिफायनरी में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अब पकड़े गए तस्करों से पूछताछ कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाने में जुटी है। जिला आबकारी विभाग ने उपेन्द्र सिंह ने बताया अवैध शराब कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## आगरा में छह महीने के शिशु की कीमत 90 हजार रुपये...

**आगरा।** दिल्ली से अगवा कर बच्चे को 90 हजार में हॉस्पिटल में बेच दिया गया। दिल्ली पुलिस मामले की जांच करती हुई आरोपी तक पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी के साथ हॉस्पिटल संचालक, डॉक्टर और एक नर्स को हिरासत में लिया है। दिल्ली में एक दुकान पर काम करने वाले हलवाई ने सराय काले खां बस स्टैंड से छह महीने के बच्चे को अगवा किया। उसे फतेहाबाद लाकर 90 हजार रुपये में एक हॉस्पिटल में बेच दिया। दिल्ली पुलिस ने सोमवार रात को दबिश देकर पिनाहट से आरोपी हलवाई को गिरफ्तार किया है। हॉस्पिटल से बच्चे को बरामद किया गया है। पुलिस ने हॉस्पिटल संचालक, चिकित्सक सहित सात लोगों को पकड़ा है। टीम बच्चे सहित आरोपियों को दिल्ली ले गई है। नया पुरा, पिनाहट निवासी वीरभान उर्फ वीरू सिंह दिल्ली के सराय काले खां स्थित हलवाई की दुकान पर काम करता था। तीन दिन पूर्व वह बस स्टैंड पर आया। एक यात्री के 6 महीने के बच्चे को उठाकर ले गया। इसके बाद वह फतेहाबाद आ गया। एक निजी हॉस्पिटल में बच्चे को 90 हजार रुपये में बेच दिया। उधर, दिल्ली पुलिस बच्चे की तलाश में लगी थी। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर वीरभान की पहचान हो गई। सोमवार को दिल्ली पुलिस की एक टीम पिनाहट पहुंची। वीरभान व उसकी पत्नी को पकड़ लिया। आरोपी की निशानदेही पर उसके साले और ससुर को भी हिरासत में ले लिया। बाद में फतेहाबाद के अस्पताल में पहुंची। वहां से हॉस्पिटल संचालक, चिकित्सक व नर्स को हिरासत में लिया। इसके बाद टीम बच्चे के साथ सभी आरोपियों को पकड़कर अपने साथ ले गई। डीसीपी पूर्वी जोन अली अब्बास ने बताया कि दिल्ली पुलिस की दबिश की जानकारी मिली है। इस पर थाना पुलिस को लगाया गया है। मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

- **हॉस्पिटल में हुआ बच्चे का सौदा, पुलिस ने डॉक्टर व नर्स को दबोचा**

# नहीं थम रहा रोडवेज रंग में रंगी डग्गेमार बसों का सिलसिला

- **टूंडला रोडवेज बस स्टैंड पर कब्जा जमाए बैठा है, कुल्फी टिक्की वाला जो खुलेआम सरकार को ठेंगा दिखा रहा है**



**टूंडला।** नगर के सुभाष चौराहा से रोजाना दर्जनों रोडवेज कलर में पुती डग्गेमार बसें गुजरती हैं, जो रोडवेज के नाम पर रोजाना विभाग को राजस्व का चूना लगा रही है। चौराहा पर मौजूद यातायात पुलिस खड़े खड़े मूक दर्शक बने इन्हें अपने सामने से गुजरते और सवारियां चढ़ाते उतारते देखते रहती हैं। बता दें आगरा से टूंडला होकर एटा की तरफ व एटा से टूंडला होकर आगरा की तरफ रोजाना दर्जनों रोडवेज कलर में पुती प्राइवेट डग्गेमार बसें टूंडला सुभाष चौराहा पर सवारियां उतारते चढ़ाते गुजरती हैं। जिनमें सवारियां रोडवेज की बस समझ कर बैठ जाती है। जिससे परिवहन विभाग को रोजाना हजारों रुपए की राजस्व की चपत लग रही है। ये डग्गेमार बसें किसके इशारे पर चल रही हैं, परिवहन विभाग व यातायात पुलिस व प्रशासन इन पर क्यों कार्यवाही नहीं कर रहा इस पर मिलीभगत नजर आ रही है। ए आरटीओ फिरोजाबाद से जब इस मामले में इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनको ज्ञात नहीं है, ये डग्गेमार बसें कब गुजरती हैं। वहीं मंगलवार को सुबह एआर टीओ टूंडला सुभाष चौराहा पर रूटीन चेकिंग कर रहे थे, तभी एक डग्गेमार रोडवेज रंग में पुती बस उनके सामने ही चौराहा पर सवारियां चढ़ाते उतारते हुए गुजरी मगर उन्होंने उससे कोई पूछताछ नहीं की और आराम से उसे जाने दिया तभी वहां कुछ पत्रकार पहुंच गए और अपना कैमरा जैसे ही चालू किया एआरटी ओ साहब तुरंत अपनी गाड़ी लेकर वहां से नदारद हो गए। मगर तब तक एआरटीओ साहब की गाड़ी और डग्गेमार बस की फोटो उनके कैमरे में कैद हो गई। एआरटी ओ साहब से जब फोन कर जानकारी करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिससे साफ जाहिर होता है, कि उनकी और विभागीय मिलीभगत से ये अवैध रोडवेज कलर में पुती डग्गेमार बसें संचालित हो रही है। लगता इन डग्गेमार बसों के संचालन में किन्हीं बड़े सफेद पोशों का हाथ है। जिससे प्रशासन द्वारा इन रोडवेज के नाम पर दौड़ रही बसों को रोका नहीं जा रहा। लगता है योगी सरकार में कानून का डंडा सिर्फ छोटे तबके के लोगों पर काम करता है, बड़े लोगों पर नहीं क्यों कि इसी तरह टूंडला में ही एक टिक्की कुल्फी वाला पूरे बस स्टैंड को घेर कर बैठा है, जहां उस टिक्की कुल्फी वाले के प्राइवेट वाहन बस स्टैंड के अंदर खड़े होते हैं, और रोडवेज बसें बस स्टैंड के बाहर से बस स्टैंड में जगह न मिलने की वजह से गुजरती है। कुछ ही बसें बस स्टैंड के अंदर से गुजरती है। प्रशासन उस कुल्फी टिक्की वाले से बस स्टैंड को खाली नहीं करा पा रहा है, जो सरकार को खुलेआम ठेंगा दिखा रहा है।

# सेंसेक्स में 849 अंकों की गिरावट



मुंबई। अमेरिका के भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर एक मसौदा नोटिस जारी करने के बाद मंगलवार को शेयर बाजारों में चौतरफा बिकवाली हुई और प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 849 अंक टूटकर 81,000 अंक से नीचे आ गया। शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों के 5.41 लाख करोड़ रुपये डूब गये। इसके अलावा विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझान ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 849.37 अंक या 1.04 प्रतिशत गिरकर 80,786.54 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 25 शेयर गिरावट के साथ और पांच शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 949.93 अंक या 1.16 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 80,685.98 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत टूटकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 278.15 अंक या 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,689.60 अंक पर आ गया था। रियल्टी, फार्मा, बैंकिंग और धातु शेयरों में बिकवाली का सबसे अधिक असर पड़ा, जबकि एफएमसीजी शेयरों ने मामूली बढ़त के साथ अपेक्षाकृत मजबूती दिखाई। सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी इंडिया, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फेडरल रिजर्व के गवर्नर को बर्खास्त करने के बाद विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने के लिए एक मसौदा आदेश जारी किया है, जिसकी घोषणा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में की थी। यह अतिरिक्त शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। अतिरिक्त शुल्क लागू करने की समयसीमा से पहले सतर्कता के कारण बाजार की धारणा काफी हद तक कमजोर रही, जिसका निर्यात-संवेदनशील क्षेत्रों पर भारी असर पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली, रुपये में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण दबाव और बढ़ गया।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 87.68 पर बंद



मुंबई। अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लागू करने की योजना पर मसौदा नोटिस जारी करने के बाद कमजोर घरेलू बाजारों के चलते मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 87.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि 27 अगस्त से प्रभावी होने वाले भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताओं के कारण रुपये की गति धीमी पड़ गई, जिसके बाद आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग बढ़ी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.74 पर खुला, और फिर दिन में कारोबार के दौरान इसने 87.63 के ऊपरी और 87.80 के निचले स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया 87.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले 12 पैसे की गिरावट है। सोमवार को रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ 87.56 पर बंद हुआ था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क (25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क सहित) 27 अगस्त से लागू होंगे और अगर शांति वार्ता में कोई प्रगति नहीं होती है तो रूस और उसके व्यापारिक साझेदारों पर और अधिक शुल्क लगाए जाएंगे, जिससे कमजोर घरेलू बाजारों के कारण अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया टूट गया। अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लागू करने की योजना का विवरण देते हुए एक मसौदा नोटिस जारी किया है। अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा।

## सेल ने भारतीय नौसेना को दो युद्धपोत के लिए विशेष इस्पात की आपूर्ति की

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. (सेल) ने भारतीय नौसेना के दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8,000 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इन दोनों जहाजों को आज, 26 अगस्त, 2025 को विशाखापत्तनम में आयोजित एक समारोह के दौरान नौसेना में शामिल किया गया। सेल ने भारतीय नौसेना के इन दोनों उन्नत युद्धपोत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी ने अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्र से खास किस्म की इस्पात की चादरें और प्लेट्स बनाईं तथा उन्हें मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) को दिया। रक्षा क्षेत्र के लिए देश को जिस विशेष इस्पात की ज़रूरत होती है, उसे बनाने में सेल ने बड़ी मदद की है। इससे भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हुई है। यह कदम सीधे तौर पर आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसी सरकारी योजनाओं से जुड़ा है। अकेले राउरकेला इस्पात संयंत्र ने टैंक, युद्धपोत और मिसाइल के लिए एक लाख टन से ज़ुयादा विशेष इस्पात दिया है।

# सोना 600 और चांदी 3000 रुपये उछली



नयी दिल्ली। कमजोर रुपये और मजबूत वैश्विक रुझानों के समर्थन से मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार को 1,00,170 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 500 रुपये बढ़कर 1,00,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछली बार 99,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को चांदी की कीमत 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को हटाने के फैसले के बाद निवेशकों द्वारा पारंपरिक सुरक्षित निवेश की तलाश के कारण मंगलवार को सोने की कीमतों में तेजी आई। इस फैसले के कारण केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। गांधी ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम ने फेडरल रिजर्व के नेतृत्व पर ब्याज दरों को जल्द कम करने का अतिरिक्त दबाव डाला है। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 0.37 प्रतिशत बढ़कर 3,378.37 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। हालांकि, हाजिर चांदी 0.21 प्रतिशत गिरकर 38.48 डॉलर प्रति औंस रह गई।

## स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी छूट से 900 करोड़ का नुकसान होगा

बर्धमान। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि अगर स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर माल एवं सेवा कर माफ किया जाता है, तो इससे राज्य के खजाने को हर साल लगभग 900 करोड़ रुपये का नुकसान होगा।



जीएसटी दरों में एक बड़े बदलाव के तहत, स्वास्थ्य बीमा और कई वस्तुओं को जीएसटी से छूट देने का प्रस्ताव, जीएसटी परिषद की अगली बैठक में चर्चा के लिए पेश किया जा सकता है। जीएसटी परिषद की बैठक अगले महीने की शुरुआत में होगी। ममता बनर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी छूट की पहल सबसे पहले पश्चिम बंगाल सरकार ने की थी ताकि आम लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा लेना आसान और सस्ता हो सके। बर्धमान शहर में एक सरकारी कार्यक्रम में बनर्जी ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी माफ करने से बंगाल को 900 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। लेकिन हमें पहले लोगों के बारे में सोचना होगा। हमने इस सुधार की वकालत इसलिए की है ताकि अधिक से अधिक नागरिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठा सकें।

# अमेरिकी शुल्क के बीच निर्यात इकाइयों ने उत्पादन रोका: फियो



नयी दिल्ली। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो ने मंगलवार को भारतीय वस्तुओं पर उच्च अमेरिकी शुल्क पर गंभीर चिंता जताई और कहा कि तिरुपुर, नोएडा तथा सूरत के कपड़ा विनिर्माताओं ने इन भारी शुल्कों के कारण उत्पादन रोक दिया है।

भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क 27 अगस्त से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि इस कदम से भारतीय वस्तुओं का अपने सबसे बड़े निर्यात बाजार में कारोबार बुरी तरह बाधित होगा। उन्होंने इस घटनाक्रम को एक झटका बताया और कहा कि इससे अमेरिका को भारत के निर्यात पर गंभीर असर पड़ सकता है। भारत का ज्यादातर निर्यात अब चीन, वियतनाम, कंबोडिया, फिलिपीन और अन्य दक्षिण-पूर्वी तथा दक्षिण एशियाई देशों की तुलना में कम प्रतिस्पर्धी हो गया है। उन्होंने कहा कि फियो, अमेरिकी सरकार के भारतीय मूल के सामानो पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करता है, जिससे कई निर्यात श्रेणियों पर कुल शुल्क 27 अगस्त, 2025 से 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा।

## भारत के साथ काम करने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के लिए अमेरिका प्रतिबद्ध

नयी दिल्ली। अमेरिकी दूतावास के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं के निर्यात पर भारत के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में अमेरिकी दूतावास के प्रधान वाणिज्यिक अधिकारी जियाबिंग फेंग ने कहा कि इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा और उच्च आर्थिक वृद्धि में मदद मिलेगी। भारत-अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स के तीसरे ऊर्जा शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग वैश्विक ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकता है। फेंग ने कहा कि अमेरिका, भारत के लिए तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन सकता है।

# नयी नीति के तहत निवेशकों को देंगे मुफ्त जमीन 40 करोड़ तक की ब्याज सहायता: नीतीश

पटना। बिहार सरकार ने मंगलवार को एक नई नीति की घोषणा की जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करने वालों को मुफ्त जमीन और 40 करोड़ रुपये तक की ब्याज सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 (बीआईपीपीपी-2025) कृषि प्रधान राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा और अगले पांच वर्ष में करीब एक करोड़ युवाओं को रोजगार प्रदान करेगा। कुमार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, बिहार में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के बाद नए बिहार औद्योगिक निवेश



प्रोत्साहन पैकेज 2025 (बीआईपीपीपी-2025) को लागू किया है। इसके तहत निवेशकों को 40 करोड़ रुपये तक का ब्याज अनुदान दिया जाएगा। कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में नई नीति को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए औद्योगिक पैकेज के तहत निवेश को बढ़ावा देने के लिए निशुल्क भूमि आवंटन किया जाएगा। 100 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली और 1000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 10 एकड़ तक भूमि निशुल्क आवंटित की जाएगी। 1000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 25 एकड़ तक भूमि निशुल्क आवंटित की जाएगी। फॉर्च्यून 500 कंपनियों को 10 एकड़ तक भूमि निशुल्क आवंटित की जाएगी। इस औद्योगिक पैकेज के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए निवेशकों को 31 मार्च 2026 से पहले आवेदन करना होगा। यह नया औद्योगिक पैकेज पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार प्रदान करने में मदद करेगा।

## संक्षेप

### काइनेटिक ग्रीन की आईआईएफएल समस्त फाइनेंस से साझेदारी

पुणे। काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंसलिमिटेड ने आईआईएफएल समस्त फाइनेंस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का लक्ष्य शहरों, छोटे शहरों और गाँवों में ग्राहकों के लिए आसान और किफायती फाइनेसिंग विकल्प देकर इलेक्ट्रिक वाहनों को और सुलभ बनाना है। यह कार्यक्रम त्योहारी सीजन के दौरान सितंबर 2025 से शुरू होगा, ताकिनए वाहनों की बढ़ती मांग का लाभ उठाया जा सके। इस समझौते के तहत, आईएसएफएल काइनेटिक ग्रीन के सभी इलेक्ट्रिक टूव्हीलर एवं थ्रीव्हीलर वाहनों के लिए मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करेगा और 13 राज्यों - बिहार, गुजरात, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल- मेंअपने 370 शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से रिटेल वित्तीय समाधानप्रदान करेगा। इससे शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी पहुंचबढ़ेगी। इस साझेदारी में आईएसएफएल के 2,00,000 से अधिक प्रि-क्वालिफाइडग्राहकों को काइनेटिक ग्रीन के उत्पादों के लिए लक्षित पहुंच शामिल है। इसे संयुक्त मार्केटिंग पहलों और को-ब्रांडेड प्रचार अभियानों का समर्थन मिलेगाताकि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में दृश्यता और वित्तीय सुलभता को बढ़ायाजा सके।

### सेल्विन ट्रेडर्स ने शिवम कॉन्ट्रैक्टिंग के साथ किया एएमयू

अहमदाबाद। कॉर्पोरेशन शिवम कॉन्ट्रैक्टिंग इंक. (एससीआई) के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू के तहत एसटीएल ने संयुक्त राज्य अमेरिका में एससीई की चल रही और भविष्य की परियोजनाओं में भाग लेने के लिए 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 52 करोड़ रुपये) तक का निवेश करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है। दोनों पक्षों के बीच हुए समझौता ज्ञापन की शर्तों के तहत, सेल्विन ट्रेडर्स लिमिटेड शिवम कॉन्ट्रैक्टिंग इंक. में 60 प्रतिशत तक इक्विटी हिस्सेदारी हासिल कर सकता है। एक्विसिझन कंसिडरेशन सेल्विन ट्रेडर्स लिमिटेड द्वारा सहमत दर पर शेयर जारी करके किया जाएगा, जो 18 रुपये प्रति शेयर से कम नहीं होगा।

### एसबीआई कार्ड ने की फ्लिपकार्ट से साझेदारी

बंगलुरू। एसबीआई कार्ड ने भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, फ्लिपकार्ट के साथ मिलकर 'फ्लिपकार्ट एसबीआई क्रेडिट कार्ड' के लॉन्च की घोषणा की। ये इस तरह का पहला और अनोखा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है। फ्लिपकार्ट एसबीआई कार्ड को बड़ी ही सावधानी से कैशबैक के फायदों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि ग्राहकों को उनकी ज्यादातर खरीदारी पर एक बेहतरीन अनुभव मिल सके। एसबीआई कार्ड और फ्लिपकार्ट ग्राहकों को ज्यादा फायदा, सुविधा और क्रेडिट की सुविधा देकर उनके खरीदारी के सफर को और बेहतर बनाने की कोशिश में लगातार जुटे हैं।

### नेटफ्लिक्स की सारे जहाँ से अच्छा सीरीज को मिली सराहना

मुंबई। रिलीज होने के बाद से ही नेटफ्लिक्स की सारे जहाँ से अच्छा सीरीज को उसकी रोमांचक कहानी और जासूसी की अलग तरह की प्रस्तुति के लिए खूब सराहा जा रहा है। दर्शक और आलोचक दोनों ही प्रतीक गांधी के शांत लेकिन दमदार अभिनय की तारीफ कर रहे हैं, जहाँ वे विष्णु का किरदार निभा रहे हैं। विष्णु एक खुफिया अधिकारी है, जो कर्तव्य और नैतिकता के बीच फंसा हुआ है। यह सीरीज जासूसी कहानियों को एक नया नजरिया देती है, जहाँ बड़े खतरे और ड्रामा के साथ-साथ इंसानी कमजोरी और निजी संघर्ष को भी दिखाया गया है। ज्यादातर फिल्मों में दिखाई जाने वाली जासूसों के विपरीत, विष्णु की पहचान उसके किए गए कामों से नहीं, बल्कि उन फैसलों से होती है जो वह नहीं करता, जिन लोगों की वह जान नहीं लेता, जिन नियमों को वह नहीं तोड़ता। उसका जमीर, जिसे अक्सर उसकी नौकरी में कमजोरी समझा जाता है, जोकहानी की असली ताकत बन जाता है। प्रतीक कहते हैं, विष्णु की सबसे बड़ी खासियत उसकी गहरी इंसानियत है। और यही इंसानियत उसे तकलीफ देती है। सीरीज के आखिरी मिशन में भी विष्णु सीधे मैदान में नहीं है; वह एक दूर के लाइटहाउस पर तैनात है।

## पेज एक का शेष

### आईएनएस

करता है। भारतीय नौसेना ने सोमवार देर रात को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दो अत्याधुनिक लड़ाकू जहाज भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हो गए हैं, जो समुद्र में भारत की ताकत को और मजबूत करेंगे।

रक्षा अधिकारियों के मुताबिक उदयगिरि और हिमगिरि, परियोजना 17 (शिवालिक) श्रेणी के मध्यम आकार के अनुवर्ती पोत हैं, और दोनों जहाजों में डिजाइन, स्टील्थ (रडार की पहुंच से बच निकलने की क्षमता), हथियार और सेंसर प्रणालियों में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं, जो गहन समुद्री परिस्थितियों में मिशनों की पूरी श्रृंखला को अंजाम देने में सक्षम हैं। उदयगिरि, प्रोजेक्ट 17ए युद्धपोत का दूसरा जहाज है और इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) द्वारा किया गया है। हिमगिरि, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, कोलकाता द्वारा निर्मित पहला पी17ए जहाज है। दोनों ही युद्धपोत पहले के डिजाइनों की तुलना में बेहद अत्याधुनिक हैं। उदयगिरि को शुरुआत के बाद निर्मित होने वाला अपनी श्रेणी का सबसे तेज जहाज होने का गौरव भी प्राप्त है, जो भारतीय शिपयार्ड द्वारा अपनाई गई मॉड्यूलर निर्माण पद्धति का परिणाम है। करीब 6,700 टन वजनी पी17ए श्रेणी के फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट्स की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत बड़े हैं। इनमें अधिक सुव्यवस्थित संरचना और कम रडार प्रतिबिंब (रडार क्रॉस सेक्शन) जैसी उन्नत विशेषताएं शामिल की गई हैं। इनमें भारतीय निर्माताओं द्वारा विकसित उन्नत हथियारों और सेंसरों को भी शामिल किया गया है। इन पोत के हथियारों के समूह में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, 76 मिमी एमआर तोप और 30 मिमी और 12.7 मिमी क्लोज-इन हथियार प्रणालियों का संयोजन शामिल है।

### माता वैष्णो

बताया जा रहा है, जिससे पुल क्षतिग्रस्त हो गए, सड़क संपर्क मार्ग बाधित हो गया और बड़ा भूभाग जलमग्न हो गया। भारी बारिश के कारण हो रहे नुकसान के बीच लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक कई लोगों के मलबे में दबे होने की भी आशंका है। माता वैष्णो देवी के भवन तक जाने की तीर्थयात्रा उस समय स्थगित कर दी गई, जब अपराह्न करीब तीन बजे पहाड़ की ढलानें ढह गईं और पत्थर, शिलाखंड और चट्टानें तेजी से नीचे गिरने लगीं। अचानक आई आपदा से श्रद्धालु चपेट में आ गए। अधिकारियों ने बताया कि अर्द्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास बचाव अभियान जारी है, जहां अपराह्न करीब तीन बजे भूस्खलन की घटना हुई। उन्होंने बताया कि पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक जाने वाले 12 किलोमीटर के घुमावदार रास्ते के लगभग आधे रास्ते पर यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि भवन तक पहुंचने के दो रास्ते हैं। इनमें से हिमकोटि मार्ग पर यात्रा सुबह ही स्थगित कर दी गई थी, लेकिन अपराह्न 1.30 बजे तक पुराने मार्ग पर यात्रा जारी थी। हालांकि मूसलाधार बारिश के मद्देनजर अगले आदेश तक इस रास्ते से भी यात्रा स्थगित करने का फैसला किया गया।

श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अर्द्धकुंवारी में भूस्खलन की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में पांच लोगों की जान चली गई है और 14 अन्य घायल हो गए हैं। बचाव अभियान जारी है।

### यूपी में बारिश

से प्रभावित हैं। इनमें इनमें वाराणसी, प्रयागराज, औरैया, बहराइच, बांदा, मीरजापुर, कानपुर देहात, चंदौली, फतेहपुर, कानपुर नगर, बाराबंकी, बदायूं, फरुर्खाबाद, गोंडा, हरदोई, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फनगर, शाहजहांपुर और उन्नाव शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 22 जिलों की 43 तहसीलें और 768 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में बाढ़ से 2,52,839 लोग प्रभावित हैं, जिन्हें राहत सहायता प्रदान की गयी है। वहीं बाढ़ की वजह से 33,370 मवेशियों को सुरक्षा स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वहीं बाढ़ से किसी परिवार के मकान को क्षति नहीं पहुंची है। वहीं प्रदेश में 37,279 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में आया है। इन प्रभावित क्षेत्रों में 550 नावों और मोटरबोट्स की सहायता से राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। इन इलाकों में मंगलवार को 6,458 खाद्यान्न पैकेट और 7,143 लंच पैकेट वितरित किये जा चुके हैं।

### यूपी के युवाओं

ने अपनी प्रतिभा और सामर्थ्य से लोहा मनवाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक जिला एक उत्पाद योजना के जरिए परंपरागत उद्यमों को नई पहचान दी गई है। एमएसएमई सेक्टर में 96 लाख यूनिट पुनर्जीवित हुए हैं। कोरोना काल में जब 40 लाख से अधिक प्रवासी कामगार लौटे, तब इन्हीं एमएसएमई यूनिट्स ने 90 प्रतिशत को रोजगार दिया, और वे आज भी उसी व्यवस्था से जुड़े हैं। सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने एमएसएमई यूनिट्स का रजिस्ट्रेशन करवाने वाले उद्यमियों को 5 लाख रुपये का सुरक्षा बीमा कवर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक यूनिट 2 से 10 युवाओं को रोजगार दे रही है, तो लाखों-करोड़ों लोग प्रदेश में सम्मानजनक काम पा रहे हैं। यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रहा है। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परंपरागत कारीगरों और हस्तशिल्पियों को सम्मान देने के लिए ह्वविश्वकर्मा श्रम सम्मानह्व और ह्वपीएम विश्वकर्माह्व योजनाएं लागू की गई हैं। बढ़ई, राजमिस्त्री, लोहार, सोनार, कुम्हार, मोची, नाई जैसे परंपरागत कामगारों को मुफ्त टूलकिट, सस्ता ऋण और ट्रेनिंग दी जा रही है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स

में यह आँकड़ा 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया। मोबाइल उत्पादन 18 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 5.45 लाख करोड़ रुपये और मोबाइल निर्यात 1,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्तर प्रदेश से लगभग 37 हजार करोड़ रुपये का इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर निर्यात किया गया। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रस्तावित नीति का लक्ष्य अगले पाँच वर्षों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन करना और लगभग 10 लाख प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करना है। इससे राज्य की 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में भी महत्त्वपूर्ण योगदान मिलेगा। नीति के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के साथ उत्तर प्रदेश की ओर से टॉप-अप इंसेंटिव दिया जाना चाहिए। इसी तरह पूँजीगत निवेश पर आकर्षक सब्सिडी, अतिरिक्त लाभ, स्टाम्प शुल्क एवं बिजली शुल्क में छूट, ब्याज अनुदान, लॉजिस्टिक्स और संचालन सहायता जैसे प्रावधान शामिल किये जाएं। मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि यदि निवेशक प्रदेश में रोजगार सृजित करता है और प्रदेश के युवाओं को वरीयता देता है तो उसे विशेष प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने कहा कि नीति के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। निवेशकों को एकल विंडो प्रणाली के माध्यम से सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। युवाओं के लिए रोजगार सृजन को उद्योगों की वास्तविक जरूरतों से जोड़ा जाए तथा कौशल विकास कार्यक्रम उसी के अनुरूप संचालित हों। बैठक में यह भी बताया गया कि प्रस्तावित नीति अनुसंधान एवं विकास, नवाचार, कौशल विकास और स्टार्टअप पारिस्थितिकी को प्रोत्साहित करेगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में स्थापित इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स को और सुदृढ़ किया जाएगा। आगामी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर से राज्य को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में और मजबूत स्थिति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट विनिर्माण का वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। यह नीति न केवल विदेशी निवेश आकर्षित करेगी बल्कि आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू मूल्य संवर्धन और विदेशी मुद्रा की बचत में भी सहायक होगी।

### आप नेता

परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप में भारद्वाज, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन, निजी ठेकेदारों और अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। ईडी की कार्वाई पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप ने दावा किया कि भारद्वाज के खिलाफ छापेमारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के बारे में उठाए जा रहे सवालों से ध्यान हटाने का प्रयास है और पार्टी नेता के खिलाफ मामला झूठा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि मामला उस समय का है जब भारद्वाज किसी मंत्री पद पर नहीं थे।

### स्वदेशी हर

की भावी पीढ़ियों के लिए इस स्वदेशी आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 2047 में हम भारत को ऐसा बनाएंगे कि आने वाली पीढ़ियां आपके त्याग एवं योगदान पर गर्व करेंगी। आपकी आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए, आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को साकार करने के लिए, मैं आज अपने देशवासियों को आमंत्रित कर रहा हूं। आइए, हम सब आगे बढ़ें और भारत को एक विकसित देश बनाएं। मोदी ने इस बात का जिक्र भी किया कि 2012 में गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल में मारुति सुजुकी को हंसलपुर में जमीन आवंटित की गई थी। उन्होंने कहा उन दिनों भी मेरे मन में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत का ही दृष्टिकोण था। आज मेक इन इंडिया पहल के लिए एक बड़ा दिन है क्योंकि देश में बने ई-वाहनों का निर्यात 100 देशों में किया जाएगा। दुनिया भारत में बने इलेक्ट्रिक वाहनों को चलाएगी।

### नशे से दूर

न हो सके। ड्रग्स तस्करी में शामिल पाये जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में सीएम ने पुलिस को निर्देश दिए कि शहरों और कस्बों में रात्रिकालीन गश्त को बढ़ाया जाए। साथ ही ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। मुख्यमंत्री धामी ने बैठक में पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके लिए शहरी विकास विभाग को नोडल विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरुगेशन, एपी अंशुमान, गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे।

### सड़क हादसों

पर गलत दिशा में जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 20 से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को हाटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां छह लोगों की हालत गंभीर देख उन्हें कुशीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मथुरा में बच्चों से भरी मैजिक गडढे में गिर गयी जिसमें आधा दर्जन बच्चे घायल हो गये।




# लखनऊ फाल्कन्स ने नोएडा किंग्स को हराया

## यूपी टी20 लीग 2025 : निर्धारित 20 ओवर में नोएडा किंग्स ने 139 रन बनाकर 9 विकेट खोए थे

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश टी20 लीग 2025 का 18वां मुकाबला भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम, लखनऊ में खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में मेजबान लखनऊ फाल्कन्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नोएडा किंग्स को 7 विकेट से पराजित किया। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम ने अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली, वहीं नोएडा की टीम को एक और हार झेलनी पड़ी। नोएडा किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुरूआत टीम के लिए अच्छी नहीं रही और लगातार अंतराल पर विकेट गिरते रहे। लखनऊ के गेंदबाजों ने शानदार लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की, जिससे नोएडा के बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना पाए।

नोएडा की ओर से कुछ छोटे-छोटे साझेदारियां जरूर हुईं, लेकिन कोई भी बल्लेबाज लंबी पारी नहीं खेल सका। निर्धारित 20 ओवर में नोएडा किंग्स ने 139 रन बनाकर 9 विकेट खोए। नोएडा के लिए सबसे ज्यादा रन मध्यक्रम के बल्लेबाज ने बनाए, जिन्होंने संयमित खेल दिखाया। वहीं लखनऊ के गेंदबाजों में तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनरों ने भी कसा हुआ खेल दिखाया और विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ फाल्कन्स की



शुरूआत संतुलित रही। शुरूआती विकेट जल्दी गिरने के बावजूद टीम ने संभलकर बल्लेबाजी की। सबसे बड़ा योगदान रहा समर्थ सिंह का, जिन्होंने बेहतरीन लय में बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों में 55 रन बनाए। उनकी पारी में शानदार चौके और छक्के शामिल रहे, जिसने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। समर्थ को दूसरे छोर से भी अच्छा सहयोग मिला। मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने बिना दबाव लिए रन बटोरे और लक्ष्य की ओर टीम को मजबूती से आगे बढ़ाया।

नतीजतन, लखनऊ ने 18 ओवर में ही 143 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 7 विकेट से अपने नाम कर लिया। मैच का सबसे बड़ा आकर्षण रहा लखनऊ के बल्लेबाजों की संयमित और आत्मविश्वासी बल्लेबाजी। दूसरी ओर नोएडा के गेंदबाज विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में नाकाम साबित हुए। उनकी गेंदबाजी में शुरूआती सफलता तो दिखी, लेकिन मिडिल ओवरों में रन रोकने की रणनीति काम नहीं आई। इस शानदार पारी के लिए समर्थ सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई और टूनामेंट में अपनी लय को भी बरकरार रखा। लखनऊ फाल्कन्स की यह जीत टीम के मनोबल को और ऊँचा करेगी। अंक तालिका में आगे बढ़ने की दौड़ में यह जीत उनके लिए बेहद अहम साबित हो सकती है। वहीं नोएडा किंग्स को अब आने वाले मैचों में वापसी करने के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में सुधार करना होगा। कुल मिलाकर, यह मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। जहां नोएडा किंग्स का संघर्ष दिखाई दिया, वहीं लखनऊ फाल्कन्स ने अपने घरेलू मैदान पर समर्थकों को जीत का तोहफा दिया।

# राइफल निशानेबाज सिफत कौर को एशियाई चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण

शिमकेंट (कजाखस्तान)। ओलंपियन सिफत कौर सामरा ने एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में व्यक्तिगत वर्ग का स्वर्ण जीतने के साथ भारत को टीम स्पर्धा में भी पीला तमगा दिलाया। विश्व रिकॉर्डधारी सामरा ने फाइनल में 459 . 2 स्कोर करके चीन की यांग यूजी (458 . 8) को हराया। वहीं सामरा, अंजुम मुद्गिल और आशी चौकसे की तिकड़ी ने टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारत 20 पदकों (नौ स्वर्ण पदक सहित) के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है। चीन 13 स्वर्ण सहित 24 पदकों के साथ तालिका में शीर्ष पर है। एशियाई चैम्पियनशिप में यह सामरा का चौथा स्वर्ण है।

वह आठ निशानेबाजों के फाइनल में 589 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंची थी। भारत की श्रियांका साडंगी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन वह सिर्फ रैंकिंग अंकों के लिये खेल रही थी लिहाजा सामरा और आशी पहले और चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। सामरा ने नीलिंग में 151 . 0 और प्रोन में 156 . 2 स्कोर किया। स्टैंडिंग एलिमिनेशन दौर में वह चीनी प्रतिद्वंद्वी से 0 . 4 अंक आगे रही। जापान की नोबाता मिसाकी (448 . 2) को कांस्य पदक मिला। आशी 402 . 8 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही। क्वालीफिकेशन में सामरा ने 589 स्कोर किया जबकि आशी का स्कोर 586 और अंजुम का 578 रहा। तीनों ने कुल 1753 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जापान 1750 अंक लेकर दूसरे और दक्षिण कोरिया 1745 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। दो बार की ओलंपियन अंजुम 41 निशानेबाजों में 22वें स्थान पर रही। सोमवार को राष्ट्रीय खेल चैम्पियन नीरू ढांडा ने महिला ट्रैप वर्ग में स्वर्ण जीता था। भारतीय निशानेबाज अनुष्का ठाकुर ने जूनियर महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय पदक जीता। उन्होंने प्राची



गायकवाड़ और माहित संधू के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप और खेलो इंडिया यूथ गेम्स की पदक विजेता 18 वर्षीय अनुष्का ने फाइनल में शानदार 460.7 अंक बनाकर पांच अंकों के बड़े अंतर से जीत हासिल की। दक्षिण कोरिया की ओह सेही ने 455.7 अंक के साथ रजत और उनकी हमवतन सिम योजिन (443.9 अंक) ने कांस्य पदक जीता। आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाले दो अन्य भारतीय संधू और गायकवाड़ क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहे।

## संक्षेप

### बंगाल वारियर्स के कप्तान बने देवांक

कोलकाता। बंगाल वारियर्स ने मंगलवार को प्रो कबड्डी लीग के 12वें सत्र के लिए स्टार रेडर देवांक दलाल को अपना कप्तान बनाने की घोषणा की। अनुभवी डिफेंडर नितेश कुमार डिफेंस कप्तान होंगे। दो करोड़ 20 लाख 50 हजार रुपये के साथ सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने देवांक ने सिर की गंभीर चोट से उबरने के दो साल बाद 11वें सत्र में रिकॉर्ड 301 रेड अंक बनाए थे। पीकेएल के सत्र में 100 टैकल अंक के आंकड़े को पार करने वाले एकमात्र खिलाड़ी नितेश ने अपने करियर में 400 से अधिक टैकल अंक जुटाए हैं और बंगाल की टीम के डिफेंस में अपनी उपयोगिता साबित करते रहे हैं। देवांक ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस मंच पर दोबारा वापसी के लिए मैंने कड़ी मेहनत की है और मैं इसी समर्पण के साथ टीम की अगुआई करना चाहता हूं।

### ग्रैंडस्लैम एकल मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने वोंग

न्यूयॉर्क। इक्कीस वर्ष के कोलमैन वोंग 1968 के बाद से ओपन युग में किसी ग्रैंडस्लैम में एकल मैच जीतने वाले हांगकांग के पहले खिलाड़ी बन गए। वोंग ने अमेरिका के अलेक्जेंडर कोवासेविच को सीधे सेटों में 6 . 4, 7 . 5, 7 . 6 से हराया। जीत के बाद उन्होंने कहा मेरे लिये यह बड़ा पल है। मेरे परिवार और हांगकांग के लोगों के लिये भी। वोंग के आदर्श रफेल नडाल हैं और उनका परिवार स्पेन जा बसा था ताकि वह राफा नडाल अकादमी में प्रशिक्षण ले सकें। वोंग ने कहा यह टूर्नामेंट हर टेनिस खिलाड़ी का सपना है। हर खिलाड़ी यहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहता है। मैं इस लय को कायम रखना चाहता हूं।

### हॉकी एशिया कप में निशुल्क प्रवेश

राजगीर। हॉकी इंडिया ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा। हीरो पुरूष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगे। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है।

### सिनक्यूफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा को संयुक्त बढत

सेंट लुइस। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली।

# सूर्यकुमार यादव के लिए सर्वश्रेष्ठ स्तर पर लौटने का अवसर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अपनी हाल की चोट के बारे में खुलकर बात करते हुए कहा कि यह ब्रेक अगले महीने होने वाले एशिया कप से पहले अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर लौटने का एक मौका था। उन्हें चोट के कारण सर्जरी करानी पड़ी और छह हफ्ते के रिहैबिलिटेशन से गुजरना पड़ा। चौंतीस साल के सूर्यकुमार ने जून में आईपीएल के अंत में पेट के दाहिने निचले हिस्से में समस्या का पता चलने के बाद म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया में हिस्सा लिया। सूर्यकुमार अब पूरी तरह से फिट हो गए हैं और नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप में टीम की अगुवाई करेंगे। बीसीसीआई द्वारा मंगलवार को पोस्ट किए गए एक वीडियो म ।

सूर्यकुमार ने कहा, मैं अभी अच्छा महसूस कर रहा हूं। पांच-छह हफ्ते हो गए हैं। यह एक अच्छी प्रक्रिया है। पिछले छह हफ्तों से अच्छी दिनचर्या है और उम्मीद है कि मैं बहुत अच्छा महसूस करूंगा। उन्होंने कहा रिहैब के दौरान सबसे जरूरी बात यह है कि आपके आस-पास अच्छे लोग हों जो आपका अच्छी तरह से मार्गदर्शन करें और पिछले दो-तीन वर्षों में मैं जब भी मैं रिहैब में था तो मैंने यही किया। मैंने इसे अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर में वापसी करने के अवसर के रूप में देखा। भारतीय टी20 कप्तान ने कहा अगर मैं यहां छह हफ्ते, आठ हफ्ते या 12 हफ्ते के लिए होता तो मैं एक-एक हफ्ते को ध्यान में रखकर योजना बना सकता था। खुद को मानसिक रूप से उस तरह तैयार कर सकता था और बस सुविधाओं का उपयोग करता और सही दिशा में आगे बढ़ सकता था। पहली बार अपनी चोट की गंभीरता का एहसास होने को याद करते हुए सूर्यकुमार ने कहा कि यह समस्या काफी हद तक वैसी ही थी जैसी उन्होंने पहले अनुभव की थी।

सूर्यकुमार ने कहा आईपीएल के अंत के करीब इसका पता चला। मुझे यह महसूस हुआ क्योंकि पिछले साल भी मुझे इसी तरह की चोट लगी थी और इसी से मुझे पता चला। सूर्यकुमार की 2023 में टखने की और 2024 की शुरुआत में स्पोर्ट्स हर्निया की एक और सर्जरी हुई थी। वहीं दूसरी ओर आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप ट्रॉफी टूर ने शहर के सबसे ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों, जैसे राजवाड़ा पैलेस, गांधी हॉल, केंद्रीय संग्रहालय, सिरपुर झील और पितृ पर्वत का भ्रमण करते हुए इंदौर में अपना पड़ाव डाला। तीस सितंबर से शुरू होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के दौरान इंदौर पांच मैचों की मेजबानी करेगा। इस पांच दिवसीय दौरे का एक प्रमुख आकर्षण इंदौर के स्कूलों का दौरा था। छात्रों ने गार्ड ऑफ ऑनर के साथ ट्रॉफी का स्वागत किया। क्रिकेट की थीम वाले खेलों और क्विज में भाग लिया। आईसीसी का टूर्नामेंट से जुड़ा विशेष सामान और उपहार जीते। भारत की अंडर-19 क्रिकेटर आयुषी शुक्ला भी ट्रॉफी के इस दौरे का हिस्सा बनीं। प्रतिष्ठित स्थानों पर कई कार्यक्रमों और मीडिया रोड शो के माध्यम से इस दौरे का उद्देश्य हजारों प्रशंसकों को इस बहुप्रतीक्षित वैश्विक प्रतियोगिता से पहले इस बेशकीमती ट्रॉफी से जुड़ने का अवसर प्रदान करना है। यह टूर भारत और श्रीलंका के चुनिंदा शहरों की यात्रा करेगा और इसका अगला पड़ाव मुंबई होगा। वहीं दूसरी ओर कप्तान जॉन्टी सिद्धू (16 गेंद में 28 रन और छह रन पर दो विकेट) के हरफनमौला खेल और यश ढुल (37 गेंद में 53 रन) की अर्धशतकीय पारी से सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने बारिश से प्रभावित दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी20 मैच में यहां पुरानी दिल्ली 6 को डकवर्थ-लुईस नियम से 104 रन से रौंद कर प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। बारिश के कारण सोमवार को मैच शुरू होने में विलंब हुआ और इसे 18 - 18 ओवर का कर दिया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने पांच विकेट पर 197 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। पुरानी दिल्ली 6 को डकवर्थ लुईस नियम से 15 ओवर में 174 रन का लक्ष्य मिला लेकिन टीम महज 69 रन पर ही आउट हो गयी। इस जीत से सेंट्रल दिल्ली किंग्स के नौ मैच में 13 अंक के साथ तालिका में दूसरे जबकि पुरानी दिल्ली 6 इतने ही मैचों में पांच अंक के साथ आखिरी पायदान पर है। सलामी बल्लेबाज ढुल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक जड़कर पारी को संभाला। उन्होंने युगल सैनी (20 गेंद पर 28) के साथ मिलकर 57 रन की ठोस साझेदारी की। सिद्धू (16 गेंद पर 28) और आदित्य भंडारी (11 गेंद पर 17) ने स्कोर बोर्ड को लगातार चलाए रखा, लेकिन पारी को असली रफ्तार आर्यन राणा की तूफानी बल्लेबाजी से मिली। राणा ने केवल 14 गेंदों पर नाबाद 42 रन बनाकर किंग्स को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। पुरानी दिल्ली 6 के लिए, रजनीश दादर ने अपने चार ओवरों में 40 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली छह की टीम किंग्स के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण के सामने कभी भी टिक नहीं पाई। मनी ग्रेवाल और अरुण पुंडीर ने शुरुआत में ही रुशाल सैनी (0) और समर्थ सेठ को आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद कप्तान वंश बेदी ने 6 गेंदों पर 14 रन की संक्षिप्त पारी खेली, लेकिन उन्हें भी पुंडीर ने चलता किया।

# बैडमिंटन : सिंधू की पहले दौर में संघर्ष पूर्ण जीत

एजेंसी

पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व चैंपियन पी वी सिंधू ने मंगलवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में खराब शुरुआत से उबरते हुए बुल्गारिया की कालोयाना नलबांटोवा को सीधे गेम में हराया। विश्व की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू शुरुआत में थोड़ी असहज नजर आई लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली और अपने आक्रामक खेल का शानदार नजारा पेश करते हुए महिला एकल के अपने पहले दौर के मुकाबले में 69वीं रैंकिंग की बुल्गारियाई खिलाड़ी को 23-21, 21-6 से हराया।

भारत की इस 30 वर्षीय खिलाड़ी को शुरुआत में संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने कुछ गलतियां की जिसके कारण एक समय वह 0-4 से पीछे चल रही थी। नलबांटोवा ने दबाव बनाए रखते हुए 9-5 की बढ़त बना ली थी



और इंटरवल तक वह 11-7 से आगे थी। ब्रेक के बाद सिंधू ने अपनी लय पकड़ी और अपने पसंदीदा क्रॉस-कोर्ट विनर सहित कई स्मैश लगाकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। बुल्गारियाई खिलाड़ी की दो गलतियों ने सिंधू को 14-12 की बढ़त दिला दी, लेकिन दोनों खिलाड़ियों के बीच अंक की अदला-बदली के कारण बढ़त में उतार-चढ़ाव आता रहा। नलबांटोवा के पास 19-20 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाईं। बुल्गारिया की खिलाड़ी को एक और गेम प्वाइंट मिला लेकिन वह इसे भुनाने में भी नाकाम रही। सिंधू ने इसके बाद पहले गेम प्वाइंट पर ही गेम अपने नाम कर दिया।

### क्वितोवा ने टेनिस को अलविदा कहा

न्यूयॉर्क। दो बार की विम्बलडन चैम्पियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आई। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थी। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थी।

# एशियाई खेलों पर टिकी हैं जोशना चिनप्पा की निगाहें

एजेंसी



नयी दिल्ली। अनुभवी स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा 30 की उम्र पार करने के बावजूद खेल में बने रहना चाहती हैं और उनका तात्कालिक लक्ष्य अगले साल होने वाले एशियाई खेल हैं। विश्व की पूर्व नंबर 10 खिलाड़ी जोशना अगले महीने 39 साल की हो जाएगी। वह दीपिका पल्लीकल और सौरव घोषाल के संन्यास लेने के बाद भारतीय स्क्वाश की स्वर्णिम पीढ़ी की अंतिम सक्रिय सदस्य हैं। जोशना ने एचसीएल और भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के मौके पर पीटीआई से कहा, मैं अभी एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान दे रही हूं और इस साल के अंत में कुछ और पीएसए प्रतियोगिताओं में खेलने जा रही हूं। उन्होंने कहा मैं अभी जिंदगी के उस पड़ाव पर हूं जहां मुझे यह देखना पड़ता है कि मेरा शरीर टूर्नामेंट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट है या नहीं। इसलिए मैं चुनिंदा टूर्नामेंट में ही भाग ले रही हूं। खेल से शरीर पर पड़ने वाले असर को देखते हुए जोशना तत्काल और आसानी से हासिल किए जा सकने वाले लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उनमें से एक अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं। उन्होंने कहा एशियाई खेल निश्चित रूप से मेरे दिमाग में हैं। लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि मैं अन्य टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन करती हूं क्योंकि मुझे ट्रायल्स से भी गुजरना पड़ सकता है। लेकिन निश्चित तौर पर मैं एशियाई खेलों को ध्यान में रखकर तैयारी कर रही हूं। स्क्वाश का 2028 लॉस एंजिलिस खेलों में ओलंपिक में पदार्पण होना तय है, लेकिन जोशना इतनी दूर की नहीं सोच रही हैं। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं अभी ओलंपिक के बारे में नहीं सोच रही हूं। अभी मैं केवल अपने खेल का पूरा आनंद ले रही हूं और चुनिंदा टूर्नामेंट में ही खेल रही हूं।

### आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीस पहले दौर में हारी

न्यूयॉर्क। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज दूसरे दौर में पहुंच गए। छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किये जिसकी वजह से उन्हें 7 . 6, 6 . 7, 5 . 6 से पराजय का सामना करना पड़ा। हार के बाद उन्होंने कहा, पहली बार मैं काफी नर्वस महसूस कर रही थी। आज मैने कई गलतियां की , खराब फैसले लिये और फुटवर्क भी अच्छा नहीं था। स्पेन के अल्काराज ने रीली ओपेल्का को 6 . 4, 7 . 5, 6 . 4 से हराया। अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स दो साल में पहला ग्रैंडस्लैम मैच हार गई जिन्हें 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन मुचोवा ने 6 .3, 2 .6, 6 .1 से मात दी।

# अनुभव सचान ने पोलो चैंपियनशिप में रचा इतिहास

- पोलो टाइम्स मैगजीन ने सराहा भारतीय युवा का जज्बा, 2025 एसयूपीए नेशनल्स में वारविक बी3 टीम की शानदार जीत
- शून्य अनुभव से चैंपियन तक: अनुभव सचान ने ऑक्सफोर्ड–डर्हम जैसी टीमों को पछाड़ते हुए दिलाया खिताब
- यूके यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप जीतने वाले पहले खिलाड़ी
- कानपुर से वारविक तक: अनुभव सचान की मेहनत ने दिलाया ब्रिटेन के प्रतिष्ठित पोलो खिताब में वारविक टीम को विजय

लखनऊ। भारत के युवा खिलाड़ी अनुभव सचान ने यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक की टीम के साथ इतिहास रचा है। वे यूनाइटेड किंगडम यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप में वारविक की इ3 टीम के साथ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। यह उपलब्धि ब्रिटेन के प्रतिष्ठित पोलो टाइम्स मैगजीन के 2025 संस्करण में भी दर्ज हुई है।

कानपुर में जन्मे अनुभव सचान का घोड़ों से जुड़ाव किसी आलीशान पोलो मैदान से नहीं, बल्कि लखनऊ



रेसकोर्स से शुरू हुआ, जहाँ उन्होंने पहली बार घुड़सवारी सीखी। यह शुरूआती लगाव उन्हें ब्रिटेन के प्रतिष्ठित पोलो मैदानों तक ले आया। उन्होंने अपनी शिक्षा 'द सिंधिया स्कूल' से प्राप्त की, जहाँ वे डेप्युटी हेड बॉय, डिबेटिंग सोसायटी के सचिव और फुटबॉल टीम के सदस्य रहे। वर्तमान में वे यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक में फि लॉसफी, पॉलिटिक्स और इकोनॉमिक्स के विद्यार्थी हैं और वारविक कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में राजनीति, नीति निर्माण और वैश्विक विषयों पर छात्र-नेतृत्व वाले संवाद का संचालन करते हैं।

पोलो की दुनिया में उनका प्रवेश भी अनोखा रहा। जब उन्होंने वारविक पोलो क्लब जॉइन किया, तब उनके पास पोलो का कोई अनुभव नहीं था। पढ़ाई के दबाव और कठिन प्रशिक्षण के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं था, लेकिन निरंतर अभ्यास और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई। 2025 के रवढअ नेशनल्स में उनकी टीम ने डर्हम, ऑक्सफोर्ड और नॉटिंघम जैसी मजबूत टीमों को मात दी। अनुभव का कहना है कि पोलो उनके लिए केवल खेल नहीं, बल्कि धैर्य, टीमवर्क और नेतृत्व का विद्यालय है। वे कहते हैं मेरे लिए यह हमेशा जीतने से ज्यादा सीखने और बेहतर बनने की बात रही है। घोड़े के साथ जुड़ाव, टीम के साथ तालमेल और खेल का अनुशासन आपको धैर्य और आत्मविश्वास सिखाता है।




## सीमाओं पर साजिशन बदली जा रही जनसांख्यिकी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन एक सोची समझी साजिश के तहत हो रहा है और वे देश और इसकी सीमाओं की सुरक्षा को सीधे प्रभावित करते हैं। शाह ने सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारियों से अवैध धार्मिक अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्वाई करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सीमाओं से कम से कम 30 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए। उन्होंने समुद्री और स्थलीय सीमाओं पर कई अतिक्रमण को हटाने में सराहनीय कार्यें करने के लिए गुजरात सरकार की प्रशंसा की। यहां दो दिवसीय वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वीवीपी तीन प्रमुख बिंदुओं पर आधारित है ।
















Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com